ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 30 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-343 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

संजय दत्त का सेंस ऑफ ह्यूमर 'अनरियल' है ... पेज 10 पर

गागर में सागर

लूट और हत्या के प्रयास मामले में विधायक प्रदीप यादव समेत 11 बरी

दुमका। अदाणी पावर प्लांट के विरोध में धरना देने, एक रैयत के साथ मारपीट, हत्या का प्रयास और दुकान में लूटपाट के आरोपी कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव समेत 11 को अदालत ने शुक्रवार को बरी कर दिया। तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने साक्ष्य के अभाव और छह गवाह के दर्ज बयान के आधार पर यह फैसला सुनाया। विधि सलाहकार पारस सिन्हा ने बताया कि 21 अप्रैल 17 को पोड़ैयाहाट थाना में मामला दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि विधायक के इशारे पर उनके समर्थकों ने मना करने के बाद पावर प्लांट को जमीन देने पर मारपीट की। हालांकि जिस समय मारपीट की यह घटना हुई, उस समय विधायक धरना पर बैठे थे। उन्हें साजिश रचने का आरोपी बनाया गया था।

झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को बुलाई गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जानकारी दी गई है कि दोपहर दो बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी कई अहम योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

व्यापारी से लूट का खुलासा, छह गिरफ्तार

रांची। शहर की डेली मार्केट थाना पुलिस ने व्यापारी से 35 लाख के लूटकांड का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें श्याम सुंदर जालान, धीरज जलान, हर्ष गुप्ता उर्फ निशु गुप्ता, सचित साहू उर्फ डीके, अरुण कुमार भुईंया और सुनील कुमार महतो शामिल हैं। इनके पास से लूट का 20 लाख 10 हजार रुपये, एक कार, 15 बाइक, दो स्कूटी, छह मोबाइल, चार बैंक बाउचर और दो वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है।

दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा 5 को

रांची। अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित अमित सिन्हा को शुक्रवार को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए पांच अक्टूबर की तिथि तय की है। आरोपि अमित सिन्हा पंडरा के वृंदावन कॉलोनी रवि स्टील निवासी राजेश सिन्हा का पुत्र है। मामले में सहायक लोक अभियोजक श्याम चौधरी ने 10 गवाहों की गवाही दर्ज करायी। मामला वर्ष 2018 का है।

बासुकीनाथ पूजा करने जा रहे बाइक सवार दंपती की दुर्घटना में मौत

दुमका। हंसडीहा थाना क्षेत्र हंसडीहा-भागलपुर मुख्य मार्ग पर बनियारा गांव के समीप बाइक से बासुकीनाथ पूजा करने जाने के दौरान पिकअप के धक्के से बिहार के एक दंपती की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के बौसी थाना क्षेत्र के रांगा गांव निवासी श्रवण लाल (40) और उसकी पत्नी पार्वती देवी (35) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दंपती अपने अन्य दो रिश्तेदार जो एक अन्य बाइक पर सवार थे के साथ बासुकीनाथ पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान बनियारा गांव के समीप एक तेज रफ़्तार पिकअप ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जीतेन्द्र साहू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे में माता-पिता की मौत के बाद तीन नाबालिग अनाथ हो गए। तीनों नाबालिग में सबसे बड़ी बहन सुनैना कुमारी (16), भाई राजेश कुमार (13) एवं चांदनी कुमारी (11) शामिल है।

विधायक समरी लाल के जाति प्रमाणपत्र मामले की सुनवाई तीन अक्टूबर को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट कर रही है लेकिन यह रेगुलर बेंच शुक्रवार को अवेलेबल नहीं थी, जिस कारण हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच संबंधी प्रक्रिया को रोकने से किया इनकार कर दिया था। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि राज्य जाति छानबीन समिति कांके विधायक समरीलाल के मामले में जांच जारी रहेगी लेकिन अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी।

हथियार के साथ जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड के छिपादोहार थाना क्षेत्र से लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के मार्गदर्शन में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजे एमपी के एरिया कमांडर रितेश सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। इस संबंध में शुक्रवार को छिपादोहार थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। एसडीपीओ दिलु लोहार ने प्रेस वार्ता में बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक को जानकारी मिली कि क्षेत्र के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजे एमपी के एरिया कमांडर रितेश सिंह पिता स्व सीता राम सिंह अपने घर छिपादोहर आया हुआ है। पुलिस कप्तान के मार्गदर्शन पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी जल्द द्वारा रितेश सिंह एरिया कमांडर को उसके छिपादोहर स्थित भट्टी मोहल्ला से गिरफ्तार किया गया। उसके पास मैगजीन भरा हुआ कारबाइन एवं 9 एम की दो कारतूस बरामद की गई। एसडीपीओ लोहार ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर पर छिपादोहर में आर्म्स एक्ट 17 सीएल, बरवाडीह थाना समेत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत, तीन घायल

बारियातु। थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत रूद ग्राम में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक अमर भुईयां, पिता सोमर भुईयां, सुलेखा कुमारी, पिता विष्णू भुईयां, सरस्वती कुमारी, पिता अंतू भुईयां और ग्राम चाया बोधाडीह थाना कुंदा चतरा निवासी संतोष भुईयां के दस वर्षीय पुत्र श्रवण भुइंया सभी बकरी चराने गए थे। आचनक मौसम का मिजाज बदल गया और बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए पेड़ के पास चारों बच्चे चले गए। इसी दौरान आचनक वज्रपात हो गई, जिससे चारों बच्चे घायल हो गए। श्रवण भुईयां की स्थित नाजुक बन गई। ग्रामीणों ने देसी उपचार के उद्देश्य से श्रवण के शरीर पर गोबर का लेप लगाया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना है : मंत्री सत्यानंद भोक्ता

पलामू के सगालीम में कौशल उत्सव कार्यक्रम में मंच गिरने से बाल- बाल बचे मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

पांकी/सगालीम। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सगालीम में अचानक मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यक्रम का मंच गिर गया। मंच गिरने से मंत्री सत्यानंद भोक्ता बाल बाल बच गए। मंच गिरने से कुछ देर तक कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बता दें कि पांकी के सगालीम में कौशल उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता मंच पर मौजूद थे। मंत्री के साथ पांकी प्रखंड के बीडीओ सह सीओ राज कुंवर सिंह समेत कई अधिकारी और नेता मंच पर एक साथ बैठे हुए थे। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के छात्राएं स्वागत गीत गा रहे थे। इस दौरान अचानक मंच टूट गया। जिसके कारण मंच गिरने लगा। आसपास के लोगों ने गिरते हुए मंच को किसी तरह संभाले, ताकि इस घटना में किसी को चोट नहीं लगे। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य कई लोगों को मंच से बाहर सुरक्षित निकाला। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम हेमंत ने अधिकारियों के साथ मानव तस्करी को लेकर की बैठक, बोले

हर हाल में ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर रोक लगाएं अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पर रोक लगाने के संबंध में पुलिस विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) राज्य में एक गंभीर समस्या बन रहा है। इसके रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग, एनजीओ तथा सामाजिक संस्थाओं को बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव तस्करी जैसे कार्यों में अनेक आपराधिक तत्व इस संगठित अपराध में लिप्त रहते हैं, ऐसे तत्वों की धर-पकड़ के साथ-साथ आम जनता को भी इस दिशा में सजग और सावधान बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

श्रमिकों के हित के लिए बेहतर कार्य योजना बनाएं : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के वैसे प्रवासी श्रमिक या मजदूर जो रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन करते हैं, उनके हित के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। एक ऐसा मेकेनिज्म तैयार करें, जिसमें राज्य सरकार की ओर से उन श्रमिकों को इंसेंटिव मिले तथा उनका सारा डाटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रह सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पंचायत एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मानव तस्करी से संबंधित सूचना तंत्र को मजबूत करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत झारखंड महिला विकास समिति के तहत वूमेन ट्रैफिकिंग से संबंधित रोकथाम एवं पुनर्वास के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में एकीकृत पुनर्वास-सह-संसाधन केंद्र, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना, स्वाधार गृह योजना/उज्ज्वला योजना (शक्ति सदन) सहित अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ह्यूमन ट्रैफिकिंग के पुराने व लंबित मामलों की निरंतर समीक्षा करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि झारखंड के चौबीसों जिलों में एक कंबाइंड बिल्डिंग बनायी जाए, जहां एसटी-एससी थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, साइबर थाना एवं महिला थाना 24X7 कार्यरत हो सके। संबंधित विभाग कंबाइंड भवन का डीपीआर तैयार कर अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित पुराने एवं लम्बित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राज्यपाल व सीएम ने शहीद हुए जवान को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को सेक्टर-2 धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर चाईबासा के टोंटो क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में बलिदान हुए सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ईश्वर से दिवंगत हुए शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को नक्सल से मुक्त करने के लिए हमारे बहादुर जवान राजेश कुमार ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनका बलिदान पूरा राज्य सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल मुक्त झारखंड की मुहिम और मिशन में हमारे कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। नक्सल मुक्त अभियान का मिशन जरूर कामयाब होगा। हम सभी को पुलिस जवानों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवान राजेश कुमार के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिजनों को इस दुःख एवं विकट परिस्थिति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित टोंटो थाना के सरजामबुरू क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश कुमार वीरगति को प्राप्त हुए। जवान राजेश कुमार ग्राम रेवाली, जिला गरियाबंद, छत्तीसगढ़ के निवासी थे।

मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद कांस्टेबल जवान राजेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

पलामू : सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, दो गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के जपला - छतरपुर मुख्य पथ के झारगड़ा मोड़ से शामुडीह वीर कुंवर के समीप गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मरने वालों में दिलीप कुमार (26) शशि कुमार (19) शामिल हैं। वहीं सचिन कुमार सिंह (21) और अक्षय कुमार (19) का इलाज सदर अस्पताल मेदिनीनगर में चल रहा है। सड़क दुर्घटना में दिलीप की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं शशि को घायल अवस्था में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। गंभीर रूप से घायल सचिन और अक्षय को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

एक ही बाइक पर सावर थे चारो : पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन के बाइक में धक्का लगने से घटना घटी है। बताया जाता है कि सभी युवक एक ही बाइक पर जपला से डिज्नीलैंड मेला देखकर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच घटना घटी।

तारा शाहदेव मामले में आज आएगा फैसला

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पूर्व नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण से जुड़े आठ वर्ष पुराने मामले में 30 सितम्बर को फैसला आयेगा। इस मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और झारखंड हाइ कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद ट्रायल फेस कर रहे हैं। मामले में आरोपियों के खिलाफ तीन जुलाई 2018 को अदालत ने आरोप का गठन किया था। सीबीआई की ओर से 26 गवाहों का बयान कलमबद्ध कराया गया। आरोप है कि विवाह के बाद से ही तारा शाहदेव के साथ पति रकीबुल द्वारा मारपीट की जाने लगी थी और धर्म बदलने का दबाव डाला जा रहा था।

विश्रामपुर में इलाज के दौरान बच्ची की मौत पर आयुक्त आग बबूला

कहा, अवैध अस्पतालों के लिए चिकित्सा पदाधिकारी होंगे जिम्मेवार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने जिले में अवैध नर्सिंग होम एवं क्लिनिक के संचालन पर रोक लगाते हुए संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का सख्त निर्देश पलामू के सिविल सर्जन को दिया है। उन्होंने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया है। कहा है कि पंजीकृत नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों में तैनात चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की शैक्षणिक स्तर एवं अनुभव की भी जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने लिंग जांच पर भी रोक लगाने का सख्त निदेश दिया। आयुक्त ने गत दिनों विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के एक नर्सिंग होम में इंजेक्शन देने के बाद बच्ची की हुई मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह को तत्काल इस मामले की गहन जांच कर संचालक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया है। वहीं कहा है कि लिंग जांच में संलिप्त अल्ट्रासाउंड संचालकों एवं संबंधित चिकित्सकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह का बयान दर्ज

रांची। अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग के केस में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह का बयान दर्ज करवाया गया। ईडी ने रेलवे के अधिकारी पवन कुमार की गवाही दर्ज करवाई। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह पंकज मिश्रा को नहीं पहचानते। शुरूआत में साहिबगंज से रेल से पत्थर की ढुलाई होती थी लेकिन उसके लिए कोई चालान नहीं लिया जाता था लेकिन बाद में रेलवे से ट्रांसपोर्ट होने वाले पत्थर के लिए चालान लिया जाने लगा। पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपति नाथ इस केस में आरोपित हैं। पंकज मिश्रा के अधिवक्ता ने ईडी के गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन (प्रतिप्रेक्षण) किया।

पश्चिम बंगाल से अपहृत युवक को अपहर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया

महज 4 घंटों के अंदर पुलिस ने सफल कार्रवाई को दिया अंजाम

जामताड़ा। पश्चिम बंगाल के सालानपुर थाना क्षेत्र के जिमरी गांव से किडनैप हुए एक युवक को बंगाल पुलिस एवं जामताड़ा नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सकुशल जामताड़ा थाना क्षेत्र के पास से बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार जिमरी गांव के रहने वाले किशन गोराई को करीब 11:00 बजे हथियारों से लैस 4 अपराधियों नेअपहरण कर लिया था। इसकी सूचना मिलने के बाद परिजनों के द्वारा सालानपुर थाने को इस मामले की सूचना दी गई। वहीं सालंपुर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर पता किया तो जामताड़ा का लोकेशन ट्रेस हुआ। मामले को लेकर पश्चिम बंगाल पुलिस के वरीय पदाधिकारियों ने पुलिस कप्तान जामताड़ा अनिमेष नैथानी को मामले से अवगत कराया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कप्तान के निर्देश पर जामताड़ा नगर थाना और पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ जॉइंट ऑपरेशन कर पुलिस ने छापेमारी की और तब किसी तरह पीड़ित को बरामद किया गया। हालांकि पुलिस दबिश के कारण चारों बदमाश मौके से फरार हो गये। इधर पुलिस अपराधियों को पकड़ने के अभियान में जुट गयी है।

स्वास्थ्य प्रणालियों को खतरों से बचाने की कवायद

साइबर हमले रोकेगा आईआईएम का मॉडल

नई दिल्ली। आईआईएम लखनऊ ने विश्व स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियों को साइबर खतरों से बचाने के लिए एक मॉडल विकसित किया है। यह 'हेल्थकेयर साइबर जोखिम मूल्यांकन मॉडल' साइबर हमलों के जोखिमों का मूल्यांकन करता है। उन्हें कम करता है, जिससे रोगी के डेटा की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित होती है।

डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड में सरकारी आईडी (आधार, मेडिकल हिस्ट्री, वित्त और बीमा, बैंक विवरण) जैसी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी होती है। इसका उपयोग साइबर अपराधी पहचान की चोरी और धोखाधड़ी के लिए कर सकते हैं। दुर्भाग्य से, दुनिया भर में कई स्वास्थ्य सेवा संगठनों में साइबर सुरक्षा उपायों की कमी है, जिससे वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। आईआईएम लखनऊ स्थित प्रोफेसर अरुणाभा मुखोपाध्याय के नेतृत्व में अनुसंधान दल ने यह प्रणाली विकसित की है। संस्थान का मानना है कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों में डेटा की बढ़ती जटिलता और संवेदनशीलता ने साइबर हमलों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। खासकर जबसे कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल डेटा पर स्वास्थ्य क्षेत्र की निर्भरता बढ़ी है। आईआईएम टीम का लक्ष्य उन कमजोर बिंदुओं से निपटना है, जिनका फायदा हैकर्स उठाते हैं। हेल्थकेयर साइबर जोखिम मूल्यांकन मॉडल का विवरण समझाते हुए, प्रोफेसर मुखोपाध्याय ने कहा, हमारे जोखिम मूल्यांकन और परिमाणीकरण मॉडल ने हमें 1788 अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा फर्मों को 'हीट मैट्रिक्स' पर समूहित करने में मदद की है जो साइबर हमले की संभावना और इसकी संभावित गंभीरता को दर्शाता है। इससे हमें स्पष्ट तस्वीर मिलती है कि कंपनियां साइबर खतरों से निपटने के लिए कितनी तैयार हैं। हम जोखिमों से निपटने के लिए एक योजना भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए जल्द ही एक बड़ा प्लान लाया जाएगा। हमें यकीन है जल्द ही झारखंड से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। राज्यपाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वे लगातार एक-दूसरे से इस बारे में सलाह-मशविरा कर रहे हैं।

झारखंड के कई इलाके नक्सलियों के गढ़ माने जाते हैं। आज भी गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिलों समेत राज्य के सीमांत क्षेत्रों में नक्सलियों का खौफ बना रहता है। हालांकि, पहले की तुलना में झारखंड में अब नक्सलवाद काफी कम हुआ है लेकिन इसे खत्म नहीं किया जा सका है। राज्य के इन इलाकों को नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए केंद्र और राज्य की सरकारें कई सालों से प्रयासरत रही हैं।

वर्तमान की हेमंत सोरेन भी इस दिशा में काफी काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सरकार राज्य के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो झारखंड में नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ पहुंचे। झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त करने और नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हेमंत सरकार आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति लेकर आई। कई दुर्दांत नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

गागर में सागर

20 सूत्री की मासिक बैठक में उठे कई सवाल

पाटन । 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन की मासिक बैठक में प्रखण्ड सभागार में 20 सूत्री अध्यक्ष रामानन्द पांडेय के अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिकांश विभाग के पदाधिकारी बैठक में अपने बजाय सविदा पर नियुक्त कार्यालय कर्मी को भेजे जिंसके कारण पूर्व बैठक में लाया गया प्रस्तावों पर करवाई क्या हुआ समीक्षा नही हो पाया। बीडीओ मनोज तिवारी ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने की बात बताया। बैठक में पूर्व प्रस्ताव की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में अगस्त माह के सरकारी राशन प्रखण्ड अंतर्गत कार्ड धारियों नही मिलने तथा दो माह के अगूंठा लगवाकर एक माह के राशन वितरण की मामला पुरजोर उठाया। एजीएम सुनील कुमार ने बताया की सितम्बर-अगस्त माह की राशन सभी पीडीएस दुकानों में भेजा गया है। बीडीओ ने सदस्यों को चिन्हित कर पीडीएस विक्रेताओं को सूची देने को कहा ताकि संयुक्त जाँच किया जा सके। बैठक में आगनबाड़ी केंद्र बन्द रहने, फर्जी आंकड़ा भेजकर पोषण आहार की कालाबजारी करने, साबित्री बाई फुले किशोरी के फॉर्म भरने में नजायज वसूली , आयुष्मान कार्ड बनाने में एक एक सौ लेने की मामला उठाया गया। बैठक में बीडीओ ने बताया की शिकायतों स्व सबंधित लिखित आवेदन के उपरांत करवाई एवं जाँच किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, सीडीपीओ कुमारी अनिता, जीपीएस कामेश्वर महतो, बीपीओ निर्मलकान्त ठाकुर, पीएम आवास समन्वयक शिवम जायसवाल, आदि उपस्थित थे।

आज पंचमुखी मंदिर परिसर में शौर्य जागरण रथ का होगा आगमन

विश्रामपुर। नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर परिसर में 30 सितंबर को शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन होगा। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने आज पंचमुखी मंदिर के वैदिक मंच पर प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर नगर परिषद मुख्यालय में 30 सितंबर दिन शनिवार को सुबह 8:30 बजे शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन होगा। यह स्थानीय बस पड़ाव स्थित हनुमान मंदिर के पास विशेष पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण करते हुए पंचमुखी मंदिर प्रांगण में पहुंचेगा। जहां एक भव्य धर्म सभा का आयोजन किया जायेगा।पंकज लाल ने बताया इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी सहित कई संत व धर्मप्रेमी भी साथ मौजूद रहेंगे।उन्होंने नगरवासी से इस कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने की अपील की। प्रेसवार्ता में विक्रमादित्य बक्सराय उर्फ मुनु,अमितेश्वर दयाल,राजकुमार मेहता,संतोष गुप्ता,मोनू बक्सराय,विकास गुप्ता,राजकुमार ठाकुर सहित विश्व हिंदू परिषद,आरएसएस व बजरंग दल के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्वच्छता पखवाड़ा समारोह में छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

हरिहरगंज। हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा नपं के सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा के संबंध में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन बीते 22 सितंबर को किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्राओं को समारोह पूर्वक 29 सितंबर को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक तथा छात्राओं के मध्य नपं द्वारा प्रतियोगिता में वर्ग नवम के प्रथम नेहा कुमारी, द्वितीय तनीषा कुमारी एवं तृतीय चांदनी कुमारी तथा वर्ग दशम के प्रथम कुशवाहा प्रिया कुमारी, द्वितीय तृषा कुमारी एवं तृतीय रिया पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह ,सहायक शिक्षक रंजीत सिंह, नजीर मोहम्मद अलीम, प्रधान सहायक सरजू बैगा के अलावे विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं शामिल थे।

मुख्य पथ की जर्जर हालत को देखते हुए नो रोड-नो वोट का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण पंसा-हैदरनगर मुख्य पथ की जर्जर हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने कई पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शुक्रवार को तारा के राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय में बैठक की है। इसमें नो रोड-नो वोट का संकल्प लिया गया है। साथ ही आंदोलनात्मक कार्रवाई के संचालन के लिए 25 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अबू नसर सिद्दीकी, अश्विनी कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह ,नगीना सिंह , विजय कुशवाहा , तेशाम अली , शादाब खान, शुभम सिंह, रेयमल पासवान , गुड्डू सिंह, परवेज आलम , गुप्तेश्वर पांडेय, मुमताज खान , अली असगर, अशोक सिंह ,मोजिब खान उर्फ गुड्डू खान ,नागेंद्र मेहता , अभिषेक सिंह ,उपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, सत्येंद्र सिंह, भारत सिंह , डॉ. एजाज अंसारी, अमीर हसन , मालदेव मेहता ,संजीव पांडेय , शादाब खान और रामबली सिंह को शामिल किया गया है। बैठक में कई गांवों के काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया जाना सरकार और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का परिचायक है। ऐसी स्थिति में उनके कानों तक ग्रामीणों की आवाज को पहुंचाने के लिए बैठक में 2 अक्टूबर को शांतिपूर्वक मानव श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया गया। नुक्कड़ सभा के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस सड़क का पुनर्निर्माण कराने को लेकर राज्य सरकार, केंद्र सरकार, विधायक और मंत्री को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया।

सीएचसी परिसर में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का आयोजन

532 मरीजों को जांच कर दी गई निःशुल्क दवा

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। विश्रामपुर सीएचसी परिसर में शुक्रवार को आयुष्मान भवः प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का शुभा आरंभ किया। वहीं संचालन एमपीडब्ल्यू मिथिलेश दूबे ने किया। प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की स्वास्थ्य मेला में कुल 532 मरीजों का सफल इलाज किया गया। जिन्हे जॉच कर मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं मेला में मौजूद विभिन्न रोगियों को इलाज कर रहे मेडिकल टीम में जिले से आए चिकित्सकों में मुख्य रूप से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एसके गिरी,हड्डी एवम नस रोग विशेषज्ञ डॉ. हरी ओम,त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहल,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सीरील का नाम शामिल है। मौके पर पूर्व चिकित्सा

प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेला पूर्ति,डॉ एमएम प्रसाद, डॉ दिनेश सिंह, डॉ आरएस सिंह डॉ नेहा पांडेय, डॉ मनोज थॉमस, डॉ मनोज कुमार, विनोद तिवारी, बैम पंकज सिंह,बीडीएम रवी कुमार, बीटीटी अनिता कुमारी, एमपीडब्ल्यू उपेन्द्र कुमार, जीएनएम एएनएम सहित कई सवास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

बीडीसी की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को लेकर गहमागहमी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड कार्यालय हुसैनाबाद के सभागार में प्रखंड विकास समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। बैठक के दौरान प्रखंड प्रमुख व उपस्थित सदस्यों ने बैठक में अनुपस्थित कर्मियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने का प्रस्ताव पारित किया। डंडिला पंचायत में दो राशन डीलर के द्वारा कम राशन देने जाने की शिकायत संबंधित पंचायत के पंचायत समिति के द्वारा की गई जिस पर प्रखंड प्रमुख के द्वारा जांच के निर्देश दिए गए। बडेपुर पंचायत के सहियारा गांव में बिना बिजली तार के लोगों को बिजली बिल देने के मामले पर बीडीओ ने संबंधित विभाग के सहायक अभियंता को पत्र के माध्यम से जांच करने का निर्देश देने की बात कही। देवरी खुर्द के पंसस अजीत सिंह के द्वारा लगातार कई बैठकों से बैंक से संबंधित कर्मी या पदाधिकारी का बैठक में भाग नहीं लेने का मामला उठाया जिस पर सभी सदस्यों के द्वारा इस पर सहमति जताई गई और अनुपस्थिति बैंक कर्मी के ऊपर उचित कार्रवाई हेतु विभाग को निर्देशित पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही कई अन्य विभागों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर बीडीओ रतन कुमार, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, उप प्रमुख इंदु देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपक कुमार, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, महुडंड मुखिया मिना देवी, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, ददिवल प्रसाद समेत कई पंसस व कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

लाभुकों ने जनवितरण प्रणाली दुकान के सामने किया हंगामा

बीडीओ को आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

राजू राम पर खाद्यान वितरण में अनियमितता का आरोप पहले भी लगता रहा है

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के जनवितरण प्रणाली दुकान के समक्ष को लाभुकों ने जमकर हंगामा किया। कार्ड धारियों का आरोप था कि डीलर राजू राम राशन कम दे रहा था। लाभुकों ने बताया कि डीलर राजू राम अगस्त महीने का राशन अभी तक नहीं दिया था। मांगने पर प्रति यूनिट मात्र ढाई किलोग्राम ही दे रहा था। जिसकी सूचना देने के लिए लाभुकों ने एमओ को फोन किया।

लेकिन एमओ ने फोन नही उठाया। जिसके बाद लाभुकों ने हंगामा करना शुरू किया। बाद में कार्डधारियों ने बीडीओ विक्रम आनंद को एक हस्तक्षरयुक्त आवेदन देकर डीलर राजू राम पर कार्रवाई की मांग की है। यहां बताते चलें कि राजू राम पर खाद्यान वितरण में अनियमितता का आरोप पहले भी लगता रहा है। कई बार राजू राम को जांचोपरांत निलंबित भी किया जा चुका है। लेकिन पैसा और पहुंच के बल पर वह अपना निलंबन वापस करा लेता है।आज हंगामा करने वालों में सबीता देवी, सुजीत कुमार, राज कुमार, विजय कुमार, चंदन कुमार, सतेंद्र राम, मुन्ना राम, सुदर्शन राम, पंकज राम, देवेंद्र राम, किरण देवी, उपेंद्र कुमार रवि सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है। इधर इस बाबत पूछे जाने पर बीडीओ विक्रम आनंद ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

मास्टर ट्रेनरों को मिला प्रशिक्षण

मतदाता जागरूकता के लिए कार्य करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेशों के आलोक में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड से ईएलसी, चुनाव पाठशाला और वोटर जागरूकता फोरम हेतु नामित मास्टर ट्रेनरों की समीक्षा- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। निर्वाचन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निर्वाचन पदाधिकारी अनंत कुमार ने की। इसमें प्रशिक्षकों को ईएलसी, चुनाव पाठशाला

और वीएफ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उन्होंने अपने स्तर से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा भी की। उन्होंने संपादित कार्यों के आधार पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के क्षेत्र में मास्टर प्रशिक्षकों के स्तर से संपादित कार्यों के आधार पर मानक तय करते हुए उनकी रैंकिंग का भी कार्य किया। सभी मास्टर प्रशिक्षकों को मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य करने हेतु निर्देशित भी किया। प्रखंड स्तर पर उनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना निर्मित करने में ईपी रेश्यो, जेंडर रेश्यो, फार्म 6 मोबाइल मोबिलाइजेशन आदि कार्यों का उपयोग, मतदान केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करने में किया जाता है, के संदर्भ में प्रशिक्षण में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

सीबीसी का तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा देशव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार से की गई। स्वच्छता अभियान के तहत राजकीय ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता शपथ एवं सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मकसद गंदगी को दूर करना है,ताकि हम स्वच्छ वातावरण में रह सकें। श्री पुष्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की है, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही बापू को 'स्वच्छांजलि' होगी। इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हों और इसे जनआंदोलन बनाएं। श्री पुष्कर ने सभी विद्यार्थियों से स्वच्छता ही सेवा वेबसाइट पर श्रमदान करते हुए सेल्फी भी अपलोड करने की अपील की। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं विद्यालय एवं आस-पास के परिसर की सफाई की गई।

विधायक ने नवनिर्मित उच्च विद्यालय के कक्षा निर्माण का किया शिलान्यास

छतरपुर। विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से छतरपुर प्रखंड के सिलदाग पंचायत में नवनिर्मित उच्च विद्यालय के कक्षा निर्माण का शिलान्यास किया। विद्यालय के कक्ष का निर्माण भवन निर्माण विभाग पलामू के अंतर्गत किया जाएगा। पूर्व में यह विद्यालय सिलदाग के एनएच 98 पर स्थित था लेकिन सड़क चौड़ीकरण में विद्यालय का हिस्सा सड़क निर्माण में चला गया।

4 अक्टूबर को ऐतिहासिक होगी बाबूलाल मरांडी की जनसभा : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। आगामी 4 अक्टूबर 2023 को हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के होने वाले संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी। उक्त बातें पलामू सांसद वीडी राम शहर के ऋद्धि-सिद्धि होटल में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हुसैनाबाद विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ विचार विमर्श कर कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर की जा रही है। साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा की संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी का जगह जगह पर भव्य स्वागत करेंगे। प्रेसवार्ता में सासंद के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल सिंह, अजय गुप्ता, अखिलेश्वर मेहता, छोटू सिंह सहित कई भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

झारखंड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–निविदा आमंत्रण संख्याः–06/2023-24/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक 27.09.2023 जो PR No 307883 Rural Works Department (22-23)_D दिनांक– 28.09.2023 द्वारा प्रकाशित हुआ था, के आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या–RWD/GUMLA/STPKG/03/2023-224 के क्रमांक (6) के पथ की लम्बाई 3.400 कि0मी0 के स्थान पर 7.400 कि0मी0 एवं उक्त पैकेज की कुल राशि 1116.034 लाख के स्थान पर राशि 1251.395 लाख पढ़ा जाय।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल गुमला

PR 307971 Rural Work Department (23-24)_D

जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (झारखण्ड)

आम सूचना

जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा के सत्र 2023–24 में पार्श्व प्रवेश परीक्षा कक्षा–नवम् एवं कक्षा–एकादश में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रकिया प्रांरभ हो चुकी हैं। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 31/10/2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कक्षा नवम के लिए अभ्यर्थी की योग्यताएँ

01. सत्र 2023–24 में चतरा जिले में अवस्थित सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा अष्ठम में अध्ययनरत।
02. आयु सीमा 01.05.2009 से 31.07.2011(दोनों तिथियां सम्मिलित है)
03. अभ्यर्थी चतरा जिले का वास्तविक निवासी होना चाहिए।

कक्षा एकादश के लिए अभ्यर्थी की योग्यताएँ

01. सत्र 2023–24 में चतरा जिले में अवस्थित सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा दशम् में अध्ययनरत।
02. आयु सीमा 01.06.2007 से 31.07.2009 (दोनों तिथियां सम्मिलित हैं)

सिलेक्सन टेस्ट की तिथि :– 10/02/2024 (शनिवार)

अधिक जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट www.navodaya.gov.in से अथवा प्राचार्य ज.न.वि. से प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य
ज0न0वि0, चतरा

PR 307936 School Education and Literacy (23-24)_D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–01/2023
आवेदन हेतु अंतिम तिथि –...30../...10.../2023
गुमला जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362/2022 भगवान महतो–बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17/कोर्ट केस–10/2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन में आमंत्रित किये जाते हैं।

कोटिवार रिक्त पदों की स्थिति निम्नवत हैः–

1.अ0जा0 – 07
2.अ0ज0जा0 –106
3.अनारक्षित – 90
4.अ0क0व0 – 23

उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि–...30.../...10.../2023 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त, गुमला के कार्यालय, जिला सामान्य शाखा, गुमला को निर्धारित तिथि तक प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन करने एवं नियुक्ति संबंधि विस्तृत विवरणी गुमला जिले के Website www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है तथा प्रपत्र को Download किया जा साकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, गुमला।
अपर समाहर्त्ता–सह–वरीय पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, गुमला।
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला–सह–अध्यक्ष, स्थापना समिति (चौकीदार नियुक्ति)

PR 307954 (District)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

अति–अल्पकालीन आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2023–24 (2nd Call)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक–10.10.2023 को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–11.10-2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–11-10-2023 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :–(1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची।
(2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :–क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्य का विवरण :–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु0 में)	अग्रधन की राशि (रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Ordinary Repair Chainpur to Hutar Road. (Length-32.05 km) (ODR) for the year 2023-24	25,00,000.00	50,000.00	5,000.00	02 Months
2	Ordinary Repair of Daltonganj-Kutchery Chowk-Abadganj-SP Kothi-ROB-Forest Colony-Gayatri Mandir Road (Length-1.10/ 3.45 km) (ODR) for the year 2023-24.	20,00,000.00	40,000.00	5,000.00	03 Months
3	Construction fo R.C.C Drain Near Kankari Village in Chainpur Hutar Road for the year 2023-24.	25,00,000.00	50,000.00	5,000.00	03 Months
4	Road safety work on identified vulnerable spots in various Road under Road Division Daltonganj for the year 2023-24.	30,00,000.00	60,000.00	5,000.00	03 Months
5	Yellow Blinker with sound total 116 nos installation work at intersection marked in various Chowk under Road Division, Daltonganj for the year 2023-24.	37,00,000.00	74,000.00	5,000.00	03 Months
6	Ordinary Repair Panki to Herhenj (Total Length - 18.00 Km) Road for the year 2023-24.	50,00,000.00	1,00,000.00	5,000.00	02 Months
7	Renovation work of Executive Engineer Residence, Road Division, Daltonganj for the year 2023-24.	10,00,000.00	20,000.00	1,250.00	03 Months
8	Repair and Maintenance work of Office of the Executive Engineer, under Road Division Daltonganj for the year 2023-24.	20,00,000.00	40,000.00	5,000.00	03 Months
9	Repair work of Gantry of various roads under Road Division Daltonganj for the year 2023-24.	10,00,000.00	20,000.00	1,250.00	02 Months
10	Ordinary Repair and Painting work of railing of High Level Bridge located in the 1st Km of Saglim Tarhasi Padma Road under Road Division, Daltonganj for the year 2023-24.	8,00,000.00	16,000.00	1,250.00	02 Months
11	Restoration/ Repair/ Painting work of Missing / Damage K. M. Post of various Road under Road Division, Daltonganj for the year 2023-24.	10,00,000.00	20,000.00	1,250.00	03 Months
12	Renovation and Repair work of Patan I.B. under Road Division Daltonganj for the year 2023-24.	10,00,000.00	20,000.00	1,250.00	02 Months
13	Emergent Repair of Kajri-Patan-Manatu (Length - 36.00 Km) Road Under Vivekadhin for the year 2023-24.	5,78,160.00	12,000.00	1,250.00	02 Months
14	Ordinary Repair for making motorable of Bishrampur to Belhara via Pandu Road in Rainy season under vivekadhin for the Year 2023-24	3,00,000.00	6,000.00	750.00	15 Days

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना www.prdjharkhand.in एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2)निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 307985 (Road)23-24*D

गागर में सागर

किडनी की बीमारी से जूझ रहे शिक्षक की मौत

मेदिनीनगर। किडनी की बीमारी से जूझ रहे पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम चांपी निवासी शिक्षक गणेश कुमार वर्मा की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। शिक्षक गणेश कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास चांपी में किया जाएगा। इस दुख की घड़ी में महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी, बिक्की चंद्रवंशी,विजय चंद्रवंशी,अजय रंजन,अमित चंदेल,सोनू वर्मा, शैलू चंद्रवंशी,ऋषि वर्मा, कुन्दन वर्मा,अजय कुमार,श्याम राज सहित अन्य लोगो ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में भारतीय संस्कृति की रक्षा बड़ी चुनौती : प्राचार्य

मेदिनीनगर। स्थानीय एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद द्वारा समूह गान प्रतियोगिता आयोजित की गई। वेद मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।ब तौर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डा. जी एन खान ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगीत से मानसिक शांति मिलती है । आज के छात्र पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद व गायन- वादन में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। मौके पर भारत विकास परिषद मेदिनीराय शाखा के अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी द्वारा परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना के महत्व को रेखांकित किया गया । कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया और निर्धारित चेतन स्वर पुस्तक में उद्धारित हिंदी एवं संस्कृत में दिए गए राष्ट्रभक्ति गीतों का गायन वाद्य यंत्रों के साथ किया। प्रतियोगिता में एम .के डी ए.वी.पब्लिक स्कूल प्रथम,सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय तथा स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

झामुमो युवा मोर्चा ने पांकी विधायक के बयान की निंदा की

पांकी। विधायक शशि भूषण मेहता के बयान पर झामुमो युवा मोर्चा ने हमला बोलते हुए कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सभी वर्ग का चौमुखी विकास हो रहा हौ, इससे अब विधायक शशि भूषण मेहता को आने वाले चुनाव में हार नजर आ रही है। इसलिए वह अब बयानवीर बनने की राह पर चल निकले हैं। पांकी विधानसभा की जनता इन्हें समझ चुकी है, आने वाले चुनाव में इनकी जमानत जब्त होगी।

आंबेडकर की प्रतिमा को छतिग्रस्त करनेवालों पर कार्रवाई होः शत्रु

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शुक्रवार को पाण्डू प्रखण्ड के ढांचाबार ग्राम स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा०भीमराव आम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा तोड़े जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऐसा कार्य करने वालों को सजा मिले।

उत्तरी कोयल कंपनी की चतुर्थ वार्षिक आम सभा आयोजित

बकरी पालन व रेशम खेती पर ध्यान देने की जरूरत : सांसद

महिला उद्यमी खड़ा कर व्यापार को बढ़ायें : अपर समाहर्ता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के न्यू टाउन हॉल में शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) अंतर्गत उत्तरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आम सभा आयोजित हुई। इसका उदघाटन पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि उत्तरी कोयल कंपनी द्वारा विगत 4 वर्षों में 5 करोड़ का आय-व्यय किया गया है। जो सराहनीय है। सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने कहा कि इस समूह में 13000 महिलाएं शामिल हैं । उत्तरी कोयल फार्मर कंपनी की स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी तब से कम्पनी मुर्गी, चूजा, खस्सी, लाहउपकरण, पशुधन की दवा,लेमन ग्रास आदि के व्यापार का काम कर रही है। आमदनी को बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर जरूरत के सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करें। डीपीएम बिमलेश शुक्ला ने कंपनी की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कंपनी के विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डीपीएम जीएसएलपीएस ने सभी का स्वागत किया। वार्षिक आमसभा में कंपनी द्वारा आपसी समझौते से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर शुक्रवार को ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह और ट्रैफिक हवलदार संतोष गुप्ता के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पड़कर उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। मौके पर ट्रैफिक सहायक पुलिस के जवान हरेंद्र कुमार, राहुल सिंह, शैलेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस मौजूद थे।

आयुक्त ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था का लिया जायजा

पलामू में मेडिकल कॉलेज होना गर्व की बात : कमिश्नर

प्राचार्य की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी, कई निर्देश दिया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। आयुक्त ने कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था, नामांकित विद्यार्थियों संख्या, प्राध्यापकों की नियुक्ति एवं मेडिकल विद्यार्थियों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली । इस दौरान आयुक्त ने प्राचार्य की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज राज्य के बड़े अस्पतालों के अनुरूप है। पलामू में मेडिकल कॉलेज होना गर्व की बात है। यहां चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होने से पलामू प्रमंडल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज के परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासक को डस्टबिन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छता वाहन भेजकर कॉलेज एवं छात्रावास परिसर से प्रतिदिन कचरे का उठाव सुनिश्चित कराने तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बलों की तैनाती एवं पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश दिया।

आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर उठाये गये कदम

सिंथेटिक व मिलावटी मिठाईयों की बिक्री रोकें पदाधिकारी : आयुक्त

दुकानों में छापेमारी कर कार्रवाई का दिया निर्देश

मिलावटी मिठाई एवं अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री पर रोक लगाते हुए शुद्ध सामग्री की बिक्री कराना सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल पलामू प्रमंडल क्षेत्र में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री की शिकायत पर सख्त हुए हैं। आयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री को लेकर दुकानों में छापेमारी कर मिलावटखोरी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई का निदेश दिया है। आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर उन्होंने विशेषकर मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रकार के दुकानों में छापेमारी कर नमूना संग्रह करने एवं आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया है। आयुक्त ने पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह एवं खाद्य संरक्षण पदाधिकारी (फूड सेफ्टी ऑफिसर) गुलाब लकड़ा को दुकानदारों के विरुद्ध कारवाई का टास्क सौंपा है। आयुक्त ने कहा कि आमजनों को विषाक्त भोजन से बचाव करना सभी की जिम्मेवारी है। इसके लिए मिलावटी मिठाई एवं अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री पर रोक लगाते हुए शुद्ध सामग्री की बिक्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बड़े होटलों एवं रेस्टोरेंटों में छापेमारी कर खाने की गुणवत्ता, साफ-सफाई, प्रयोग में लाये जा रहे बर्तनों की सफाई की व्यवस्था की जांच करने एवं अधिक समय तक मिठाईयों को सुरक्षित रखने के लिए केमिकल या स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाली दवाईयों के प्रयोग पर रोक लगाते हुए संबंधितों पर कार्रवाई का निदेश दिया है। उन्होंने मिठाई दुकानदारों से मिठाई के डब्बे पर मिठाई निर्माण की तिथि (उत्पादन तिथि) एवं एक्सपायरी तिथि अंकित कर बेचने हेतु निदेशित करने का सख्त निदेश दिया। स्ट्रीट वेंडरों द्वारा बिक्री की जा रही खाद्य सामग्री को ठीक से कवर रखने एवं सुरक्षित तरीके से बिक्री कराने का निदेश दिया है, ताकि विषाक्त भोजन के सेवन से लोगों को बचाया जा सके। आयुक्त ने कहा कि होटलों एवं रेस्टोरेंटों के कूक, वेटर एवं अन्य कार्यरत कर्मियों की स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य रिकॉर्ड लेना भी आवश्यक है, ताकि किसी बीमारियों के फैलाव को रोका जा सके। आयुक्त मनोज जायसवाल ने होटलों एवं रेस्टोरेंट के संचालकों से भी अपने यहां कार्यरत कर्मियों की स्वास्थ्य जांच करवाने में तत्परता बरतने, विषाक्त भोजन या सिंथेटिक एवं मिलावटी मिठाईयां या अन्य सामग्री की बिक्री नहीं करने, साफ-सफाई रखने, भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य मुख्य बिन्दु है, इसके साथ खिलवाड़ करने वालों को बिल्कुल नहीं बख्शा जाएगा।

पलामू टाइगर रिजर्व में भालू के हमले

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व में भालू के हमले की खबरें बराबर आती रहती है। जिसमें पाया जाता है है कि भालू ने किस तरह से ग्रामीण को जख्मी किया। है। भालू अपने पिछले दो पांव पर खड़े होकर हमला करता है। अपने अगले दो पांव से सर, गर्दन,चेहरा और हाथ पर हमला करता है। कुछ लोग भालू के शिकार हो जाते हैं। जैसे पिछले साल गढ़वा जिले के भंडरिया में भालू ने एक साथ तीन लोगों को मार डाला था। अब तक की सबसे बड़ी घटना थी। जिसमें भालू ने तीनों की जान ले ली थी। भालू प्रायः हमला ग्रामीणों के झुंड पर नहीं करता है। फॉरेस्ट गार्ड परमजीत तिवारी ने बताया कि ऐसे ही एक भालू के हमले के कारण राजेंद्र मुंडा जो 72 साल के हैं। पहाड़ कोचा के रहने वाले हैं। भालू ने 21 अगस्त को इनको हमला करके बुरी तरह जख्मी कर दिया था। राजेंद्र मुंडा के सिर पर 80 टांके लगे थे। यह टांके समुदाय स्वास्थ्य केंद्र महुआडाह के टीम ने लगाया था।

बारेसांढ़ रेंज में अजगर सांप को बचाया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बारेसांड रेंज में एक 10 फीट लंबा और 15 किलो वजनी अजगर सांप को बचाया गया। इसके बाद इसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इस बात की पुष्टि बारेसाढ़ रेंज के वनरक्षी परमजी तिवारी ने की है। श्री तिवारी ने इस बाबत बताया कि कई वर्षों से पीटीआर ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल में रह रहे लोगों के बीच यह जागरूकता फेला रहे हैं कि यदि कोई सांप या कोई दूसरे अन्य जानवर या पक्षी उन्हें किसी भी अवस्था में मिले तो उसे नुकसान ना पहुंचायें। बल्कि निकट के पीटीआर के कार्यालय में इसकी सूचना दें ताकि समय रहते टीम पहुंच सके।

जन वितरण में कम राशन देने के विरोध में भूख हड़ताल

मेदिनीनगर। खाद्य आपूर्ति द्वारा जन वितरण द्वारा शुक्रवार को कम राशन देने के विरोध में भूख हड़ताल हुई। इसका नेतृत्व कर्ता शीतल सिंह चेरो सदर उप प्रमुख ने निम्न मांगे रखीं । प्रत्येक महीने के शुरूआती सप्ताह में ही खाद आपूर्ति द्वारा राशन मुहैया कराया जाए, अंगूठा लगाने के बाद रसीद के अनुरूप राशन मिले, रसीद में और राशन कार्ड में जो वर्णित सामग्री का नाम हो वह कार्डधारी को उसी समय प्राप्त हो,अगस्त महीने का राशन जो जन वितरण दुकान मापदंड के अनुसार अनुरूप कम राशन या बिल्कुल नहीं राशन बनते हैं उसका लाइसेंस रद्द किया जाए, जिस डीलर पर ड्यूज गिर रहा है उसे अभिलंब बंटवाया जाए, पलामू जिला के खाद आपूर्ति विभाग में बैठे भ्रष्ट पदाधिकारी का संपत्ति का सीबीआई से जांच हो । इस मांग को समर्थन में उपस्थित मौके पर आम आदमी पार्टी का युवा नेता मुन्ना कुमार, आम आदमी पार्टी के कौशल किशोर बच्चन, दिनेश राम, राजेश सिंह चेरो, नेताजी चुकरू ,रवि कुमार पाल ,ओमप्रकाश गुप्ता ,सत्येंद्र सिंह सुआ कौड़िया ,सुदेश्वर सिंह भुनेश्वर सिंह , हरिहर सिंह, संजय सिंह ,बिहारी सिंह, माले नेता रुचिर तिवारी और अन्य ने इस भूख हड़ताल का समर्थन किया।

लिलिपुट प्ले स्कूल में राइम्स कंपीटिशन का आयोजन

मेदिनीनगर। नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल दिनांक शुक्रवार को में राइम्स कंपीटिशन का आयोजन किया गया । इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । किसी बच्चे ने हिंदी तो किसी ने इंग्लिश में राइम्स सुनाई । आकर्षण का केंद्र बच्चों की कॉस्टयूम रही, जो कि राइम्स की थीम से सम्बन्धित उनके अभिभावकों द्वारा डिजाइन की गई थी । प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि राइम्स कंपीटिशन का आयोजन इसलिए आयोजित किया गया ताकि बच्चों के साथ साथ उनके पेरेंट्स की भी भागीदारी देखने को मिले, जिसे अभिभावकों ने बखूबी तरीके से निभाया। कंपीटिशन में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को गिफ़्ट दिया गया। स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा उनकी मेहनत से ही इस तरह के आयोजन सफल हो पाते हैं । सभी बच्चों में सबसे स्पेशल अपीयरेंस सान्वी कुमारी और ओजस कुमार सिंह का रहा । कंपीटिशन में हिस्सा लेने वाले बच्चों के नाम हैं - देवांश, इज्दान, सान्वी कुमारी, मानविक, सान्वी, अद्विथ डांगी, नैंसी, सार्थक, शिवांश, अमीषा, बलराज, वेदिका, अथर्व विश्वकर्मा, अयांश, रिया कुमारी, आकांक्षा, अदावी, अन्वी, विहान, यशवी, आयुषी, अर्चित, युवराज, अवि श्रेयांश आदि ।

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी

मेदिनीनगर। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार स्कूल, कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहा है। जिसका एकमात्र उद्देश्य है कि हमारे देश के भविष्य, हमारे बच्चे हर हाल में सुरक्षित रहें। टीम के सदस्य विभिन्न तरीके से बच्चों को हेलमेट पहनने, ड्राइविंग लाइसेंस के बिना गाड़ी न चलाने, ट्रैफिक रूल्स का पालन करने और अपने माता पिता को भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक किया गया। मौके पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा, वरिष्ठ सदस्या राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, लक्ष्य श्रेष्ठ, और मयूरेश द्विवेदी उपस्थित थे।

राशन की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाये : रूचिर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो युवा नेता राजू सिंह ने शुक्रवार को सदर प्रखंड उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो के सदर प्रखंड के डीलरों के द्वारा राशन में गड़बड़ी के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे । भूख हड़ताल में शीतल सिंह चेरो, सत्येंद्र सिंह,अशोक सिंह चेरों और राजेश सिंह चेरो सहित अन्य लोग उपस्थित थे । श्री तिवारी ने आम लोगों को संबोधित करने हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम लोगों को मिलने वाला राशन अगस्त महीना में नहीं मिल पाया। साथ ही डीलरों की मनमानी बंद हो। जब तक कार्रवाई नहीं होती है,आंदोलन जारी रहेगा।

झोला छाप डॉक्टर ने मरीज की ली जान

एक्सपायरी इंजेक्शेन दिया, डॉक्टर फरार

झोलाछाप डॉक्टर पिछले तीन वर्षों से कनुआ डीह गांव में रह कर लोगों का इलाज कर रहा था

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झोला छाप डॉक्टर के द्वारा एक्सपायरी इंजेक्शन देने की वजह से नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कनुआ डीह निवासी जगनारायन साव के पुत्र सुनील साव उम्र 35 वर्ष की गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे मौत हो गई। झोलाछाप डॉक्टर बिंदेश्वर मेहता ने इसे एक्सपायरी इंजेक्शन दे दिया। जिस कारण उसकी मौत हो गयी। मरीज की मौत की खबर सुनते ही झोलाछाप डॉक्टर बिंदेश्वर मेहता गांव से अपना क्लीनिक छोड़ कर फरार हो गया है। बिंदेश्वर मेहता बिहार के औरंगाबाद जिला का निवासी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि झोलाछाप डॉक्टर बिंदेश्वर मेहता पिछले तीन वर्षों से कनुआ डीह गांव में रह कर लोगों का इलाज कर रहा था। वहीं इस घटना के बाद परिजनों ने नौडीहा बाजार थाना में झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार अपने दलबल के साथ कनुआ डीह गांव पहुंच कर घटना से संबंधित मामले छानबीन में छूट गए हैं। इस घटना के बाद नौडीहा थाना प्रभारी के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

टाउन हॉल में विश्व हृदय दिवस मना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय टाउन हाल में शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस मनाया गया। यह विश्व हृदय दिवस हर साल के 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस विश्व हृदय दिवस के मानने के पीछे मुख्य उद्देश्य है लोगों को उनके हृदय के बारे में जानने, समझने की क्षमता को विकसित करना । इस विश्व हृदय दिवस के मुख्य अतिथि थे शहर के जाने-माने प्रसिद्ध हृदय चिकित्सा डॉक्टर गौरव अग्रवाल। यह एक मशहूर प्राइवेट हॉस्पिटल जो नावाटोली में स्थित है के मालिक हैं। इनका साथ दे रहे थे। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार। मौके पर डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि विश्व हृदय दिवस लोगों को सचेत करने के लिए है। उन्हें यह बताने के लिए है कि यदि किसी को हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, काफी तनावग्रस्त, डायबिटीज का शिकायत है तो ऐसे व्यक्ति अपने हृदय की की रक्षा देखभाल ज्यादा करें।

सख्ती अवैध खनन को लेकर खनन टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

कोयल नदी से बालू उठाते 14 बाइक व 5 ठेला जब्त

डीएमओ ने उपायुक्त के न्यायालय में राजसात किया दायर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई लगातार जारी है।इसी क्रम में खनन टास्क फोर्स द्वारा अभियान चला कर कोयल नदी में अवैध बालू का खनन एवं परिवहन करते 14 बाइक एवं 5 ठेला को पकड़ा गया और बालू समेत बाइक एवं ठेला को जप्त करते हुए थाना को सुपूर्द कर दिया गया।इस दौरान खनन टास्क फोर्स की टीम को देख बालू खनन करने वाले बाइकसवार एवं ठेला वाले भागने में सफल रहे। डीएमओ ने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के न्यायालय में राजसात किया दायर खनन टास्क फोर्स द्वारा जप्त 14 बाइक एवं 5 ठेला पर कार्रवाई को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के न्यायालय में राजसात दायर किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जप्त ठेला पर 150 बोरा बालू जप्त किया गया है,इसके अलावे सभी बाइक पर बालू पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावे पांच ठेला की जप्ती की गयी है।

गागर में सागर

मेराल व चिनिया में विश्व हिंदू परिषद के शौर्य जागरण यात्रा रथ का हुआ स्वागत

मेराल/ चिनिया। राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा रथ शुक्रवार को मेराल पहुंची, जहां बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा भाजपा के लोगों ने उसका स्वागत किया। विश्व हिंदू परिषद मेराल के अध्यक्ष सत्यम मल्होत्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने सीताराम तथा लक्ष्मण के साथ रामेश्वरम सेतु का शीला का पूजन किया तथा सामूहिक रूप से आरती की। इस मौके पर विहिप के शुभम मल्होत्रा, शुभम जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, आकाश जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, अर्पित मल्होत्रा, प्रकाश चंद्र, अमन कुमार, ज्योतिष जायसवाल, रंजन जायसवाल, राजन सोनी, अमन सोनी, अमित सोनी, सागर मद्धेशिया, विवेक कुमार, अंशु जायसवाल, शिवम जायसवाल, अंकित जायसवाल, अनुराग मल्होत्रा, विकास शर्मा, चीकू जैसवाल, दीपक चौबे, भाजपा के चंद्रमणि पाठक, महेंद्र सिंह, मनोज जायसवाल, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा आदि मौजूद थे। वहीं चिनिया प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व भाजपा के लोगों ने श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली शौर्य जागरण यात्रा रथ का स्वागत किया। हनुमान मंदिर परिसर में रामेश्वर राम सेतु का शीला का पूजन एवं सामूहिक आरती की गई।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने इकबाल

डंडई। प्रखंड क्षेत्र स्थित तसरार गांव के समाजसेवी जफर इकबाल को कांग्रेस पार्टी के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मौके पर इकबाल ने कहा कि पार्टी की ओर से जिस उद्देश्य के साथ मुझे जिम्मेवारी सौंपी गई है उस पर मैं से खरा उतरने का काम करूंगा। अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनने से खासकर, अल्पसंख्यक समाज तक ही मेरा क्रियाकलाप सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य समुदाय के लोगों के सामाजिक कार्यों के अलावा कई तरह के कार्यों में भी हिस्सा लेने का काम करता रहूंगा। कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, 20 सूत्री सदस्य शरीफ अंसारी, समाजसेवी महफूज अंसारी, अकबर अंसारी इत्यादि ने इकबाल के मनोनयन का स्वागत किया है।

एसपी से मिले चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग

श्री बंशीधर नगर। गढ़वा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों ने पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात कर अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की। इसके उपरांत एसपी नगर उटारी एवं मझीआव की समस्याओं से रूबरू हुए। व्यवसाई अशोक सेठ द्वारा हाल में नगर उटारी में हुए किडनैपिंग की घटना को रखा गया। टाइगर मोबाइल द्वारा शहर में गस्त करने का प्रस्ताव रखा। इस पर दो टाइगर मोबाइल वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई। जाम की समस्या को भी रखा गया। मौके पर चैंबर के जिला अध्यक्ष बबलू पटवा, महामंत्री राजकुमार सोनी, अशोक सेठ, आनंद कमलापुरी, अजय केसरी, सत्येंद्र केसरी उर्फ सोनू बाबू, पूनमचंद कांस्यकार, राकेश पाल, विनय जायसवाल उर्फ.नेताजी, मनीष कमलापुरी, अरुण सोनी, प्रवीण सोनी उपस्थित थे।

जेएसपीएलएस ने की वार्षिक आमसभा

रमना। जेएसपीएलएस की ओर से वार्षिक आमसभा का आयोजन मध्य विद्यालय सिलीदाग के मैदान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीपीएम गिरजेश शर्मा एवं मड़वानियां मुखिया स्वीटी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाली सखी बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन पूनम देवी व धन्यवाद ज्ञापन मीना देवी ने किया। मौके पर मड़वानियां मुखिया स्वीटी वर्मा, सीसी अनय कुमार, रोहित कुमार, श्यामलाल पासवान, समाज सेवी अर्जुन चौधरी, अमित प्रकाश, ब्रजेश कुमार, बैंक सखी बबिता देवी, जीआरपी जितेंद्र कुमार सिंह, अतुल तिवारी, सविता देवी, रौशन आरा, सुनीता देवी, सुमन देवी, अंजू देवी, किरण सिंह, संयुक्ता देवी, प्रतिमा देवी, मीना देवी, प्रियंका देवी, देवंती देवी, फूलकुमारी देवी एवं कविता देवी आदि उपस्थित थे।

बीडीओ बोले, राशन वितरण से बचने के लिए बहाने बना रहे डीलर

समस्या का हल नहीं होने पर डीलरों ने की सामूहिक इस्तीफे की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड के फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के डीलर एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्या का समाधान नहीं होने पर 3 अक्टूबर को सामूहिक इस्तीफा देंगे। उक्त बाते प्रखंड के डीलरों ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में कही। संघ के अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने कहा कि सभी डीलर हर महीने अनाज को वितरण करते हैं फिर भी एनआईसी के द्वारा पूर्व क्लोजिंग बैलेंस दिखाकर स्टॉक से अधिक राशन काटा जा रहा है। 2020 से दिसंबर 2022 तक कोरोना काल की अवधि में कमीशन बकाया है। हम सभी डीलरों को ई पॉश मशीन जब से मिली है आज तक कभी भी मशीन का मेंटेनेंस कंपनी के द्वारा नहीं किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन में राशन वितरण करते समय कुछ ना कुछ समस्या आ जाती है।

इसके अलावा चार्ज करने पर तुरंत फूल चार्ज, उपयोग करते समय तुरंत खत्म हो जाता है। ई पॉश मशीन से मापतौल कांटा केवल कनेक्टिंग में समस्या, वजन में ऑटोमेटिक अंतर हो जाना इत्यादि समस्या से प्रखंड के डीलर्स त्रस्त हैं। हम सभी डीलर को आज तक गोदाम में शुद्ध तौलकर राशन

नहीं मिलता है। साथ ही साथ बोरा बाद नहीं किया जाता है। जेएसएफएसएस का अनाज जो जनवरी 2023 से सितंबर 2023 तक का वितरण किया है उसका कमीशन बकाया है। खरौंधी के डीलरों को विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा हर माह जनता को गलत तरीके से आरोप लगाने के लिए उकसाया जाता है। इन लोगों के द्वारा हम से अवैध पैसे की मांग की जाती है, जिससे हम मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुके हैं। अगर एक सप्ताह के अंदर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी तथा बीडीओ सह एमओ हमारी समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो हम सभी डीलर 3 अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ सह एमओ को सामूहिक इस्तीफा देंगे। मौके पर फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन के नरेश बैठा, भगवान दत्त मेहता, जवाहिर उरांव, हरकनिया देवी, खुर्शीद अंसारी, शंभू लाल श्रीवास्तव, अजय पासवान, इंदल पासवान, मुकेश कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह, रेयासत अंसारी, नजारे आलम सहित सभी डीलर उपस्थित थे। बीडीओ सह एमओ गणेश महतो ने इस संबंध में कहा कि डीलर राशन वितरण करने से बचने के लिए कई तरह के बहाने बना रहे हैं। डीलर को इस्तीफा देने के लिए प्रखंड कार्यालय आने दीजिये। सभी का इस्तीफा मंजूर कर कारवाई करेंगे।

मुकुंदपुर की पीडीएस की दुकान को किया निलंबित

केतार। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन ने मुकुंदपुर गांव के मां अंबे जन वितरण प्रणाली की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। डीलर पर आरोप था कि उसके द्वारा प्रति माह राशन वितरण में कटौती कि जाती है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्राचार कर मां अंबे जन वितरण प्रणाली की दुकान से संबंधित राशन कार्डधारियों को आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह की दुकान से टैग करने की अनुशंसा की है। उल्लेखनीय है कि मुकुंदपुर गांव के राशन कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर मुकुंदपुर गांव के डीलर द्वारा राशन वितरण में कटौती करने, अभद्र व्यवहार करने और समय पर राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की थी। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ द्वारा लाभुकों की शिकायत पर जांच की गई। जांच में लाभुकों के आरोपों की पुष्टि हुई थी।

प्रमुख ने की शेड के नाम पर ठगी व फर्जी निकासी

भाजपा नेता ने प्रेस वार्ता कर लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा ग्रामीणों से शेड देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने तथा अपने यहां संचालित सीएसपी व सुनील कुमार दुबे के नाम से चल रहे सीएसपी से लाखों रुपये की फर्जी निकासी करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सैकडों लाभुकों एवं दर्जनों मृत व्यक्तियों के नाम से भी राशि निकाल लेने की शिकायत मिली है।

उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। बीडीओ सत्यम कुमार व प्रखंड प्रमुख अजय साव दोनों मिलकर प्रखंड की जनता को चौतरफा लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता से राशि ठगने में दोनों लगे हैं, जिसके कई प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड प्रमुख द्वारा उन्हें दिये गये एक पत्र में कहा गया है कि 38 लोगों के पशु शेडों की कोडिंग कराकर प्रत्येक व्यक्ति से तेरह हजार रुपये लेकर उन्हें एक वर्ष से दौड़ाया जा रहा है। बीडीओ द्वारा न तो योजना को पूरा किया जा रहा है और न पैसा लौटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख द्वारा 11 खाताधारकों की अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी की गई है, जिसका स्टेटमेंट प्रमाण के रूप में है। उन्होंने कहा कि वे जिले के उपायुक्त से मिलकर इस मामले से उन्हें अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक गढवा व अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी को इस मामले से संबंधित आवेदन देकर स्थल जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजने तथा गरीबों की ठगी गई व फर्जी तरीके से निकाली गई राशि सूद सहित वापस कराने की मांग करेंगे। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, अश्विनी कुमार, धीरज जायसवाल, रमेश प्रसाद, सोबराती खां, अरुण कुमार, सलीम अंसारी, सुनील प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता, नंदलाल उरांव, हाफिज अंसारी, मो. हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे।

रंका थाना क्षेत्र में अवैध बालू बेचने के आरोप में दो कारोबारी गिरफ्तार

गढ़वा। रंका थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू परिवहन एवं बिक्री करने के मामले में दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने राजकमल पांडे व ओम प्रकाश यादव के बालू के अवैध कारोबार में शामिल चार ट्रैक्टर और सात हजार घन फुट बालू जब्त किया है। एसपी दीपक कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता कर बताया कि रंका प्रखंड में अवैध रूप से बालू परिवहन एवं बिक्री करने के मामले में जिला खनन पदाधिकारी नंदिदेव बैठा द्वारा रंका थाने में 29 सितंबर को खरडीहा निवासी बच्चन पांडे, कंचनपुर गांव निवासी रामप्रवेश यादव, अजीत पांडेय, होन्हेकला निवासी ओमप्रकाश यादव, राजकमल तिवारी पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। एसपी ने बताया कि अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि 26 सितंबर को जिला खनन पदाधिकारी ने रंका निवासी रोशन पाठक पर अवैध बालू भंडारण करने के मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई थी। उक्त मामले में भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। मौके पर डीएसपी संतोष कुमार, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार आदि मौजूद थे।

एसडीओ ने मुसहर परिवारों के घर पहुंच जानीं समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

एसडीओ राज महेश्वरम ने शुक्रवार को मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव पहुंच मुसहर परिवारों से मिलकर उनकी पारिवारिक आर्थिक तथा सामाजिक गतिविधि के बारे में जानकारी ली। गौरतलब हो कि विगत रविवार को बाना की सुनरी मुसहरिन की मौत मेराल बस स्टैंड के पास हो गई थी। एसडीओ राज महेश्वरम ने सुनरी के पति मनोज मुसहर से उसकी मौत के कारण तथा छोटे बच्चा के बारे में पूछताछ की। मनोज मुसहर द्वारा बताया गया कि सुनरी के पेट में दर्द रहता था। इलाज के लिए वह मेराल गई थी। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। उसके बच्चा को देखा गया तो उसको तेज बुखार था तथा उसकी स्थिति काफी खराब थी।

एसडीओ के आदेश पर मेराल चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा दल तुरंत बना पहुंचा तथा बच्चे का इलाज किया गया। एसडीओ द्वारा मुसहर परिवार से उनकी समस्या के बारे में पूछताछ की गई तो लोगों ने बताया कि उनकी जमीन को अगल-बगल के लोग जबरदस्ती

कब्जा कर लिए हैं। शिकायत मिलने के बाद एसडीओ ने मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी यशवंत नायक को तुरंत कार्रवाई करने का आदेश देते हुए कहा कि जो लोग मुसहर परिवार की जमीन पर कब्जा किए हैं उन्हें तुरंत नोटिस देकर जमीन खाली कराएं। एसडीओ द्वारा राशन कार्ड, पेंशन इत्यादि को लेकर भी मुसहर परिवार से पूछताछ की गई। मौके पर उपस्थित बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने मुखिया गौरी देवी को निर्देश दिया कि हर सप्ताह वे मुसहर परिवार के घर जाएं तथा उनकी स्थिति से अवगत मुझे भी कराते रहें। इस अवसर पर पूर्व मुखिया विजय सिंह, सहायक गोदाम प्रबंधक सतीश सिंह उपस्थित थे।

मुसहर परिवारों को उपलब्ध कराया राशन

केतार। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले मुसहर परिवारों का सर्वे किया गया। इस क्रम में बीडीओ ने केतार, राजघाट और बांसडीह गांव में जाकर मुसहर परिवारों को खाने के लिए राशन उपलब्ध कराया। बीडीओ ने बताया की विगत दिनों डंडई में एक मुसहर की मृत्यु के पश्चात उपायुक्त के निर्देश पर मुसहर परिवारों का सर्वे किया जा रहा है और उन्हें राशन उपलब्ध कराया गया। बीडीओ ने बताया कि 4 क्विंटल चावल मुसहर परिवारों को दिया गया है ताकि किसी भी मुसहर परिवार को भूखे पेट न सोना पड़े। बीडीओ ने कहा कि पीडीएस की दुकान से भी मुसहर परिवारों को राशन कार्ड से चावल मिलेगा। मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, रोजगार सेवक दीपक प्रजापति, सुदामा मुसहर, भोला मुसहर, माला मुसहर, तेतरी देवी, मुन्नी देवी, बैगन देवी, तेतरी देवी उपस्थित थे।

बीडीओ ने जानी मुसहर जाति के लोगों की स्थिति

भवनाथपुर। बीडीओ जयपाल महतो व मुखिया शैलेश चौबे ने चपरी पंचायत के वार्ड 11 स्थित मुसहर टोला पहुंचकर मुसहर जाति के परिवारों से उनकी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। साथ ही मुसहर जाति के परिवारों का आधार कार्ड, पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया तेज की गई ताकि उन्हें राशनकार्ड व आवास योजना का लाभ मिल सके। इस दौरान बीडीओ व मुखिया द्वारा मुसहर जाति के प्रत्येक परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि इसके पूर्व भी कई लोगों का आधार कार्ड बनवाया गया था, साथ ही कई लोगों को पेंशन योजना से भी जोड़ा गया है। जो लोग छूटे हुए है, उनका भी आधार कार्ड बनवाने का कार्य किया जा रहा है। आधार कार्ड नहीं बनने के कारण सरकारी लाभ लेने से मुसहर परिवार के लोग वंचित रह जा रहे थे। लेकिन अब सभी परिवार को आधार से जोड़ते हुए बहुत जल्द उन्हें सभी तरह की सरकारी सुविधा जैसे आवास, पेंशन, राशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जायेगी। मुसहर जाति के समक्ष पीने की पानी की समस्या को देखते हुए बीडीओ ने मुखिया से वार्ड 11 स्थित सोलर जलमीनार व खराब पड़े चापाकल को अविलंब दुरुस्त कराकर उन्हें पानी मुहैया करने बात कही। मौके पर भवनाथपुर बीडीसी चंदन ठाकुर, पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद, रोजगार सेवक विष्णुकांत उरांव, कम्प्यूटर

एसपी ने पदाधिकारियों के साथ की थानावार अपराध की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

पुलिस लाइन स्थित सभागार में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही अपराध नियंत्रण को ले कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ थानावार अपराध की समीक्षा की।

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस सभा का आयोजन करने को कहा ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सके। उन्होंने सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों

को आम लोगों को सहयोग करने तथा पुलिस एवं पब्लिक के बीच बेहतर संबंध बनाने का निर्देश दिया। एसपी ने आने वाले विभिन्न तरह के त्योहारों को लिकर का दिशा निर्देश दिया एसपी ने नियमित रूप से गस्ती करने का निर्देश दियाबैठक में, मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी केके साहू, सर्जेन्ट मेजर ओमप्रकाश दास सहित सभी थाना प्रभारी उपस्थित है।

जल नल योजना का हुआ शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड के अमरोरा तथा करिवाडीह पंचायत के करिवाडीह तथा भागीडीह में क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को नल जल योजना का शिलान्यास तथा भूमि पूजन किया।

इस मौके पर अमरोरा में आयोजित सभा में शाही ने कहा कि प्रखंड में पिछले दो साल में बारिश नहीं होने से पानी की गंभीर समस्या बन गई थी। इसका समाधान लेकर हम आपके प्रखंड में जल नल योजना लेकर आए हैं। पानी की समस्या किसी जाति, किसी व्यक्ति या एक टोला की नहीं है बल्कि प्रखंड के हर लोगों की है। इससे सभी लोगों को लाभ होगा। इसके पूर्व राजी पंचायत, सुंडी के परसवान, सिसरी तथा

कुपा पंचायत में नल जल योजना का कार्य जोरों से चल रहा है। अब अमरोरा, करिवाडीह तथा भागीडीह में नल जल योजना चालू हो जायेगी। उन्होंने अमरोरा बस स्टैंड से चिनियाही तक सड़क एवं मध्य विद्यालय अमरोरा के चहारदीवारी निर्माण की अगली बार आधारशिला रखने की घोषणा की। मौके पर इग्नासुस बाड़ा, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, बिनोद चौधरी, भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह, विकास कुमार सिंह, आनंद चौधरी, कृष्णा यादव, सुनील द्विवेदी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, कलामुद्दीन अंसारी, सुनील रोशन, विवेकानंद यादव मझिगावां मुखिया बिंदा देवी, समाजसेवी सतीस राम, रवि हुसैन, चंदन उपस्थित थे।

संकल्प यात्रा को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

गढ़वा। आरकेबीएस कॉलेज सोनपुरवा गढ़वा में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं की बैठक जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 5 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। केशरी ने कहा कि सभी कार्यक्रम संगठन की ओर से बनाई गई रूपरेखा के अनुसार संपन्न होगा। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अमित सिंह, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, प्रमोद चौबे, जिला महामंत्री संतोष दुबे उपस्थित थे।

पहल विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हार्ट कार्यक्रम का आयोजन, डीसी बोले

भागदौड़ भरी जिंदगी में एक घंटे जरूर करें व्यायाम

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

विश्व हृदय दिवस पर प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से रन फॉर हार्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत नवनिर्मित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडे, सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह, सीडीपीओ अवध यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, डॉ जेपी सिंह ने की। लोग बाईपास होते हुए नारायणपुर होटल शगुन पहुंचे जहां सेमिनार कार्यक्रम में सभी लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि आज हार्ट के

मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और उसकी मुख्य वजह लोगों का अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देना है। उन्होंने कहा कि भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 1 घंटे व्यायाम करना चाहिए। लगन से काम करें लेकिन टेंशन नहीं लें। एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि हार्ट चुनौतीपूर्ण बनते जा रहा है। ऐसे में लोगों को खुद को स्वस्थ रखना काफी आवश्यक है। खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन पैदल चलें, व्यायाम करें। डॉ पंकज प्रभात ने कहा कि आज हार्ट के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पूरे देश भर में लोग इससे मर रहे हैं। मौके पर आईएमए के सचिव डॉ कुमार निशांत, डॉ टी पियूष, डॉ अरशद, डॉ असजद, डॉ शमशेर सिंह, डॉ अमित, डॉक्टर पतंजलि केसरी, संतोष केसरी, विनोद जायसवाल, दौलत सोनी, नंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, अधिवक्ता राकेश शुक्ला, शाहिद आदि उपस्थित रहे।

दो दिनों के अंदर स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन का काम पूरा करें प्रधानाध्यापक : बीआरपी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में शुक्रवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीआरपी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीआरपी ने कहा कि दो दिनों के अंदर सभी प्रधानाध्यापक स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन का काम पूरा कर लें। साथ ही अपना टीचर प्रोफाइल भी अपडेट कर लें। जो विद्यालय अभी तक एसपीडी कम्पलीट नहीं किये हैं वे एमआईएस कोआर्डिनेटर से संपर्क स्थापित कर अपना कार्य पूरा करें। ई विद्या वाहिनी में शत प्रतिशत टीचर व स्टूडेंट्स की उपस्तिथि दर्ज नहीं

हो रही जो चितांजनक है। सभी प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करें कि स्टूडेंट्स व शिक्षकों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक को बार बार निर्देश देने के बाबजूद बच्चों का खाता खुलवाने की प्रक्रिया में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस से संपर्क करते हुए शत प्रतिशत खाता खोलवाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। चौबे ने कहा कि ई-विद्या वाहिनी एप में किताब की डिस्ट्रीब्यूशन संबंधित रिपोर्ट भरें। बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत देव, अजय, शोभा पांडेय, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश सिंह, कंप्यूटर कोआर्डिनेटर मुकेश उपस्थित थे।

गागर में सागर

'राज्य सरकार भद्रकाली मंदिर को राष्ट्रीय फलक पर लाने को कटिबद्ध'

इटखोरी(चतरा)। राज्य सरकार भद्रकाली मंदिर को राष्ट्रीय फलक पर लाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए सरकार ने टूरिज्म स्थलों की विकास के लिए खाका तैयार कर लिया है। उक्त बातें शुक्रवार को जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर पहुंचे पीसीसीएफ डॉक्टर संजय श्रीवास्तव ने कही। डॉक्टर श्रीवास्तव, आरसीसीएफ सतीश चंद्र राय ने मां भद्रकाली की पूजा पाठ करने के उपरांत मीडिया से बातचीत में आगे कहा कि दो महापूर्व राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टूरिज्म एवं वन विभाग के साथ एक बैठक हुई थी, जिसमें भद्रकाली मंदिर का कायाकल्प को लेकर बनाए गए वीडियो को दिखाया गया था। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास परिषद की अगुवाई में पर्यटन एवं वन विभाग के द्वारा मां भद्रकाली मंदिर का विकास कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास पार्षद से जुड़े धार्मिक स्थलों का विकास पूरे झारखंड में उसी स्तर पर होगा। मौके पर सीएफ सरोज भाई पटेल, डीएफओ सब्बा आलम अंसारी, समेत चतरा एवं हजारीबाग वन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रवीण बने अपराध मुक्त संस्था महासचिव

सिमरिया(चतरा)। श्री राम कृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल सिमरिया के निदेशक प्रवीण प्रकाश को अपराध मुक्त समाज संस्था का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रकाश पिछले एक दशक से बच्चों के बीच शिक्षा की अलख जगाने के साथ बच्चों को संस्कार और सांसारिक ज्ञान भी दे रहे हैं। प्रकाश ने कहा कि समाज के प्रति जो उनका दायित्व है उसे बखूबी निभाते रहेंगे।

सचिवालय में रक्तदान शिविर आयोजित

मयूरहंड(चतरा)। रेडक्रॉस सोसाइटी चतरा और मुखिया मंजीत सिंह के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत सचिवालय मंझगावा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुखिया, नेपाल सिंह, जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, पत्रकार मालिक बाबू, आकाश सिंह, मुन्ना कुमार, शिक्षक अजीत सिंह, सुजीत कुमार, जल सेना के जवान बंटी सिंह, पुलिस अवर-निरीक्षक मुकेश कुमार व जवान बब्लू कुमार, सुनीता देवी और अनु देवी सहित कुल 30 लोगों द्वारा 30 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर वॉलंट्री ब्लड डोनेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष सह रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य धर्मेंद्र पाठक, जीएमएम रंजिता कुमारी, प्रिया कुमारी, कहकसा प्रवीण, टेक्नीशियन मोहम्मद आजाद और मुन्ना कुमार मौजूद थे।

पैक्स गठन को नामांकन प्रक्रिया संपन्न

मयूरहंड (चतरा)। जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कदगावांकला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ पैक्स गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निर्वाची पदाधिकारी सह सहकारिता पदाधिकारी सदर श्याम सुंदर राम के समक्ष अध्यक्ष के लिए दो और कार्यकारिणी सदस्य के लिए आठ सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष के लिए सुबोध सिंह एवं सुनिल कुमार सिंह और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नैन्शी देवी, ममता देवी, सुभाष कुमार दास, मिथलेश रविदास, रामप्रवेश सिंह, वरुण भुईयां, दीपक कुमार सिंह, राम निवास सिंह एवं राम बल्लम राणा ने नामांकन किया। सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। 14 अक्टूबर को नाम वापसी के पश्चातप्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। 31 अक्टूबर को मतदान के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर निर्वाचित प्रत्याशियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

विश्व हृदय दिवस पर रक्तदान शिविर

चंदवा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस पर रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा, डॉ मनोज, उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने किया। 13 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

मंत्री सत्यानंद भोगता पहुंचे लातेहार

लातेहार। राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता एक दिवसीय दौरे पर लातेहार पहुंचे। इस दौरान मंत्री पुलिस लाइन के बगल में सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम (कौशल भारत खुशहाल भारत) द्वारा आयोजित स्कूटी/बाइक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

सेवा पखवाड़ा के तहत निकाली गई रैली

लातेहार। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, योजना पदाधिकारी संतोष भगत, स्वास्थ्य विभाग की टीम आदि उपस्थित थे।

11 सितंबर को वज्रपात के कारण खराब हो गया था ट्रांसफार्मर

20 दिन से अंधेरे में रह रहे आदर्श नगरवासी

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड मुख्यालय से सटे आदर्श नगर में पिछले एक हफ्ता से बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है। आदर्श नगर के पूरे ग्रामवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बताते चलें कि 11 सितंबर को वज्रपात से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्राम वासियों ने इसकी लिखित सूचना भी बिजली विभाग के ऑफिस में दी। फोन के माध्यम से भी महुआडांड़ के जेई दुर्गा शंकर सिंह, जो वर्तमान में एसडीओ के प्रभार में हैं, को इसकी जानकारी दी गई, परंतु अभी तक इसका कोई निदान नहीं निकल पाया है। पूरे ग्रामवासी अंधेरे में जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।

क्या कहते हैं ग्रामीण : इस संबंध में हीरालाल प्रसाद, नीतीश कुमार, बाल गोविंद प्रसाद, विशेष केसरी, गुलाब तिर्की, बसंती मिंस, इसराइल अंसारी, मेजारूल अंसारी, इत्यादि लोगों ने बताया कि इसके पूर्व में भी यह ट्रांसफार्मर कई बार खराब हो चुका है परंतु किसी तरह ट्रांसफार्मर को बनाकर 50 से 60 घरों में बिजली की सप्लाई की जा रही है। लोड अधिक होने के कारण यह ट्रांसफार्मर इसके पहले भी कई बार खराब हो चुका है। इस संबंध में अरुण टोप्पो, सुषमा नगेसिया, संजय केसरी, रामपती देवी, विजय तिर्की इत्यादि लोगों ने ट्रांसफार्मर को यथाशीघ्र बदलने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है।

क्या कहते हैं जेई : इस संबंध में बिजली विभाग के जेई दुर्गा शंकर सिंह ने बताया कि फोन पर बात हुई है। नये ट्रांसफार्मर की व्यवस्था विश्वकर्मा पूजा के बाद हो जाएगा, परंतु इतने दिनों के बाद भी एसडीओ साहब दुर्गा शंकर सिंह का वादा फेल होता हुआ नजर आया और पूरा आदर्श नगर मोहल्ला अंधकार में जीने के लिए विवस और मजबूर हैं।

पुलिस ने दो बकरा चोरों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर
पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से दो बकरा चोरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार बकरा चोर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पांडेयटोला निवासी निर्जू पांडेय का पुत्र सोनू पांडेय व अवध दांगी का पुत्र बिट्टू कुमार दांगी है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया की सिंदुरब्बे गांव निवासी किशुन उरांव की पत्नी मंजू देवी ने दो बकरे की चोरी होने का लिखित आवेदन स्थानीय थाने में दी थी। आवेदन में कहा गया था कि बीते गुरुवार को बंदरचुंवां जंगल समीप बकरा चरा रहे थे। इसी बीच एक ब्लू रंग के अपाची में सवार दो युवक

दो बकरे को उठाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 66/2023 दर्ज कर दोनो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया गया कि ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को बीटू दांगी के बलरी बकसी भंडार घर से बरामद किया गया। मालूम हो कि बीटू दांगी मवेशी चोरी के मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है, जबकि मवेशी चोरी कई बार कर चुका है।

मनिका प्रखंड में ग्राम स्वराज मजदूर संघ के बैनर तले निकली गई रैली

'क्या चाहता है लातेहार, शिक्षा का अधिकार'

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय जमुना में, जहां 120 बच्चे अध्ययनरत हैं, एकमात्र शिक्षक नियुक्त हैं, जो 11.00 बजे आते हैं और 1.00 बजे वापस चले जाते हैं। इससे स्कूली बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। यह समस्या अकेले जमुना की नहीं बल्कि मनिका प्रखंड के 100 प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5) में से 44 विद्यालयों की है।

इतना ही नहीं, प्रखंड के 45 उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जिनमें से 3 विद्यालय एकल शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। बच्चों के भविष्य से सरकारी अन्याय के खिलाफ शुक्रवार को मनिका हाई स्कूल से मुख्य सड़क होते हुए प्रखंड कार्यालय तक विभिन्न गांवों से प्रभावित बच्चे, उनके अभिभावक और ग्राम स्वराज से जुड़े संगठन के लोगों ने ग्राम स्वराज मजदूर संघ के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली, जो प्रखंड कार्यालय पहुंच कर आम सभा में तब्दील हो गई। रैली में शामिल लोग और बच्चे हाथों में तख्तियां लिए हुए अपनी बात कह रहे

थे। तख्तियों में लिखा था, क्या चाहता है लातेहार, शिक्षा का अधिकार। राष्ट्रपति का बेटा हो या गुलगुलिया की संतान, सबको शिक्षा एक समान, सबको शिक्षा एक समान। बाल बुतरू की एक ही पुकार, शिक्षा का हो मूल अधिकार। बोझिल शिक्षा खारिज करो, काबिल शिक्षा हाजिर करो। वहीं प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सह सामाजिक कार्यकर्त्ता ज्यां द्रेज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसको हर हालत में पूरा करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह बच्चों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी है कि उन्हें ऐसे स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है जहां टीचर न हों। उन्होंने बताया कि हर तीस बच्चों पर एक टीचर होना चाहिए और हर स्कूल में कम से कम 2 शिक्षक होने चाहिए। हम कई ऐसे बच्चों से मिले जो पांचवी कक्षा में हैं लेकिन नहीं पढ़ पा रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चा बेवकूफ है। इसका मतलब यह है कि सरकार बच्चों को पढ़ा नहीं रही है।

वहीं सामाजिक कार्यकर्त्ता जेम्स हेरेंज ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से वंचित करना एक हिसाब से देश को कमजोर करना है। ये परिस्थिति अकेले मनिका की नहीं है बल्कि पूरे राज्य की है। झारखंड में 2016-17 के बाद से किसी शिक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है। कानूनी प्रावधान के हिसाब 44 विद्यायालों में 106 टीचर होने चाहिए लेकिन केवल 44 हैं। इन स्कूलों को 62 टीचर और चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी (कविता खलखो) सारी परेशानियां जान कर भी कहती हैं कि मैनेज कीजिए। इसका मतलब ये हुआ कि संविधान में राज्य को जो निर्देश दिया गया है उन संविधानिक जवाबदेही को सरकार पूरा करने में विफल हुई है। आदिवासी और दलित बच्चों को शिक्षा से वंचित करना एक साजिश का हिस्सा भी है। क्योंकि शिक्षा से नौजवान सवाल पूछना प्रारंभ करते हैं और सरकारों के लिए जवाब देना मुश्किल होता है। सभा को ग्रामीण मनोज सिंह, संतोष सिंह, बीना देवी, सकलदीप सिंह, छात्रा पायल कुमारी, यमुना देवी तथा ग्राम स्वराज मजदूर संघ की तरफ से श्यामा सिंह, नेमी देवी, परान, अपूर्व जुगेश्वर सिंह, लालबिहारी सिंह, दिलीप रजक, महावीर परहिया, आदि ने संबोधित किया। पटना के लोकगायक मनोज सिंह ने जागरूकता गीत पेश किया। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है।

हाथियों ने लाखों की फसलें रौंदी किसानों में रोष

लातेहार। हेरहंज रेंज के जंगल में डेरा जमाए हाथियों ने गुरुवार रात्रि में हुम्बू गांव के किसानों की करीब 7- 8 एकड़ भूमि में लगी लाखों रुपये की धान, मक्का, टमाटर की फसल को रौंद डाला। इससे किसानों में भारी रोष है। किसान शौकत खान, हसीब खान, अफसर खान, अयुब खान ने बताया कि उनकी खेत हुम्बू गांव के बगल में मलती के पास है। गुरुवार की रात को जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने फसलों को बर्बाद कर दिया है। तालाब को नुक्सान पहुंचाया है। झुंड में करीब 25 - 26 की संख्या में हाथी हैं। शुक्रवार की अहले सुबह जब खेत पहुंचे तो देखा कि हाथियों द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। किसानों का कहना है कि हेरहंज रेंज में हाथी कई माह से डेरा जमाए हुए हैं। डीएफओ से किसानों ने हाथियों द्वारा तबाह की गई फसलों का मुआवजा दिलाने का आग्रह किया है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

लातेहार। उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन आदि के विरुद्ध हो रहे कार्यों की समीक्षा कर नियमित रूप से जांच अभियान चला कर अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध खनन तथा अवैध खनिज के परिवहन में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध किये गये प्राथमिकी की संख्या के बारे जिला खनन पदाधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित छापेमारी कर अवैध खनन में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का औचक जांच करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को दिया। उन्होंने कहा खनिज के परिवहन में नियम का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कानूनी कारवाई करें। उपायुक्त ने कोल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों को अपने क्षेत्र में अवैध खनन के रोकथाम हेतु समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत सभी कोल परियोजना के महाप्रबंधकों को कोल माइंस में रात्रि के समय में निगरानी हेतु लाइट की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

शहर की सभी खराब स्ट्रीट लाइटें की जाएंगी दुरुस्त

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
दुर्गा पूजा व श्रीरामचरित मानस नवाह्नय परायण पाठ महायज्ञ को लेकर नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन की अध्यक्षता में पूजा संघों के अध्यक्ष व सचिवों की बैठक हुई। प्रशासक ने पूजा पंडालों को हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने पूजा पंडालों में कम से कम दो सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रोस्टर बनाकर करने की बात कही।

इसके अलावा शहर की सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की भी बात उन्होंने कही। समिति के महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रमों का शुभारंभ 14 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। समिति के सचिव आशीष टैगोर ने मानस पथ में गिरे गृह निर्माण सामग्रियों को हटवाने का आग्रह किया। विसर्जन स्थल बड़ा तालाब में पर्याप्त लाइटिंग एवं गोताखोर की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। राजा दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने पूजा पंडालों के ऊपर लगे बिजली के तारों को अस्थायी रूप से हटाने एवं पेड़ों की छटाई कराने का आग्रह किया। बैठक में कुमार सागर, मुकेश सोनी, शैलेश कुमार, बलवंत सिंह, मनमोहन राम, राजकुमार वर्मा, नगर प्रबंधक जय लक्ष्मी भगत, कनीय अभियंता संदीप बेदिया, नगर पर्यवेक्षक रंधीर कपूर, राजस्व संग्रहकर्ता राजू प्रसाद उपस्थित थे।

जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित

चतरा। सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने हेतु गठित जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य रूप से नेशनल कॉपरेटिव डेटाबेस को नियमित और समय पर अद्धतन करना, नेशनल कॉपरेटिव डेटाबेस के अंतर विश्लेषण के आधार पर नई बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य जीवी सहयोग समितियों का गठन करना, पैक्सो को झारखंड राज्य सहकारी बैंकों से संबद्धता, जिला सहकारी संघ यदि अस्तित्व में नहीं है तो जिला सहकारी संघ की स्थापना, नई सहकारी समितियों के पंजीकरण को आसान बनाना, पैक्सो में गोदाम निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराना, पेट्रोल/ डीजल डीलरशीप अंतर्गत आउटलेट अधिष्ठापन हेतु विभाग से चिन्हित स्थान के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आदि बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया।

दो बाइकों के बीच टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप शुक्रवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

दुर्घटना में चार युवक घायल हो गए, जिनमें एक युवक को गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार चकला नवाटोली निवासी संतोष यादव अपने सहयोगी झमन यादव के साथ गैरेज लेन के समीप बाइक को धीमी कर सड़क पर मुड़ने की कोशिश कर रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक सवार दो युवकों ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद वहां मौजूद भाजपा नेता सह समाजसेवी विजय दुबे ने सभी घायलों को टेंपो से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने संतोष यादव रिम्स रेफर कर दिया। उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया है व उसके सिर के पिछले हिस्से में भी चोट के निशान हैं। वहीं दुर्घटना में घायल दो अन्य युवकों की पहचान बालूमाथ के चितरपुर निवासी सुजीत कुमार उंराव पिता महेश उरांव व प्रदीप उंराव पिता राजेंद्र उरांव के रूप में हुई है।

समारोह करांटे प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

रंजन व चेतन ने किया गोल्ड पर कब्जा

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
रांची में आयोजित खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता में बरवाडीह के रंजन सिंह व चेतन सिंह ने कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रांची के खेल गांव गणपत राय इंडोर स्टेडियम में 27 व 28 सितंबर को राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें सैंसुइ मदन लाल के नेतृत्व मेंलातेहार जिले के आधा दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। बरवाडीह से अंडर 17 वर्ग, 50 किग्रा कुमिते में रंजन सिंह और अंडर 19 वर्ग, 50 किग्रा में चेतन सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को

शुक्रवार को बरवाडीह पहुंचने पर राजकीय कृत उच्च विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका सुनीता टोप्पो द्वारा लातेहार जिला कराटे डु एसोसिएशन के अध्यक्ष सेन्सेई मदन लाल, सचिवजंग बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष संगीता टोपनो को भी सम्मानित किया गया। इस सफलता में शिक्षक रमेश कुमार, मुख्य कराटे प्रशिक्षक सेन्सेई मदन लाल और उनके सहयोगी जंग बहादुर सिंह, संगीता टोपनो की भूमिका की भी सराहना की गई।

मेदिनी राय तर्पण चेरो मिलन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

मनिका। प्रखंड स्थित सूरज देव सिंह के आवास पर शुक्रवार को राजा मेदनी राय युवा मंच पलामू प्रमंडल के द्वारा राजा मेदिनी राय तर्पण कार्यक्रम एवं चेरो मिलन समारोह को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मनिका निवासी सुरेंद्र सिंह ने की। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 अक्टूबर को सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया स्थित औरंगाबाद नदी के तट पर शिव मंदिर के प्रांगण में राजा मेदनी राय तर्पण कार्यक्रम एवं चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर चेरो समाज के कमेटी संयोजक अवधेश सिंह, रमेश सिंह चेरो, प्रमंडलीय अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, करीमन सिंह, सचिव गुरु सिंह, मीडिया प्रभारी विनय सिंह आदि उपस्थित थे।

विहिप का शौर्य जागरण रथ पहुंचा सिमरिया व पत्थलगड़ा, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया/पत्थलगड़ा(चतरा)
विश्व हिंदू परिषद का शौर्य जागरण रथ शुक्रवार को सिमरिया व पत्थलगड़ा पहुंचा, जिसका विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है एवं मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समस्त हिंदू समाज को आमंत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। रथ यात्रा सिमरिया पुराना ब्लॉक के पास से होते हुए सुभाष चौक पहुंचा। रथ के स्वागत में पूरे सिमरिया चौक में भगवा ध्वज लगाया गया था और सभी कार्यकर्ता हाथ में केसरिया ध्वज लिए हुए थे। इसके बाद रथ पत्थलगड़ा प्रखंड के लिए रवाना

हुआ। इस दौरान प्रखंड के सीमाने पर आरएसएस बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया और बाइक में भगवा झंडे में सवार भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अगवानी कर रथ को क्षेत्र में भ्रमण कराया। विभिन्न चौक चौराहों में फूलों की वर्षा कर शौर्य रात का स्वागत किया गया। रथ के साथ बजरंग दल के सुधीर कुमार, अंकित पांडेय, नकुल कुमार, विजय पांडेय, संजय चौबे सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, उपेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दया निधि सिंह, अमित कुमार, कृष्ण चंद्र सिंह, अंकित कुमार, कन्हैया सिंह सहित भरी संख्या में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के लोग शामिल थे।

गागर में सागर

बच्चों के अंदर स्वावलंबन का विकास करना हमारा लक्ष्य : प्रधानाचार्य पांडे

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में खुला दिवस का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ समाजसेवी अशोक कुमार द्वारा किया गया। सभी अभिभावकों को अर्धवार्षिक परीक्षा की कॉपी का अवलोकन कराया गया, जिसमें लगभग 100 से भी अधिक अभिभावक उपस्थित रहे।स्वावलंबन सप्ताह के अंतर्गत हस्तकला का प्रशिक्षण दिया गया। भैया बहनों में स्वावलंबन की भावना को जागृत करने के लिए पेपर से ठोंगा निर्माण, लिफाफा निर्माण तथा झालमुरी निर्माण कला का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्य को संपादित करने में सुनीता दीदी जी द्वारा दिशा निर्देशन दिया गया। ठोंगा एवं लिफाफा निर्माण राहुल कुमार साहू, रोहित कुमार साहू, सुप्रशांत भगत, ऋषि मेहता, लक्ष्य कुमार, पायल कुमारी, तृषा जायसवाल एवं आयुष कुमार द्वारा किया गया। झालमुरी निर्माण कार्य में प्राची सोनी, आस्था पांडे, अदिति कुमारी, चंचल कुमारी एवं अन्य बहनों द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि हस्तकला प्रशिक्षण स्वावलंबन की भावना को जागृत करता है। अतः बालकों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कार्य में लगे सभी आचार्यों को साधुवाद प्रदान किया।

कैरो थाना में गाली गलौज व मारपीट का मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

कैरो। सढाबे निवासी 27 वर्षीय रोहित गोप ने थाने में लिखित आवेदन देकर गाली गलौज एवं मारपीट करने को लेकर गांव के ही राजू उरांव, सुनील उरांव के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कहा गया है कि 26 सितंबर की शाम लगभग 7 बजे माधव लोहरा के घर पास से अपने घर जाने के क्रम में राजू उरांव व सुनील उरांव द्वारा मुझे रोक कर गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जान से मारने का धमकी दी। पुलिस मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई में जुड़ गई।

स्वास्थ्य उपकेंद्र मसमानो में चोरी का असफल प्रयास, प्राथमिकी दर्ज कराई

भंडरा। स्वास्थ्य उप केंद्र मसमानो की खिड़की तोड़कर स्वास्थ्य केंद्र में रखे सामानों की चोरी करने का असफल प्रयास अज्ञात चोरों ने किया है। स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम 28 सितंबर को छुट्टी में थी। इसी क्रम में स्वास्थ्य केंद्र का खिड़की तोड़कर स्वास्थ्य उप केंद्र के सामानों की चोरी करने का असफल प्रयास अज्ञात चोरों ने किया। 29 सितंबर को स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम ड्यूटी पर आए तो देखा कि स्वास्थ्य केंद्र का खिड़की टूटा हुआ है। वेंटीलेटर वगैरह को तोड़ा गया है। इसकी सूचना प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डा संजय को दी गई। डॉक्टर संजय कुमार ने भंडरा थाना में आवेदन देकर मामले पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इसकी सूचना सिविल सर्जन लोहरदगा को भी दी गई।

कोयल- भक्सो मुक्तिधाम के लिए आरओ फिल्टर किया किया दान

लोहरदगा। कोयल- भक्सो मुक्ति धाम में पेयजल समस्या को देखते हुए लोहरदगा अपर बाजार निवासी स्व. बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल के सुपुत्र नारायण अग्रवाल एवं नंदलाल महतो ने केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के संरक्षक कवलजीत सिंह से संपर्क करके पानी का आर ओ फिल्टर मुक्तिधाम को दान में दिया। वही हॉट एंड कूल के मालिक प्रवीण कुमार के द्वारा चार स्टील का ग्लास मुक्तिधाम को समर्पित किया गया। मौके पर मुक्तिधाम अध्यक्ष मनोज गुप्ता, संरक्षक विनोद सिंह, अमिय कुमार गुप्ता, सोहन साहू उदय बर्मन ,सुमित विश्वकर्मा, उदय दत्ता, सत्यकाम, दानी नारायण अग्रवाल, नंदलाल महतो, संजय महतो, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। केंद्रीय मुक्तिधाम समिति ने इन दानदाताओ के प्रति आभार व्यक्त किया।

छात्रा ने प्रांतीय विज्ञान व गणित मेले में लहराया जीत का परचम

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर पत्र वाचन में अन्वेषा बनी स्टेट टॉपर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा नवम की छात्रा अन्वेषा मुखर्जी ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला में जीत का परचम लहराया है। गुमला विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए किशोर वर्ग में विज्ञान पत्र वाचन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अपना पत्र प्रस्तुत करते हुए उसने पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उसने क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली। प्रतियोगिता में भाग लेने साथ गए मार्गदर्शन आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने बताया कि छात्रा ने प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रस्तुति दी और निर्णायक मंडली की प्रशंसाप्रशंसा भी बटोरी। उसने निर्णायक मंडली के सभी प्रश्नों

का भी उत्तर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बताया कि अन्वेषा ने विभाग स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मानवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसने विद्यालय के साथ-साथ पूरे गुमला विभाग का भी प्रांत स्तर पर मान बढ़ाया है। उसकी सफलता पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, शशिधर लाल अग्रवाल, अजय प्रसाद, विनोद राय, अश्विनी कुमार, कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, शीला अग्रवाल, शोभा देवी, जीतराम बड़ाइक, पुष्कर महतो, प्रदीप कुमार और विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मी भी शामिल है।

डॉ. कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस कल होगी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने लोहरदगा प्रवास कर 1 अक्टूबर को होने वाले डॉ. कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा विगत 35 वर्षों से लगातार 1 अक्टूबर को पंख राज साहब कार्तिक उरांव के स्मृति में साइकिल रेस का आयोजन लोहरदगा बक्शीडीपा से जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी बिशनपुर तक 51 किलोमीटर का आयोजन किया जाता है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के मौके पर घाघरा से जतरा जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी तक 28 किलोमीटर विकास मैराथन दौड़ एवं 3 अक्टूबर को सिंह बोंगा मैराथन दौड़ नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर से जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी बिशनपुर तक 28 किलोमीटर आयोजित किया गया है। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के

सैकड़ों जनजातीय एवं ग्रामीण युवा भाग लेते हैं। यह महोत्सव ग्रामीण युवाओं में राष्ट्र प्रेम एवं धर्म संस्कृति के प्रति जागरण का अभियान है। महेंद्र भगत ने साइकिल रेस के उद्घाटन समारोह की तैयारी की समीक्षा की एवं युवाओं से ज्यादा से ज्यादा इस रेस में भागीदारी की अपील की। बैठक में देवेंद्र मंडल, प्रणव पाठक, रामस्वरात महतो, देवेंद्र महतो, जन्मजय महतो, उमेश सिंह, जयराम उरांव, बिहारी सिंह, मिथुन तमेरा, राजदीप आदि उपस्थित थे।

दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के सचिव बने तापस रॉय

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
श्री श्री दुर्गा बाड़ी पूजा समिति की बैठक मंदिर प्रांगण में विजय गोपाल दत्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सचिव तापस कुमार रॉय चुने गए। मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। साथ ही भव्य विद्युत सज्जा के अलावे भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रतिमा दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका भी ख्याल रखा जाएगा। इधर बैठक के अंत में पवित्र दास, चित्रा भादूड़ी, बेला दास, दुलाल चंद्र डे व नोमीता गांगुली के निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर देवाशीष कार, आर एन राय, सत्यजीत घोष, भास्कर दास गुप्ता, रंजीत डे, प्रबीर दत्ता, सोमनाथ दत्ता, शंभूनाथ भादुड़ी, दीनबंधु डे, सपन दास, किशोर चौधरी, सीमा कौर, बेली दी, शौर्यदीप दत्ता, शुभम घोष सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन 1 को

लोहरदगा। स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण के संयुक्त सहयोग से 1 अक्टूबर (रविवार) को पूर्वाह्न 10 बजे एक साथ एक घंटे स्वच्छता हेतु श्रम के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान आयोजित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान संयुक्त रूप से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। इसका लक्ष्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, तालाबों, पर्यटन स्थल, चिड़ियांघर, ऐतिहासिक स्मारक, विरासत स्थल, नदी का किनारा, घाट, नालियां, बाजार-हाट, सरकारी संस्थाएं इत्यादि सार्वजनिक स्थानों को व्यापक स्तर पर स्वच्छ करना है। सभी ग्राम/पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। हर वर्ष की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिता/श्रमदान है।

'देश में निर्मित वस्तुओं के प्रयोग से अर्थव्यस्था होती है मजबूत'

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वदेशी सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत महात्मा गांधी के जन्म दिवस तक प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो एवं विद्यलाय के प्रधनाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

महतो ने कहा कि मजबूत एवं सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना अति आवश्यक है ताकि राष्ट्र व देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले और देश सबल सके हो सके। वहीं तिवारी ने कहा कि आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में आर्थिक समृद्धि के लिए देश में

बने निर्मित वस्तु को ही प्रयोग करना चाहिए। विद्यालय में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा षष्ठ से दशम के भैया बहन के बीच प्रतियोगिया कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त सफल छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम प्रमुख प्रतिभा देवी द्वारा शुभकामना दी गई। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मालती कुमारी, डॉली कविता, मीना देवी, प्रेमशीला उरांव, राजकिशोर उरांव आदि उपस्थित थे।

राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का धरना-प्रदर्शन आज

लोहरदगा। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला शाखा लोहरदगा के तत्वाधान में चौकीदार दफादार अपनी मांगों को लेकर 30 सितंबर दिन शनिवार को को समाहरणालय मैदान उपायुक्त कार्यालय लोहरदगा के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि कृष्ण दयाल सिंह राज्य अध्यक्ष भाग लेंगे। इस धरना प्रदर्शन में जिले के चौकीदार घटवार भाग लेंगे। उक्त जानकारी झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संयुक्त सचिव समसुल अंसारी ने दी।

उन्होंने बताया कि चौकीदार की मांगों में झारखंड सरकार के द्वारा 2014-15 में करीब 450 चौकीदारों को नौकरी करने के बाद सेवा से विमुक्त कर दिया गया है जो चौकीदारों के साथ अन्याय है उनकी सेवा वापस करते हुए वेतन का भुगतान किया जाए, सेवानिवृत्त चौकीदारों के आश्रित को पूर्व प्रक्रिया के तहत बहाल किया जाए, अनुकंपा के आधार पर बहाली में मैट्रिक पास अनिवार्यता को समाप्त करते हुए बहाल किया जाए, जिन चौकीदारों को एसीपी/एम ए सी पी का लाभ नहीं मिला है,तत्काल लाभ दिया जाए, प्रति वर्ष चौकीदारों को ?10000 रुपया वर्दी मद में आवंटन मुहैया कराया जाए, टॉर्च कंबल जूता इत्यादि सामग्री का वितरण किया जाए समेत अन्य मांगें शामिल है।

स्कूली छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेन्हा व पेशरार की छात्राओं द्वारा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, एएसआई रामचंद्र मांझी, वार्डेन पूनम कुमारी तथा विद्यालय के शिक्षिका और छात्राओं के द्वारा प्रभातफेरी से पूर्व देश के शहीद वीर जवानों श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। मौके पर प्रेमदानी कुजूर, जयमाला कुमारी, निर्मला टेटे, शिखा रानी, ईश्वरी प्रसाद, पिंकी कुमारी, प्रियंका एक्का, सिकंदर हयात, उर्मिला एक्का, ममता कुमारी, सोनाली सिकदल, मीनू कुमारी, सुनंदा कुमारी आदि उपस्थित थे।

मेरा माटी, मेरा देश के तहत प्रभातफेरी निकली

भंडरा। मेरी माटी, मेरा देश पखवारा के तहत लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा एवं प्रोजेक्ट वंशीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा के शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर कुम्बा टोली में रोड थाना मोड़ होते हुए वापस विद्यालय परिसर में पहुंची। इस संबंध में विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर सुधांशु ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यालय को भी जोड़ा गया है। प्रभात फेरी में मुख्य रूप से डॉक्टर सुधांशु, धर्मदेव प्रसाद,अजय साहू, बिंदिया कुमारी, सावित्री साहू, सीमा कुमारी, रोशनी, जुड़ी, बसंती उरांव, रामजी साहू सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

3 से 9 अक्टूबर तक मनाया जाएगा संकल्प सप्ताह

लोहरदगा। आंकाक्षी प्रखंड अंतर्गत चयनित प्रखंड में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को आकांक्षी प्रखड कार्यक्रम पोर्टल और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का प्रमोशन भारत मंडपम, दिल्ली से करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम से जुड़े तकनीकी एवं गैरतकनीकी पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य व अन्य निर्वाचित सदस्य भाग लेंगे।

स्वास्थ्य मेला आज

सेन्हा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में शनिवार को आयुष्मान भवः के तहत चिकित्सा मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें विभिन्न बीमारियों के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्या निशि ने बताया कि मेला में आंख, कान, नाक, दंत और स्त्री रोग तथा टीबी, मलेरिया आदि का इलाज सर्जन के द्वारा किया जायेगा।

आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी हुई, बिपिन दास बोले

अभिभावकों के मार्गदर्शन से होगा बच्चों का विकास

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में दशम कक्षा के अभिभावकों की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बोर्ड परीक्षा में अपनी सराहनीय उपलब्धि सभी भैया बहन दर्ज कर सकें इसके लिए योजना पूर्वक पठन-पाठन की दिनचर्या पर बल देते हुए सभी अभिभावकों को भैया बहनों की निगरानी एवं देख-रेख करने की सलाह दी गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभिभावक विद्यालय की रूटीन, उपस्थिति, विद्यालय आगमन,

डायरी चेक, बच्चों के साथ समय देना, पूछताछ करना, आदि बातों पर विशेष ध्यान देंगे। आगत सभी अभिभावकों ने विद्यालय व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी विद्यालय द्वारा दी गई कार्य योजनाओं का पालन करते हुए अपने पाल्य का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें समय से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय के द्वारा बुलाए जाने पर हम सभी अवश्य आएंगे एवं विद्यालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का पालन करेंगे। गोष्ठी का आयोजन सराहनीय है। गोष्ठी में लगभग 65 अभिभावकों की उपस्थित हुई। पुष्पार्चन से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। सभी अभिभावकों के सुझाव आए। भैया बहनों के अभिभावकों को परीक्षा की कॉपियां दिखाई गईं। संगोष्ठी के सफल आयोजन में दशम कक्षा के कक्षाचार्य मधुमिता शर्मा, प्रमेंद्र सिंह एवं जया मिश्रा का विशेष योगदान रहा। शांति मंत्र के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली और स्वच्छता श्रमदान का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। गुमला
केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने विशिष्ट अतिथियों मुखिया नवागढ़ पंचायत किरण बिलुंग एवं मुखिया जरजट्टा पंचायत मार्था एक्का का स्वागत किया। मौके पर उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं अतिथिगणों ने महात्मा गांधी को याद करते हुए स्वच्छता की शपथ ली। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर सभी ने स्वच्छता श्रमदान दिया जिसके तहत बिखरे हुए प्लास्टिक कूड़े और गंदगी को उठाया गया।

इस के बाद आसपास के इलाकों में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा छात्राओं के बीच झाड़ू, कूड़ेदान आदि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक अंजनी मिश्र ने किया। मौके पर शिक्षिका संध्या कुमारी, रोज कांता एक्का, राधिका कच्छप और अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

6 बीमा बड़ी कंपनियों को मिला 3 हजार करोड़ का नोटिस

जीएसटी चोरी की चल रही जांच

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की कई बड़ी बीमा कंपनियां टैक्स चोरी को लेकर चल रही एक जांच के दायरे में आ गई हैं। उनमें आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का भी नाम शामिल है। मामले की जांच कर रहे जीएसटी सतर्कता महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने टैक्स चोरी को लेकर चल रही जांच के सिलसिले में 6 बीमा कंपनियों को 3000 करोड़ रुपए के नोटिस भेजे हैं।

एक खबर के अनुसार, इन बीमा कंपनियों के ऊपर आरोप है कि उन्होंने री-इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी का भुगतान नहीं किया है, जबकि उन्हें को-इंश्योरेंस कंपनियों से कमिशन मिले हैं। इसे लेकर डीजीआईआई ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड समेत 6 बीमा कंपनियों को करीब 3000 करोड़ रुपए के नोटिस भेजा है। खबर में जीएसटी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि जिन बीमा कंपनियों को नोटिस भेजे गए हैं, उन्होंने री-इंश्योरेंस प्रीमियम पर को-इंश्योरेंस कंपनियों से कमिशन वसूला लेकिन जीएसटी का भुगतान नहीं किया। हालांकि अधिकारी ने किसी कंपनी का नाम नहीं बताया लेकिन उन्होंने बताया कि भेजे गए नोटिस करीब 3000 करोड़ रुपए के हैं। ब्याज और जुमार्ना जोड़ने पर नोटिस की रकम बढ़ सकती है। दूसरी ओर प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने जीएसटी चोरी को लेकर मिले नोटिस के बारे में खुद ही शेयर बाजारों को जानकारी दी है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने बताया है कि उसे 1,729 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस मिला है। कंपनी ने बताया है कि यह नोटिस जुलाई 2017 से मार्च 2022 के दौरान मिले री-इंश्योरेंस प्रीमियम को लेकर है। कंपनी डीजीजीआई से मिले कारण बताओ नोटिस का जवाब देने की तैयारी कर रही है। इससे पहले सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी भी जीएसटी जांच के दायरे में आई थी। एलआईसी समेत कई बीमा कंपनियां पहले से इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर जांच का सामना कर रही हैं। इसे लेकर एलआईसी को पिछले सप्ताह 290 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा गया था, जिसमें ब्याज और जुर्माना शामिल था। एलआईसी के ऊपर प्राप्त प्रीमियम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट को रिवर्स नहीं करने का आरोप है। प्रीमियम पर आईटीसी रिवर्स नहीं करने के चलते कई बीमा कंपनियां टैक्स अधिकारियों के निशाने पर हैं। टैक्स अधिकारियों का ये भी कहना है कि कई बीमा कंपनियों ने इंटरमीडियरिज और एजेंट से मिले फर्जी बिल के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम किया है। इसे लेकर डीजीजीआई के मुंबई, गाजियाबाद, बेंगलुरू ऑफिस में जांच चल रही है।

क्यूबेक पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को मारी गोली

कनाडा। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, लेगॉल्ट के खिलाफ कथित तौर पर धमकी देने के बाद क्यूबेक पुलिस ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। प्रांतीय पुलिस की सामरिक टीम के एक सदस्य द्वारा प्रीमियर फ्रेंकोइस लेगौल्ट और प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो को धमकी देने के संदेह में एक व्यक्ति को गोली मारने के बाद क्यूबेक की पुलिस निगरानी जांच कर रही है। एजेंसी, जिसे ब्यूरो डेस एनक्वेट्स इंडिपेंडेंटेस के नाम से जाना जाता है, उनका कहना है कि मॉन्ट्रियल से लगभग 180 किलोमीटर पूर्व में स्कॉट्सटाउन, क्यू में एक घर में बुधवार की सुबह गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान गोलीबारी हुई। बीईआई के अनुसार, वह व्यक्ति घायल हो गया था और उसकी हालत स्थिर है। मॉन्ट्रियल पुलिस ने बुधवार देर रात पुष्टि की कि संदिग्ध ने कथित तौर पर लेगौल्ट और ट्रूडो के खिलाफ धमकी दी थी। लेगॉल्ट के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वह स्थिति से अवगत है और निर्वाचित अधिकारियों के खिलाफ सभी धमकियां अस्वीकार्य हैं और इसकी निंदा की जानी चाहिए।

कृषि क्षेत्र में कर्ज अगस्त महीने में 16.6% बढ़ा : आरबीआई

एजेंसी। मुंबई

कृषि और संबद्ध गतिविधियों में कर्ज वृद्धि पिछले महीने बढ़कर 16.6 प्रतिशत रही। वहीं बकाया कर्ज 18 लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल अगस्त महीने में कृषि और संबद्ध गतिविधियों में कर्ज वृद्धि 13.4 प्रतिशत रही थी। बैंकों की तरफ से इस क्षेत्र को दिया गया सकल कर्ज 17,96,113 करोड़ रुपए रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, उद्योग क्षेत्र को कर्ज इस साल अगस्त में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसमें 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, अगस्त 2023 में बुनियादी धातु और धातु उत्पादों और वस्त्रों के लिये कर्ज में सालाना आधार पर तेजी आई। हालांकि, रसायन और रासायनिक उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कर्ज वृद्धि घटी है। सेवा क्षेत्र को दिए गए कर्ज में इस साल अगस्त में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी महीने में 17.4 प्रतिशत थी। व्यक्तिगत कर्ज में वृद्धि आलोच्य महीने में कम होकर 18.3 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 19.4 प्रतिशत थी।

बलूचिस्तान में विस्फोट में 34 लोगों की हुई मौत, सैंकड़ो घायल

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। विस्फोट में मारे गए लोगों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) भी शामिल हैं। यह भारी विस्फोट बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में एक मस्जिद के पास हुआ, जहां लोग पैगंबर मोहम्मद की जयंती मनाने के लिए इकट्ठा हो रहे थे। मस्तुंग के सहायक आयुक्त अत्ता उल मुनीम ने बताया कि विस्फोट काफी घातक था, जिस कारण चारों तरफ मातम छा गया। जिला प्रशासन के मुताबिक पीड़ितों में मस्तुंग के डीएसपी नवाज गशकोरी भी शामिल हैं। घायल लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है और उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। किसी ने भी विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने एक बयान में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। मस्तुंग जिले में सितंबर में यह दूसरा बड़ा विस्फोट था। इस महीने की शुरूआत में एक विस्फोट में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) नेता हाफिज हमदुल्ला सहित कई लोग घायल हो गए थे।

1 अक्तूबर से सीमेंट के प्रति बोरी पर 15 रुपये की होगी बढ़ोत्तरी

एजेंसी। नई दिल्ली

अगर आप घर बनाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपको झटकना देने वाली है। दरअसल, सीमेंट कंपनियां मांग कम होने के बावजूद कार्टेल बनाकर एक बार फिर एक अक्टूबर से 15 रुपए प्रति बोरी की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। कंपनियों ने डीलरों को इसकी सूचना दे दी है। सीमेंट कंपनियों का कहना है कि उत्पादन लागत बढ़ जाने के कारण कीमत बढ़ाने जा रहे हैं। अगस्त तक 310 से 320 रुपये बोरी बिकने वाली सीमेंट की कीमत एक सितंबर को एक साथ 50 रुपये बढ़ा देने के बाद रिटेल में प्रति बोरी 360 रुपये पहुंच गई है। अब कंपनियों द्वारा एक बार फिर बढ़ोतरी से यह बाजार में रिटेल में 400 रुपये बोरी तक पहुंच जाएगी। इसका असर निर्माण कार्यों पर पड़ना निश्चित है। बता दें कि सीमेंट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख राज्यों में शामिल है। देश की कुल जरूरत का लगभग 20 प्रतिशत सीमेंट का उत्पादन यहां होता है। यहां सीमेंट कंपनियों के 14 प्लांट संचालित हैं, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 260 लाख टन है। आंध्र प्रदेश देशभर में सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक राज्य है। राजस्थान दूसरा, कर्नाटक तीसरा, मध्य प्रदेश चौथा सबसे ज्यादा सीमेंट उत्पादक राज्य है। एक अक्टूबर से दाम बढ़ सकते हैं जिस कारण निर्माण कार्यों पर असर पड़ेगा।

कार्यालय : उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(जिला विकास शाखा)
Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

सूचना

पलामू जिला अंतर्गत प्रखण्ड–पण्डवा एवं नावाबाजार के सभी ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि एवं आम जनता से अनुरोध है कि यदि आपके पास अंचल–पण्डवा के पण्डवा खाता–263 एवं 323, प्लॉट सं0– 1079, 680, 1246, 1214, 1192, 1216, 1168, 1104, 1215, 954, 664, 1047 एवं 1183 और मौजा राजहारा खाता–136 एवं 222, प्लॉट सं0–1597, 1607, 1610, 1643 एवं 1613, जो मे0–फेयर माईन कार्बन्स प्रा0लि0 को आवंटित राजहारा नॉर्थ (सेन्ट्रल एवं इस्टर्न) कोयला ब्लॉक से संबंधित है, का खतियान उपलब्ध हो, तो कार्यालय जिला खनन पदाधिकारी, पलामू या अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 07.10.2023 तक उपलब्ध करायेंगे।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 307994 District (23-24)_D

उपायुक्त का कार्यालय, (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

शुद्धि पत्र

कार्यालय पत्रांक 1217 दिनांक 08.09.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म पोशाक (Winter Uniform: Hoodie) उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त आवंटन से लातेहार जिला अन्तर्गत 07 (सात) बाल विकास परियोजनाओं में आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहर बन्द लिफाफे में निविदा पी0आर0 संख्या 306452 द्वारा आमंत्रित किए गए है।

सरकार के संयुक्त सचिव, महिला, बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड रांची के पत्र संख्या 2454 दिनांक 01.09.2023 के आलोक में संबंधित प्रकाशित निविदा में आदेशानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत है :–

1. झारखंड राज्य में उनी स्वेटर / गर्म पोशाक आपूर्ति करने का कार्यादेश विगत दो (02) वर्षो में कम से कम 1 करोड़ 24 लाख रू0 तक का होना चाहिए।

कार्यालय पत्रांक 1217 दिनांक 08.09.2023 के द्वारा निविदा में प्रकाशित शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 307986 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा
(जिला योजना कार्यालय)

नियुक्ति विज्ञापन

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, Govt. of India के Circular on Key Initative under Aspirational Blocks Programme दिनांक– 25.08.2023 में निहित शर्तो के अनुरुप गढ़वा जिला में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम हेतु **Aspirational Block Fellow Manjhiaon** की नियुक्ति के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर 01 वर्ष की अवधि के लिए इच्छुक अभ्यार्थियों से अभ्यावेदन विहित प्रपत्र (Annexure-I) में निम्न रुपेण आमंत्रित किया जाता है।

No. of Post	Age	Qualification	Monthly Consolidated Stipend
01	18-40	1) Postgraduate in any discipline from a reputed institution (Preferably from Central or State government universities). 2) Should possess excellent data analysis and presentation skills. 3) Should be conversant with the use of social media. 4) Should possess Project Management skills. 5)Experience working with Government, NGOs, and Development organizations. 6) Self-driven with good communication and coordination skills. 7) Proficient in English, Hindi and the local language of the respective Aspirational Block will be an added advantage for Aspirational Blocks Fellow. **Note: Preference will be given to candidates who have completed their higher education in Rural Development /Development studies.**	Rs 55,000/-

Role of Aspirational Blocks Fellow:
The Aspiration Blocks Fellows will be positioned as a critical link between the Block level Officials and NITI Aayog. Their primary responsibilities will include :
1) Collaborating with block level Officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematics areas.
2) Conduct regular field visits to assess project implementation, address challenges, and collect ground-level insights.
3) Analyzing data and providing evidence recommendations to BLO and district-level Officials to optimize developmental initiatives.
4) Organizing workshops, awareness campaigns, and skill-building programs to empower the local community.
5) Keeping states and NITI abreast with the issues, challenges, and need for support.

Number of Position (Vacancy)-01
Expected compensation -Aspirational Block Fellow will receive a monthly stipend of Rs 55,000/- (inclusive of all allowance) as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contribution to the Aspirational Blocks Programme.
Job Duration - The tenure of Aspirational Block Fellow will initially be one year which may or may not be extended.

आवेदन की प्रक्रिया :–
1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदन विहित प्रपत्र (Annexure I) (कम्प्युटरीकृत) में भरकर सभी प्रमाण पत्रों की स्वभिप्रमाणित प्रति के साथ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से "जिला योजना कार्यालय, गढ़वा, समाहरणालय परिसर पिन– 822114" के पते पर तथा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा के ई–मेल – drdagarhwa2022@gmail.com पर स्वीकार किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट :– उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं नियुक्ति से संबंधित सूचना समय–समय पर जिला के Website: www.garhwa.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उपायुक्त, गढ़वा

PR 307974 Planning cum Finance (23-24)_D

समाहरणालय, लोहरदगा
(मनरेगा कोषांग)

सूचना

मनरेगा अंतर्गत तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड–पोस्ट से दिनांक 14/10/2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र **"उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (मनरेगा कोषांग), जिला परिषद भवन, लोहरदगा"** के पदनाम से देय होगा। विस्तृत विवरणी लोहरदगा जिला के वेबसाईट (http://www.lohardaga.nic.in) एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद भवन, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। रिक्त पदों की विवरणी निम्नवत है :–

क्र०	पदनाम	कोटि	रिक्त पद
1	तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)	वर्ग – II	अनुसूचित जनजाति – 1
2	तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष)	वर्ग – III	अनारक्षित – 1
3	लेखा सहायक	वर्ग – III	अनारक्षित – 1
4	कम्प्यूटर सहायक	वर्ग – III	अनुसूचित जनजाति – 1
5	ग्राम रोजगार सेवक	वर्ग – III	अनारक्षित – 1 अनुसूचित जनजाति – 1 कुल – 2

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, लोहरदगा

PR 307962 Lohardaga(23-24)#D

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
(अभियंत्राण कोषांग)
Phone No. & FAX.:-06526-222064 zplohardaga@gmail.com

अति अल्पकालीन, इच्छा की अभिव्यक्ति

क0सं0	सामग्री का नाम	अभ्युक्ति
1	2	
1	40 watt (6 no) solar hight mast (*mes -shm-6sl-040-001 *) led street light	With 2 years maintenance
2	luminary inbuilt life po4 battery , 24Ah, 12.8 v life po 4 battery 6no, solar cc cum led drived inbuilt MPPT 6no,	
3	100 watt solar PV module external 6 no,1.5 sq.mm wire |for solar panel connection ,6 meter Gl octagonal pole+solar panel set 6no	
4	light arm 6no +foundation bolt+ accessories nut bolit etc for fixing solar panel and solar light on pole 1set	

अतः इच्छुक एजेंसी /आपूर्तिकर्ता उक्त सामग्री की दर बन्द लिफाफे में जिला परिषद् कार्यालय में दिनांक 07.10.2023 को अपराह्न 01:00 (एक) बजे तक जमा कर सकते हैं।
नोट : विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा में संपर्क करें।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 307953 Lohardaga(23-24)#D

जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।
'इच्छा की अभिव्यक्ति' हेतु आवेदन आमंत्रण

एतद् द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के आलोक में समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु जलाशय मत्स्य का विकास योजना अन्तर्गत जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प एवं ग्रास कार्प के तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिले को जलाशयों में संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प 12 लाख एवं ग्रास कार्प 01 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन का लक्ष्य प्राप्त है।

इच्छुक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु 'इच्छा की अभिव्यक्ति' हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 10.10.2023 के अपराह्न 4.00 बजे तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्तों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

आवश्यक शर्तें:–
1. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में आपूर्ति करना होगा।
2. भारतीय मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 750 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) तथा ग्रास कार्प अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 1500 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) है।
3. एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किए जाएंगे।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण एवं पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच की जा सके, साथ ही मत्स्य अंगुलिकाओं की उपलब्धता का भी उल्लेख करना होगा।
5. समान मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के 'इच्छा की अभिव्यक्ति' के आलोक में प्राप्त आवेदन को जाँचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये किसी भी आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 308029 Fish(23-24)D

ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (अल्पकालीन)

टेन्डर रेफरेन्स नं0– BCD/CE/39/Latehar/2023-24 दिनांक– 29-09-2023

Sl. No		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	i	Construction of 100 Bedded Girl's Hostel at old Police Line Dharampur Latehar	Rs. 3,60,69,900.00	11 माह
	ii	Construction of 100 Bedded Girl's Hostel for sports at old Police Line Dharampur Latehar	Rs. 3,60,69,900.00	11 माह
	iii	Construction of 100 Bedded Boy's Hostel at Degree College, Goa,Latehar	Rs. 3,60,69,900.00	11 माह
	iv	Construction of 100 Bedded SC Boy's Hostel at Latehar	Rs. 3,62,20,000.00	11 माह

2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	05-10-2023
3	वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	19-10-2023 up to 11:00 A.M
4	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।
5	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9631476651
6	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	9631476651

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 308011 Building (23-24)_D

ज्ञान की बात
राष्ट्रीय नवीन मेल

गुस्से में कभी गलत मत बोलें, क्योंकि गुस्सा तो कुछ समय बाद शांत हो जायेगा लेकिन आपके जुबान से निकले गलत शब्द कभी वापस नहीं आयेंगे।

- अज्ञात

खूबसूरत वादियों में सन्नाटा

झारखंड केवल जल, जंगल, पहाड़, नदी और नाला के लिए ही पर्यटकों की पसंद नहीं है। यह धार्मिक टूरिज्म के लिहाज से भी बहुत महत्वपूर्ण है। जो भी व्यक्ति एक बार झारखंड आ जाता है, उसे यहां की आबोहवा इतनी पसंद आ जाती है कि वह या तो यहीं बस जाता है या बार-बार आता है। यहां प्रकृति ने असीम कृपा बरसाई है। यहां के घने जंगल, पहाड़ और झरने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वहीं रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए बसाया गया मैक्लुसकीगंज खूबसूरत वादियों और सुनहरे मौसम की वजह से पूरे देश में विख्यात है। इसको मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता है। अब इसी मैक्लुस्कीगंज ने पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड का नाम रौशन किया है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्लुसकीगंज को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक चुना गया है। यह खुशी की बात है। लेकिन यहां दर्द भी कई हैं। नक्सलवाद की भेंट चढ़ा यह इलाका आज खाली हो चुका है। ऐसे में जहां एक ओर पर्यटन दिवस के मौके पर इसे याद किया जाना यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में इसके दिन बहुरेगें। देश की राजधानी शायद पर्यटन दिवस के दिनों में यह भूल गयी कि यहां निवास करने वाले एंग्लो इंडियन को काफी दर्द सहने पड़े हैं। उनके सुनहरे ख्वाबों पर कलंक के कई टिके लगे हैं। यही कारण है कि प्रकृति यहां आज भी उदास है। कारण यहां निवास करने वाले ऐंग्लो इंडियन को भगा दिया गया। ऐसे में यहां की वादियों में उनके सुनहले दिनों को लौटाना सरकार का दायित्व है। कोलकाताके एंग्लो इंडियन समुदाय के एर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के नाम पर इस जगह को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। अर्नेस्ट टिमोथी के पिता आयरलैंड के थे जबकि उनकी मां भारतीय थीं। अर्नेस्ट एक बड़े व्यवसायी थे। उनको यह इलाका आयरलैंड की याद दिलाता था। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 1933 में कोलोनाइजेशन सोसायटी के नाम से एक कोऑपरेटिव बनाई थी। इसके लिए उन्होंने प्लान तैयार कर रातू के तत्कालीन राजा से 10 हजार एकड़ जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद 20 हजार एंग्लो इंडियन को कोऑपरेटिन का शेयर खरीदने के बदले लैंड देने के लिए आमंत्रित किया था। उनके इस आकर्षक प्रस्ताव पर एंग्लो इंडियन समुदाय से जुड़े 250 परिवार साल 1939 में यहां आकर बसे थे। इन परिवारों ने 10 हजार एकड़ में से 6,800 एकड़ जमीन खरीदी थी। शेष जमीन गैरमजरूआ की श्रेणी में आ गई जिसे वन विभाग ने अधिगृहित कर लिया। उस दौर में एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों ने स्लोप वाले आकर्षक घर और सुंदर गार्डेन बनाए थे। जो आज उजाड़ पड़े हैं। बहरहाल इस जगह को प्रकृति ने सचमुच बड़े जतन से सजाया संवारा है। इस बात में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन यहां की हरी भरी वादियों में कई प्रकार की सिसकारियां भी सुनाई पड़ती हैं। काश,इस दर्द को कोई सुन पाता। लेकिन समय के साथ संसाधनों की कमी और नक्सलवाद की वजह से एंग्लो इंडियन परिवार यहां से शिफ्ट होते चले गये। ज्यादातर लोगों ने अपने नौकरों को अपने बंगले दे दिए। वहीं कुछ की जमीन हड़प ली गई। अब यहां के जर्जर हो चुके बंगले एंग्लों इंडियन की याद दिलाते हैं। हालांकि अभी भी यूरोप समेत विश्व के कई जगहों से लोग यहां घूमने आते हैं। यहां कई गेस्ट हाउस बने हुए हैं। मैक्लुस्कीगंज में अक्सर फिल्म की शूटिंग भी होती रहती है।

देश की राजधानी शायद पर्यटन दिवस के दिनों में यह भूल गयी कि यहां निवास करने वाले एंग्लो इंडियन को काफी दर्द सहने पड़े हैं। उनके सुनहरे ख्वाबों पर कलंक के कई टिके लगे हैं। यही कारण है कि प्रकृति यहां आज भी उदास है। कारण यहां निवास करने वाले ऐंग्लो इंडियन को भगा दिया गया।

'गुजरात से सेमीकंडक्टर उद्योग का आगाज'

राजीव चंद्रशेखर

गुजरात स्थित साणंद में सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास कर भारत ने इस महीने एक और इतिहास रचा है। अरसे से सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने का सपना अब साकार होने जा रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबल एवं निर्णायक नेतृत्व को जाता है। उनकी अगुवाई में केंद्र सरकार ने विगत करीब साढ़े नौ साल के दौरान अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें भारत को सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनाने का निर्णय एक युगांतकारी कदम है। इससे देश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर के नये द्वार खुलेंगे और डिजिटल अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी। विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है। जबकि अत्याधुनिक व उन्नत प्रौद्योगिकी लैस विकसित देश भारत के साथ साझेदारी के अवसर तलाश रहे हैं। महज एक दशक पहले भारत से विदेशी निवेशक पलायन कर रहे थे आज यह देश उनके लिए निवेश का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। कोविड की विषम परिस्थितियों से सक्षमतापूर्वक निपटने और आर्थिक गतिविधियों दोबारा पटरी पर लाने में भारत ने जो तत्परता दिखाई वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है। महामारी के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के आर्थिक विकास की तीव्र रफ्तार सबसे बड़ी वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थाई सरकार, जो साहसिक फैसले लेती है। गुजरात में सेमीकंडक्टर उद्योग के संयंत्र की स्थापना मोदी सरकार की इस महीने की एक और बड़ी उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन द्वारा गुजरात के साणंद में अपना पहला संयंत्र के लिए 23 सितंबर को भूमि-पूजन किये जाने साथ भारत ने सेमीकंडक्टर के अपने सफर का आगाज किया। इसके दो दिन पहले 21 सितंबर को संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक पर मुहर लगाकर देश की आधी आबादी की दशकों से लंबित मांग पूरी की। नये भारत की नवीन परिकल्पना और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित संसद भवन में प्रवेश हमारे लिए एक सुनहरा पल था। इस नये संसद भवन में विशेष सत्र के दौरान पहले विधेयक के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाकर मोदी सरकार ने वाकई इतिहास रचा है। इससे पहले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर देश के कारीगरों व शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया, जिससे 18 पारंपरिक व्यवसायों को नया जीवन मिलेगा। यह संयोग है कि नये भारत के शिल्पकार आदरणीय मोदी का भी जन्म-दिन 17 सितंबर ही है। इस महीने के आरंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से स्वीकृत नई दिल्ली घोषणा-पत्र में अभूतपूर्व फैसले लिए गये। शिखर-सम्मेलन में हिस्सा लेने आये राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके शासन-व्यवस्था को सरल व पारदर्शी बनाने और नागरिकों को सशक्त करने की पहलों की खूब सराहना की। भारत ने 2025-26 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 20 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में सेमीकंडक्टर का अहम स्थान है। आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चिप का भारत आयात करता है, लेकिन जब देश में चिप बनने लगेंगे तो आयात पर निर्भरता घटेगी। इस तरह सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को गति मिलेगी। हालांकि माइक्रोन के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण अभी भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की विकास यात्रा का महज आरंभ है। लेकिन यह शुरूआत भी जिस अंदाज के साथ हुई है उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत बहुत कम समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 22 महीने पहले दिसंबर 2021 में 10 अरब डॉलर की राशि के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) को मंजूरी दी थी, जो भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक व्यापक दशकीय रोडमैप है। इस 10 साल में महज 10 अरब डॉलर की राशि से हमने जितना हासिल करने का लक्ष्य रखा है उतना चीन 200 अरब डॉलर खर्च करके 30 साल में भी नहीं कर पाया है। हमारा मकसद भारत को वैश्विक मानचित्र पर ऐसे सेमीकंडक्टर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है जो न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतों की पूर्ति करेगा बल्कि दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला में अहम योगदान करेगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन ने भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की घोषणा के महज तीन महीने बाद यहां संयंत्र निर्माण का काम शुरू कर दिया है। साणंद में जीआईडीसी-2 औद्योगिक क्षेत्र स्थित करीब 93 एकड़ के क्षेत्र कंपनी अपनी असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) केंद्र का निर्माण करेगी जिसे तैयार होने में करीब 18 महीने लग सकता है। बहरहाल, माइक्रोन पास में 10 एकड़ के परिसर स्थित एक फैक्टरी का अधिग्रहण करके पाइलट के तौर पर उसे अपनी एटीएमपी सुविधा के रूप में तैयार कर रही है। माइक्रोन ने अपने पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 2.75 अरब रहने की घोषणा की थी जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 50 फीसदी प्रोत्साहन के साथ-साथ राज्य सरकारी की सब्सिडी भी शामिल है। निवेश की इस राशि से करीब 5000 नई प्रत्यक्ष और 15,000 सामुदायिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में माइक्रोन का यह संयंत्र भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे अन्य प्रांतों को भी ऐसी क्रिटिकल प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने की नसीहत मिलेगी। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी करीब 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। उस दौरान उन्होंने राज्य के औद्योगिकी विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र और जरूरी बुनियादी सुविधाएं तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया। नतीजतन, विदेशी निवेशकों के लिए गुजरात निवेश का एक आकर्षक ठिकाना बन गया है। दुनिया के देश भारत को ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहे हैं। विश्व की दिग्गज कंपनियां भारतीय युवाओं की मेधा शक्ति और कौशल के कायल हैं। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास से आने वाले दिनों में देश के युवाओं के लिए अवसर के अनेक दरवाजे खुलने वाले हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार होगा और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को जल्द ही हासिल करेगा।

(लेखक केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री हैं।)

विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

आपका हिसाब-किताब कराने के बाद आप सीधे विष्णु लोक में चले जायेंगे फिर वह द्वार बंद हो जायेगा और आप वापस नहीं आ सकते। आप अपने कर्मों के अनुसार विष्णु जी की दुनिया में रहेंगे। जब तक आपके गुणों की अवधि रहेगी तब तक आप वहीं रहेंगे फिर 84 लाख योनियों में वापस मृतलोक में आएंगे। भगवान कबीर ने रामनन्द जी से कहा, आप अपने मन्त्र से ब्रह्मरन्द्र का रास्ता खोलने का प्रयत्न करें। यह द्वार आपके द्वारा नहीं खोला जा सकेगा। स्वामी जी भ्रमित हो गये। तब रामानंद जी ने 'हरे कृष्ण, हरे राम, सीता सीता, राधे राधेश्याम और ॐ भगवते वासुदेवाय नमः' सभी मंत्रों का उच्चारण किया। परंतु ब्रह्मरंद्र के सामने वह रास्ता नहीं खुला। कबीर परमेश्वर ने दो मन्त्र के सतनाम का जाप किया और रामानन्द जी की आत्मा को ऊपर लोक में ले गये। परमात्मा ने रामानंद जी को का गुप्त स्थान दिखाया जहाँ काल ब्रह्म आत्माओं को भूनता और खाता है। तब भगवान रामानंद जी की आत्मा को लेकर अक्षर पुरुष के लोक से होते हुए सतलोक पहुंचे। स्वामी रामनन्द जी विद्वान संत थे उन्हें सत्य जानने में समय नहीं लगा और उन्होंने कबीर जी को ईश्वर मानकर उनकी शरण ले ली। दुनिया को दिखाने के लिए, वह परमात्मा कबीर के आदेश पर उनके गुरु कहलाते रहे। इस प्रकार स्वामी रामानन्द जी को सतज्ञान प्राप्त हुआ और उनका मनुष्य जीवन यथार्थ हुआ। एक और महान पुरुष संत गरीबदास जी थे जिन्हें सर्वशक्तिमान कबीर जी द्वारा धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाया गया था। **आइए अब उनके अनुभव के बारे में पढ़ें पूर्ण परमात्मा कबीर जी द्वारा संत गरीबदास जी को धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाना संदर्भः वाणी संख्या 16-36 संत गरीबदास अमरग्रंथ 'अचला का अंग से** भगवान कबीर जी अपने भक्तों को सतलोक में वैसे ही ले जाते हैं जैसे अलल' पक्षी आकाश में उड़कर हाथी को अपने साथ ले जाता है।

(क्रमशः)

बाघ परियोजना...पांच दशक, बड़ी कसक

डॉ. रमेश ठाकुर

भारत में बाघ परियोजना मुहिम ने अपने 50 साल पूरे कर लिए। पूरे देश में कुल 53 टाइगर रिजर्व क्षेत्र हैं, लेकिन अफसोस इनमें कुछ बाघ रिजर्व क्षेत्र ऐसे हैं जहां एक भी बाघ नहीं हैं? ये हम नहीं, बल्कि पिछले सप्ताह जारी सरकारी आंकड़ों ने बताया है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की माने तो गुजरे चार वर्षों में देश भर में 715 बाघों की संख्या बढ़ी। इस समय कुल 3682 बाघ देश में हैं। इसके साथ ही ये भी बताया गया है कि तेलंगाना का कवल टाइगर रिजर्व, मिजोरम का डम्पा टाइगर रिजर्व क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश का कमलेंग, ओडिशा का सतकोसिया और सहायद्री स्थित बाघ रिजर्व क्षेत्र एकदम बाघ हीन हैं, वहां बाघ विलुप्त हो गये हैं। कुछ असमय मर गये, तो कुछ शिकारियों के शिकार हो गये। हालांकि शिकारियों के हाथों मरे बाघों के संबंध में रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। पर, ये तल्ख सच्चाई है जिसे सरकार भी मानती है कि इस वक्त पूरे देश में बाघों का शिकार करने के लिए संगठित गिरोह सक्रिय है। इनका डेरा टाइगर रिजर्व क्षेत्रों के आसपास ज्यादा है। क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बाघ, शेर, चीते व अन्य जंगली जानवरों के अवशेषों की भारी डिमांड रहती है। ऐसी खबरें भी कई मर्तबा आती हैं कि इनके इन कुकर्मों में फॉरेस्ट कर्मी भी शामिल पाये गये। गौरतलब है कि वनजीव संरक्षण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा सरकारी बजट बीते पचास सालों में बाघों के संरक्षण पर खर्च किया गया। उस हिसाब से देखें तो बाघों के बढ़ोतरी के आंकड़े उतने तसल्ली नहीं देते, जितने देने चाहिए। सालाना करीब 10 से 12 करोड़ रुपये देश के विभिन्न टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण के लिए खर्च किया जाता है। एक और दुखद खबर है जो बाघ प्रेमियों को खासी चिंतित कर सकती है। दरअसल, कुछ बाघ रिजर्व ऐसे हैं जिनमें मात्र एक-एक ही बाघ शेष बचे हैं। उनमें बंगाल का बक्सा टाइगर रिजर्व, नामदफा रिजर्व, राजस्थान का रामगढ़ विषधारी क्षेत्र, छत्तीसगढ़ का सीतानदी और झारखंड का पलामू टाइगर रिजर्व शामिल हैं। इसके अलावा दर्जन भर टाइगर रिजर्व ऐसे हैं जिनमें भी बाघों की संख्या बस 3 या 4 के आसपास ही बची है। मध्य प्रदेश अब भी प्रथम स्थान पर काबिज है जिसे टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश बाघ संरक्षण के लिए सबसे अनुकूल प्रदेश है। लेकिन वहीं जब चीतों के संरक्षण की नजर दौड़ती है तो ये तथ्य अपने आप में झूठे लगते हैं, वो इसलिए, कि नामीबिया और आस्ट्रेलिया से लाये गये चीते भी कूनो नेशनल पाके में ही छोड़े गये थे जिनमें अधिकांश अब दम तोड़ चुके हैं। हिंदुस्तान में बाघ अभ्यारण्य मुहिम सन 1973 में लागू हुई थी जिसे 'प्रोजेक्ट टाइगर' का नाम दिया गया था। जिम्मेदारी 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' के कंधों पर रखी गई थी। सन 2018 तक कुल भारत में 50 टाइगर रिजर्व क्षेत्र हुआ करते थे जिसे तीन वर्ष पहले बढ़ाकर 53 कर दिये गये हैं। बढ़ाने के पीछे की मंशा बाघों की संख्या में और इजाफा करना था। हालांकि कुछ जगहों पर बाघों की संख्या अपने आप बढ़ी, उसी को देखते हुए जहां बाघों की चहलकदमी दिखी, सरकार ने उसे बाघ रिजर्व घोषित कर दिया। जबकि, ये बाघ ऐसे थे जो अपना रास्ता भटककर जहां-तहां पहुंचे थे। बाघों की गिनती को लेकर भी कई बार विरोध होता है। पर्यावरणविद् कहते हैं कि बाघों की गणना सही तरीके से नहीं होती। उनकी मांगों को ध्यान में रखकर 2018 में केंद्र सरकार ने आधुनिक तरीकों से बाघों की गणना करवाई, जिसका नजीता ये निकला बाघों की संख्या देशी गणना वाले तरीकों के मुकाबले बढ़ी हुई सामने आई। हालांकि हिंसक जानवरों जैसे, बाघ, शेर व तेंदुओं की सटीक गणना को लेकर विरोधाभाष की स्थिति अब भी बनी रहती है। बाघ प्रेमी सरकारी आंकड़ों पर ज्यादा भरोसा नहीं करते हैं। पर, इस वक्त बाघों की संख्या बढ़ी है इस पर विश्वास इसलिए किया जा सकता है क्योंकि कुछ टाइगर रिजर्व क्षेत्र ऐसे हैं जहां बाघों की संख्या उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ी है।

सालाना करीब 10 से 12 करोड़ रुपये देश के विभिन्न टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण के लिए खर्च किया जाता है। एक और दुखद खबर है जो बाघ प्रेमियों को खासी चिंतित कर सकती है।

बाघ परियोजना

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



कनाडा विवाद, नये भारत का नजरिया

प्रो. रजनीश कुमार

भारत के घोषित आतंकवादी और कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका को लेकर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का बयान विश्व राजनीति में अद्भुत है और वैश्विक कूटनीतिक में उस पर सवाल भी उठे हैं। पर यह ध्यान रहे कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रत्येक देश अपने हितों की चिंता करते हुए ही किसी के साथ खड़ा होता है। इसलिए जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं वे कूटनीतिक हैं। जो हर देश के द्वारा भारत और कनाडा दोनों से अपने रिश्ते को बचा करके रखने के चिंतन के साथ है तो विश्व राजनीति में अपनी स्वतंत्र आवाज को प्रस्तुत करना भी है। कूटनीति में ऐसा ही होता भी है। पर भारतीय मीडिया विशेष कर अंग्रेजी मीडिया भी इसी प्रकार की कूटनीतिक रिपोर्ट ही प्रस्तुत कर रही है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि निज्जर की हत्या में किसी भी रूप में कोई भारतीय अधिकारी या भारतीय एजेंट सम्मिलित नहीं है। यह खालिस्तानी आतंकवादियों के गैंगवार का परिणाम है। उसके बाद भी अंग्रेजी मीडिया द्वारा खालिस्तान उग्रवादियों पर की गई भारत सरकार की कार्रवाई का इतिहास निज्जर तक ले आते हुए भारत के अंदर ही भारत को अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का दोषी सिद्ध करने की साजिश जैसा प्रतीत हो रहा है। जब जस्टिन ट्रूडो भारत को किसी प्रकार का सबूत देने में असफल रहे हैं और केवल खुफिया संकेतों के आधार पर अपने दृढ़ विश्वास से भारत को घेरने की कोशिश कर रहे हैं तो ऐसे में भारतीय खुफिया एजेंसियों को मोसाद के मोडस अपरेन्डी पर काम करने वाला बताने की जो मुहिम चल रही है वह निश्चित रूप से भारतीय पक्ष को गलत दिशा में ले जायेगा। भारत सरकार के पक्ष को भारत के मीडिया में जिस प्रकार की जगह मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल रही है शायद भारत का मुख्यधारा मीडिया कहे जाने वाला अंग्रेजी मीडिया पश्चिम के सूचना और जनसंचार माध्यमों के अनुरूप रिपोर्ट परोसने में इतना सिद्धहस्त हो गया है कि उसे भारत में होने वाला विमर्श और भारतीय जन की प्रतिक्रियाएं प्रभावित नहीं करती हैं। निज्जर हत्याकांड में भारत की प्रतिक्रिया को कनाडा और पश्चिम के मीडिया द्वारा महत्वपूर्ण न माना जाना और उसकी अवहेलना किया जाना तो समझ में आता है कि वहां ऐसे किसी डिस्कोर्स को महत्व नहीं मिलेगा जो पश्चिम विशेषतः नाटो समूह के विपरीत हो। चिंताजनक तो यह है कि भारतीय परिप्रेक्ष्य को भारत में भी मुख्यधारा मीडिया ने सही दृष्टि से नहीं प्रस्तुत किया। यह समय तो पश्चिम को विशेषतः नाटो देशों को आतंकवाद पर दोहरे मानदंड अपने के लिए आईना दिखाने का समय था, जिसको भारत के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में ठीक से कर दिखाया। निज्जर वैसे ही भारत का घोषित आतंकवादी था जैसा ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी अमेरिका के लिए थे। दुनिया के किसी भी देश ने लादेन और जवाहिरी को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अमेरिका द्वारा मारे जाने को उन देशों की संप्रभुता का उल्लंघन नहीं बताया था। यही है आतंकवाद को लेकर दोहरा मापदंड और सुविधा के अनुसार आतंक को परिभाषित करने की राजनीति। निज्जर घोषित आतंकवादी था और भाग करके कनाडा गया था। कनाडा ने उसको नागरिकता दी तथा पंजाब में आतंकवाद जारी रखने के लिए सहूलियतें भी मिलीं। क्योंकि खालिस्तानी आतंकवादियों के समर्थन पर ही ट्रूडो की सरकार टिकी हुई है। निज्जर के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार द्वारा लगातार की जा रही थी और उसके अपराधों के संबंध में सबूत से भरा डोजियर भी सौंपा गया था। लेकिन अपनी राजनीतिक मजबूरियों के चलते कनाडा ने निज्जर को सौंपने से मना कर दिया था। दूसरा सच यह भी है कि कनाडा के गुरुद्वारों पर नियंत्रण और वर्चस्व को लेकर निज्जर का अपने प्रतिद्वंद्वी खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ में संघर्ष चल रहा था। तीसरा और महत्वपूर्ण तथ्य यह है की ऐतिहासिक रूप से कनाडा और भारत संबंध कनाडा के अलगाव पद आतंकवाद को भारत में घोषित करने तथा खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण देने का है। एयर इंडिया के विमान कनिष्क को गिराने की घटना में 268 कनाडाई नागरिक मारे गए थे पर कनाडा ने उसे पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की तथा लोगों की हत्या करने वाला समूह एक दो लोगों को 5 साल की सजा के साथ छूट गया।

भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि निज्जर की हत्या में किसी भी रूप में कोई भारतीय अधिकारी या भारतीय एजेंट सम्मिलित नहीं है। यह खालिस्तानी आतंकवादियों के गैंगवार का परिणाम है।

विवाद

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

इन संकेतों से चलता है पता, नाराज हैं आपके पितर

श्राद्ध मृत पूर्वजों की आत्मा को शांति मिले इसलिए पितृपक्ष के दौरान किए जाते हैं। इस साल पितृपक्ष 29 सितंबर 2023 से शुरू होगा और 14 अक्टूबर 2023 को सर्वपितृ अमावस्या के साथ समाप्त होगा। कहा जाता है कि पितृलोक में स्थान प्राप्त कर पितर हर वर्ष श्राद्ध पक्ष में अपने वंशजों को देखने आते हैं और उस वक्त वे उन्हें आशीर्वाद या श्राप देकर चले जाते हैं। पितरों के आशीर्वाद से घर में सुख-शांति बनी रहती है और उनकी नाराजगी से घर में संकट और समस्या का दौर जारी रहता है। अब सवाल उठता है कि यह कैसे पता करें पितर उनसे नाराज हैं। जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जो इस बात की ओर इशारा करती हैं कि आपके पितर नाराज हैं।

संतान से जुड़ी बाधाएं

अगर आपकी संतान आपकी बात नहीं सुनती या वह विरोधी हो गई है तो इसका मतलब है कि पितर आपसे नाराज हैं। पितर जब नाराज होते हैं तो इस तरह के लक्षण दिखाई देने शुरू हो जाते हैं।

गृहकलह रहना

घर में थोड़ी-बहुत खटपट तो चलती रहती है लेकिन यदि रोज ही गृहकलह हो रही है तो यह समझा जाता है कि पितृ आपसे नाराज हैं।

शादी में बाधाएं आना

अगर आपके परिवार में शादी लायक बच्चे हैं और उनकी शादी में बाधाएँ आ रही हैं या शादी की बात बनते-बनते बिगड़ जाती है या वैवाहिक जीवन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है तो यह पितृ दोष का एक कारण हो सकता है।

सपने में पितरों को नाराज या रोते हुए देखना

यदि आप सपने में कभी अपने पूर्वजों को नाराज या रोता हुआ देखते हैं तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। दरअसल ये आपके पितरों की नाराजगी का संकेत हो सकता है। यदि आप ऐसा कोई सपना देखें तो आपको पितरों की पसंद की कोई चीज दान में देनी चाहिए। ये इस बात का भी संकेत है कि आपके पितरों की कोई इच्छा अधूरी है और वो उसे आपके माध्यम से पूरा कराना चाहते हैं।

खुद को समस्याओं में उलझा हुआ समझना

अगर आपके घर का मुखिया किसी भी कार्य के बारे में अत्यधिक सोच रहा है तो यह इस बात का संकेत है कि आपके घर में पितृ दोष है। ऐसे में आपको पितरों की शांति के उपाय के साथ पितृ दोष मुक्ति के उपाय करने चाहिए। ऐसी मान्यता है कि यदि पितृ नाराज हैं तो आप जीवन में किसी आकस्मिक नुकसान या दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। आपका रुपया जेलखाने या दवाखाने में ही बर्बाद हो जाता है।

हर काम में रुकावट आना

ऐसी मान्यता है कि यदि आप जो भी कार्य कर रहे हैं, उसमें रुकावट आ रही है और कोई भी कार्य संपन्न नहीं होता है तो इसे पितरों के नाराज होने या पितृदोष का लक्षण माना जाता है।

घर में पीपल का पौधा उगना

हिंदू धर्म में पीपल के वृक्ष को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा करने का विधान है। लेकिन इस पौधे को घर में लगाना शुभ नहीं माना जाता है। यदि पीपल का पौधा घर के किसी भी कोने में अचानक निकल आए तो समझें कि पितर आपसे नाराज हैं और आपके घर में पितृ दोष है। ऐसे में आपको पितरों की शांति के उपाय करने की सलाह दी जाती है।

स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है करेला

करेला खाने में कड़वा लगता है, इसका जूस पीने में जहरीला सा लगता है। लेकिन यह आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। विशेष रूप से करेला डायबिटीज का काल माना जाता है। गर्मियों में रोजाना सुबह करेले का जूस पीने से आप अपनी डायबिटीज को आसानी से कंट्रोल कर सकते हैं। इतना ही नहीं यह आपकी त्वचा सम्बन्धित समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ आपके बालों को पौष्टिक आहार देता है। इसलिए गर्मियों में इसका जूस पीने की सलाह दी जाती है। मेरी साली की बेटी डायबिक है। वह गर्मियों में रोजाना करेले का जूस पीती है, ऐसा करने से उसकी डायबिटीज पूरा साल कंट्रोल में रहती है। ना केवल उसकी डायबिटीज कंट्रोल में रहती है, बल्कि इसे पीने से उसके चेहरे पर भी गजब का निखार रहता है और वजन भी नियंत्रण में रहता है। करेला वैसे काफी लोगों को पसंद नहीं होता लेकिन काफी लोग ऐसे भी हैं, जो करेला खाना बहुत पसंद करते हैं। अगर आप करेले से होने वाले स्वास्थ्य के फायदों के बारे में जानेंगे तो आपको आश्चर्य होगा कि कड़वा होने के बावजूद ये करेला आपकी सेहत को किस तरह से फायदा पहुंचाता है।

सिरदर्द में करेला : यदि आपको बहुत तेज दर्द है और सिरदर्द जा ही नहीं रहा है तो करेले की पत्तियों को पीसकर माथे पर लगाएं। इससे सिरदर्द में आराम मिलेगा।

मुंह के छालों में करेला : कई बार मुंह के छालों के इलाज के लिए लोग उल्टे-सीधे उपाय करते हैं। नतीजन मुंह के छाले सही होने के बजाय बिगड़ जाते हैं। कई बार ये कैंसर का भी रूप ले लेता है। लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं, बल्कि करेले का इस्तेमाल करें। करेले का रस निकालें उसमें मुलतानी मिट्टी मिलाकर इसका पेस्ट बनाएं और इसे छालों पर लगाएं। अगर मुलतानी मिट्टी नहीं है तो भी करेले के रस को छालों पर रूई से लगा सकते हैं। मुंह के छालों पर लगाकर लार बाहर निकालें। अगर करेले की पत्तियां मौजूद नहीं है तो करेले के छिलके का रस निकालकर आप छालों पर लगाएं। आराम मिलेगा।

मोटापा कम करे : डायबिटीज के साथ-साथ करेले का जूस मोटापा कम करने में करता है। यह इंसुलिन को एक्टिव करता है जिससे बॉडी में बनने वाला शुगर फैट का रूप नहीं ले पाता है। इससे फैट कम करने और कंट्रोल करने में हेल्प मिलती है। इसके अलावा करेले में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती हैं जिससे कैलोरी कंट्रोल में रहती है और वजन नहीं बढ़ता है। साथ ही इसे पीने से बॉडी अच्छे से डिटॉक्स होती है और इससे वेट कंट्रोल में रहता है। सिमरन सैनी का कहना है कि करेला का जूस पीने से लिवर पित्त एसिड को स्रावित करने के लिए उत्तेजित करता है जो बॉडी में फैट के चयापचय के लिए आवश्यक हैं। इसके अलावा, 100 ग्राम करेले के जूस में सिर्फ 17 कैलोरी होती है जो इसलिए ये वेट लॉस के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाता है।

हार्ट के लिए अच्छा : करेले का जूस ब्लड में बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करके हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को काफी कम कर देता है। यह आयरन और फोलिक एसिड से भरपूर होने के कारण स्ट्रोक के खतरे को कम करने और हार्ट को हेल्दी रखने के लिए जाना जाता है। यह बॉडी के ब्लड प्रेशर को भी बनाए रखता है क्योंकि यह पोटेशियम से भरपूर होता है, जो बॉडी में एक्स्ट्रा सोडियम को अवशोषित करता है।

पथरी रोगियों के लिए अमृत : पथरी रोगियों को दो करेले का रस पीने और करेले की सब्जी खाने से आराम मिलता है। इससे पथरी गलकर धीरे-धीरे बाहर निकल जाती है। 20 ग्राम करेले के रस में शहद मिलाकर पीने से पथरी गल कर पेशाब के रास्ते निकल जाती है। इसके पत्तों के 50 मिलीलीटर रस में हींग मिलाकर पीने से पेशाब खुलकर आता है।

डायरिया में फायदेमंद : उल्टी-दस्त या हैजा की समस्या होने पर करेले के रस में थोड़ा पानी और काला नमक मिलाकर सेवन करने से तुरंत लाभ मिलता है। यकृत संबंधी बीमारियों में भी करेला बहुत ही लाभकारी है। जलोदर रोग होने या यकृत बढ़ जाने पर आधा कप पानी में दो चम्मच करेले का रस मिलाकर दिन में तीन से चार बार पीने से लाभ होता है।

हाई ब्लड शुगर को पानी की तरह सोख लेंगी ये चीजें

डायबिटीज एक लाइलाज बीमारी होती है। व्यक्ति को डायबिटीज होने पर ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है। अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव कर ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है। डायबिटीज एक लाइलाज बीमारी होती है। व्यक्ति को डायबिटीज होने पर ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है। जिसके कारण नर्व डैमेज, गम इन्फेक्शन, हार्ट डिजीज, किडनी की बीमारी और यहां तक कि आंखों की समस्या भी हो सकती है। हालांकि अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव कर ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए डायबिटीज के मरीज को इन चीजों का सेवन करना चाहिए।

बेरीज : बता दें कि डायबिटीज में विभिन्न तरह की बेरीज खा सकते हैं। इनमें फाइबर और एंटीआक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। बेरीज ब्लड शुगर और सूजन को कम करता है। जामुन, ब्लैक बेरीज, स्ट्रॉबेरी आदि का सेवन करें।

नट्स : काजू, पिस्ता, बादाम और नट्स आदि खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। अगर डायबिटीज के मरीज रोजाना एक चौथाई कप नट्स का सेवन करना चाहिए। इससे बीएमआई और डायबिटीज का खतरा कम होता है।

पत्तेदार साग : कम कैलोरी वाली सब्जियां मैग्नीशियम से भरपूर होती है। वहीं डायबिटीज के खतरे को मैग्नीशियम टाइप-2 कम करता है। ऐसे में पालक आदि का सेवन करना चाहिए। क्योंकि पत्तेदार साग में विटामिन ए, सी, ई, कैल्शियम और आयरन भरपूर मात्रा पाई जाती है।

बिना स्टार्च वाली सब्जियां : अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन भोजन में आपकी आधी प्लेट गैर-स्टार्च वाली सब्जियों के सेवन की सलाह दी जाती है। इसके लिए आप अपनी डाइट में शतावरी, ब्रोकोली, हरी बीन्स, स्क्वैश और मशरूम आदि को शामिल करना चाहिए।

साबुत अनाज : ओट्स और अन्य साबुत अनाज में क्रोमियम, विटामिन बी, फोलेट और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। इनमें घुलनशील फाइबर की मात्रा ज्यादा पायी जाती है। वहीं कार्बोहाइड्रेट की तुलना में इनमें शुगर कम पाया जाता है।

❖ अनन्या मिश्रा

डाइट में इन चीजों को शामिल करने से स्वस्थ रहती है आंत

पूरे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पेट और आंतों का स्वस्थ रहना आवश्यक होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक सभी लोगों को डाइट में पौष्टिकता से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए। आंत के स्वास्थ्य को सुधारने में आहार अहम भूमिका निभाते हैं। पूरे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पेट और आंतों का स्वस्थ रहना आवश्यक होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक सभी लोगों को डाइट में पौष्टिकता से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए। पौष्टिकता से भरपूर चीजें ना सिर्फ आपके शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि आंतों की समस्याओं को भी ठीक करती हैं। अपने आहार में फाइबर युक्त चीजों को शामिल करके आंतों की सेहत में सुधार किया जा सकता है। आंत के स्वास्थ्य को सुधारने में आहार अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए अपनी डाइट में फल, सब्जियां और प्रोबायोटिक्स, फाइबर, साबुत अनाज आदि शामिल कर स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। फाइबर का सेवन पाचन को ठीक रखने और मल त्याग को बढ़ावा देने में सहायक होता है। साथ ही इस तरह का आहार लेने से कब्ज की समस्या नहीं होती है।

जरूर खाएं सेब : आपने एक पुरानी कहावत तो सुनी ही होगी कि रोजाना अपनी डाइट में एक सेब शामिल करके स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। बता दें कि सेब में पेक्टिन नामक प्राकृतिक लैक्सेटिव पाया जाता है। यह मल को त्यागने में बढ़ावा देता है। इसके साथ ही सेब में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। साथ ही यह बेहतर पाचन को बढ़ावा देने में मददगार होता है। यह हृदय की सेहत में सुधार कर शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति करता है।

चिया सीड्स हैं फायदेमंद : चिया सीड्स फाइबर का एक बेहतरीन स्त्रोत है। जो पानी को अवशोषित करता है। बता दें कि यह एक जेल जैसा पदार्थ है। जो मल त्यागने में लाभकारी होता है। चिया सीड्स के नियमित सेवन से आंतों को स्वस्थ रखा जा सकता है और इससे कब्ज जैसी समस्या का जोखिम कम होता है।

दही का सेवन : दही में प्रोबायोटिक्स पाया जाता है, यह लाभकारी बैक्टीरिया को बढ़ावा देने के साथ ही आंतों को स्वास्थ रखने में मददगार होता है। अपच जैसी पेट की समस्याओं से बचने और पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने के लिए दही को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए।

सूडोकु नवताल- 6838

★☆☆☆☆ सरल

5	9		1		2		3	8
			4		5			
2								5
		3		5		4	8	
	7						1	
	5	8		6		9		
8								1
			2		9			
3	4		6		7		5	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6837 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

दैनिक पंचांग

30 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	07.12 बजे से
चंद्र	मीन में	वृश्चिक	09.26 ब.से
मंगल	कन्या में	धनु	11.42 बजे से
बुध	सिंह में	मकर	13.47 बजे से
गुरु	मेष में	कुंभ	15.34 बजे से
शुक्र	कर्क में	मीन	17.07 बजे से
शनि	कुंभ में	मेष	18.37 बजे से
राहु	मेष में	वृष	20.17 बजे से
केतु	तुला में	मिथुन	22.15 बजे से
राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक		कर्क	00.29 बजे से
		सिंह	02.45 बजे से
		कन्या	04.57 बजे से

शनिवार 2023 वर्ष का 273 वां दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
तिथि प्रतिपदा 12.22 बजे को समाप्त।
नक्षत्र रेवती 21.08 बजे को समाप्त।
योग ध्रुव 16.27 बजे को समाप्त।
करण कौलव 12.22 बजे तदनन्तर तैतिल 22.59 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 14.9 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 02° 37'
सूर्य उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871752
जूलियन दिन 2460217.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल **तारीख** 14
विशेष महालय श्राद्ध पक्ष, द्वितीया श्राद्ध।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
काल	05.55 से 07.23 बजे तक		लाभ	05.37 से 07.10 बजे तक	
शुभ	07.23 से 08.51 बजे तक		उद्वेग	07.10 से 08.42 बजे तक	
रोग	08.51 से 10.19 बजे तक		शुभ	08.42 से 10.14 बजे तक	
उद्वेग	10.19 से 11.46 बजे तक		अमृत	10.14 से 11.47 बजे तक	
चर	11.46 से 01.14 बजे तक		चर	11.47 से 01.19 बजे तक	
लाभ	01.14 से 02.42 बजे तक		रोग	01.19 से 02.51 बजे तक	
अमृत	02.42 से 04.10 बजे तक		काल	02.51 से 04.23 बजे तक	
काल	04.10 से 05.37 बजे तक		लाभ	04.23 से 05.56 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7900



बाएँ से दाएँ

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

ऊपर से नीचे

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

शब्द पहेली -7899 का हल

	क	हा	नी		प	ती	ला	
मा	ला		र		र		बा	दा
म			ब	र	दा	न		ला
ला	य	क		न		म	न	न
		र	मी		गों	की		
सू	र	त		आ		न	श	र
री		ब	ह	का	ना			की
ला	ख		टा		ह		र	ब
	र	बा	ना		क	ल	म	

आज का राशिफल

मेष राशि : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे।

वृष राशि : व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगा। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशि : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

कर्क राशि : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

सिंह राशि : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

कन्या राशि : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

तुला राशि : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

वृश्चिक राशि : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

धनु राशि : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

मकर राशि : आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

कुंभ राशि : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है।

मीन राशि : शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

धर्मेंद्र प्रधान आज भारतीय भाषा उत्सव का करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को बाबा साहेब डॉ बीआर अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में भारतीय भाषा उत्सव और ₹प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषा शिखर सम्मेलन₹ नामक दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। यह शिक्षा में भारतीय भाषाओं के तकनीकी रूप से समृद्ध भविष्य की दिशा तय करेगा। मंत्रालय ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान में कहा, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एनईपी-2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वर्तमान शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र से भारतीय भाषाओं में निहित एक सहज संक्रमण की सुविधा प्रदान करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय भाषाओं के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ्टवेयर स्थानीयकरण, खोज इंजन स्थानीयकरण जैसे एजेंडे पर मुख्य चर्चा होगी। आईआईआईटी-डीएम, कांचीपुरम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और जोहो कॉर्पोरेशन के सीईओ श्रीधर वेम्बू मुख्य भाषण देंगे। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गण्यमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद्, प्रौद्योगिकी और भाषा विशेषज्ञ और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

हरित क्रांति के जनक डॉ. स्वामीनाथन का आज होगा अंतिम संस्कार

चेन्नई। भारतीय हरित क्रांति के शिल्पकार डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्था डॉ एस स्वामीनाथन रिसर्च फाऊंडेशन में दर्शनार्थ रखा गया है। शुक्रवार को फाउंडेशन ने एक बयान जारी कर बताया है कि शुक्रवार को डॉ स्वामीनाथन का पार्थिव शरीर उनके अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की धनराशि से चेन्नई के तारामणि एरिया में स्थापित की गई संस्था के ऑडिटोरियम में सुबह 7 बजे से जनता के दर्शनार्थ रखा जाएगा। फाउंडेशन ने बताया कि शनिवार 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे बेसेंट नगर श्मशान पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मप्रः बालाघाट के जंगल में 14 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

बालाघाट/भोपाल। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सली उन्मूलन में लगे पुलिस बल और हॉकफोर्स को शुक्रवार तड़के एक और बड़ी सफलता हाथ लगी। रूपझर थाना अंतर्गत कुंदल-कोद्दापार और सोंगुदा के जंगल में पुलिस और हॉकफोर्स ने मुठभेड़ में 14 लाख के एक इनामी नक्सली को मार गिराया। उसकी पहचान नक्सली दलम टाडा दडेकसा के सक्रिय सदस्य 25 वर्षीय नक्सली कमलु के रूप में की गई। फिलहाल कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूपझर थाना अंतर्गत कुंदल-कोद्दापार और सोंगुदा के जंगल में एसडीजी बिरसा हॉकफोर्स की जंगल सर्चिंग के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई।

अभिषेक बनर्जी तीन अक्टूबर को ईडी के समक्ष नहीं होंगे पेश

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार सुबह स्पष्ट कर दिया है कि वह नई दिल्ली में एक पार्टी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण तीन अक्टूबर को पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए करोड़ों रुपये के नकद मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता कार्यालय में मौजूद नहीं रहेंगे। यह संदेश खुद बनर्जी ने शुक्रवार सुबह अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, डब्ल्यूबी और उसके उचित बकाया से वंचित होने के खिलाफ लड़ाई बाधाओं के बावजूद जारी रहेगी। विश्व की कोई भी ताकत पश्चिम बंगाल के लोगों और उनके मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने के मेरे समर्पण में बाधा नहीं बन सकती। मैं 2 और 3 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली जाऊंगा। यदि रोक सको तो मुझे रोक लो!

स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी हर प्रयास महत्वपूर्ण : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के लोगों से एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अर्बन द्वारा एक्स पर एक साझा पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे, हम एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आ रहे हैं। स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है। स्वच्छ भविष्य की शुरूआत के लिए इस नेक प्रयास में शामिल हों।" इससे पहले मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा था, "एक अक्टूबर यानी रविवार को सुबह 10 बजे स्वच्छता पर एक बड़ा कार्यक्रम

आयोजित होने जा रहा है। आप भी समय निकालकर स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में मदद करें। आप भी अपनी गली, पड़ोस या किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं।"

उन्होंने कहा कि एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल स्वच्छता अभियान है। यह पहल 'स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा' 2023 अभियान की एक कड़ी है। यह सभी नागरिकों द्वारा एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक घंटे 'स्वच्छता के लिए श्रमदान' करने की प्रधानमंत्री की अपील का अनुसरण करता है।

पीएम मोदी कल तेलंगाना में रखेंगे 13,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को तेलंगाना का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री राज्य में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री 1 अक्टूबर को लगभग 2:15 बजे, महबूबनगर जिले में पहुंचेंगे, जहां वे सड़क, रेल, पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कृष्णा स्टेशन से हैदराबाद (काचीगुडा)-रायचूर-हैदराबाद (काचीगुडा) पहली ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन सेवा तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, महबूबनगर, नारायणपेट जिलों को कर्नाटक के रायचूर जिले से जोड़ेगी। यह सेवा महबूबनगर और नारायणपेट के पिछड़े जिलों के कई नए क्षेत्रों में पहली बार रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे क्षेत्र में छात्रों, दैनिक यात्रियों, मजदूरों और स्थानीय हथकरघा उद्योग को लाभ होगा।

सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

इस्कॉन पर लगाए थे गंभीर आरोप

एजेंसी। नई दिल्ली

बीजेपी सांसद मेनका गांधी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल मेनका गांधी के दावे के बाद इस्कॉन कोलकाता ने उन्हें 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। शुक्रवार को इस्कॉन, कोलकाता के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट डाला। उन्होने लिखा कि मंगलवार को संगठन को सबसे बड़ा धोखेबाज कहने के लिए भाजपा सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा गया है। वहीं दास ने कहा कि आज हमने इस्कॉन के खिलाफ पूरी तरह से निराधार आरोप लगाने के लिए मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। इस्कॉन के भक्तों, समर्थकों और शुभचिंतकों का विश्वव्यापी समुदाय इन

अपमानजनक, निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण आरोपों से बहुत दुखी है। हम इस्कॉन के खिलाफ भ्रामक प्रचार के खिलाफ न्याय की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में मेनका को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि आज भारत में सबसे बड़ा धोखा इस्कॉन है। वे गौशालाएं स्थापित करते हैं, जिन्हें चलाने के लिए उन्हें सरकार से असीमित लाभ मिलता है। उन्हें बहुत बड़ी जमीन मिलती है। मैंने अभी उनकी अनंतपुत गौशाला का दौरा किया। इस्कॉन अपनी सारी गायें कसाई को बेच रहा है। वहीं मेनका ने ये भी कहा कि वे कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है।

आतंकी गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज

क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खालिस्तानी झंडा फहराने की दी थी धमकी

एजेंसी। अहमदाबाद

अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 5 अक्टूबर को होने वाले वर्ल्ड कप क्रिकेट के पहले मैच में खालिस्तानी आतंकी संगठन की धमकी पर अहमदाबाद की साइबर क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच को लेकर धमकी दी है। धमकी का कारण कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लेना बताया गया है। क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत 4 अक्टूबर से होगी। पहले दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला मैच खेला जाएगा। इस पहले मैच को लेकर एक ऑडियो वायरल किया गया है, जिसमें खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खालिस्तानी झंडा फहराने की धमकी दी है। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। पुलिस की दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि हाल में सोशल मीडिया में एक ऑडियो क्लिप वायरल की गई है। इसमें सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच के दौरान हमला करने संबंधी धमकी दी गई है।

राष्ट्रपति ने एनएसएस को पुरस्कार प्रदान किए

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विश्वविद्यालय, एनएसएस इकाइयों और एनएसएस वालंटियर को 2021-22 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार प्रदान किए। यह पुरस्कार 41 व्यक्तियों को सामाजिक सेवाओं में उनके योगदान के लिए दिया गया। पुरस्कार पाने वालों में डॉ. रामबीर सिंह चौहान (उत्तर प्रदेश), डॉ. मिताली कथकटिया (असम), डॉ. रंजन शर्मा (चंड़ीगढ़), डॉ. मलकियत सिंह (हिमाचल प्रदेश), डॉ. राघवेन्द्र आर (कर्नाटक), डॉ. एस. लक्ष्मी (केरल), डॉ. इंदिरा बर्मन (मध्य प्रदेश), डॉ. पवन रमेश नायक (महाराष्ट्र), जोसेफ वनलालह्रुइया सेलो (मिजोरम), डॉ. रेनू विष्ट (उत्तराखंड), बबीता प्रसाद (पश्चिम बंगाल), कुरुबा जयमारुथि (आंध्र प्रदेश), पेल्लाकुरू सात्विका (आंध्र प्रदेश), साजिश अली (असम), मैक्स कुमार (बिहार), बनश्री काकती (असम), सागर रॉय (चंड़ीगढ़), कुमुधिनी साओ (छत्तीसगढ़),

अलीशा अंसारी (छत्तीसगढ़), अनुज (दिल्ली), पटेल सोनल चमनभाल (गुजरात), शालीन मनीष कुमार पटादिया (गुजरात), दीपक सिंह (हरियाणा), काजल कौशिक (हरियाणा), ऋषभ चौधरी (हिमाचल प्रदेश), किफायतुल्लाह मलिक (जम्मू और कश्मीर), अभिषेक रंजन (झारखंड), अंकित लखेरा (मध्य प्रदेश), अक्षिता शर्मा (मध्य प्रदेश), जाह्नवी विजय पेडीवार (महाराष्ट्र), वेदांत सुदाम डाइक (महाराष्ट्र), श्रिया मैनी (पंजाब), शुभम पारीक (राजस्थान), ममता कुमावत (राजस्थान), गुंडे परशुरामुलु (तेलंगाना), दवेरा मनोज खन्ना (तेलंगाना), अली देबनाथ (त्रिपुरा), सुब्रत साहा (त्रिपुरा), लक्ष्य (उत्तर प्रदेश), संजना सिंह (उत्तर प्रदेश) और अभिजीत भुइन (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। इस मौके पर युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक भी मौजूद रहे। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एनएसएस पुरस्कार हर साल एनएसएस वालंटियर, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस इकाइयों और विश्वविद्यालयों/ 2 परिषदों को उनकी स्वैच्छिक सेवा को मान्यता देने के लिए प्रदान किए जाते हैं। एनएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ वर्ष 1969 में शुरू किया गया था। एनएसएस का वैचारिक रुझान महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। एनएसएस का आदर्श वाक्य 'स्वयं से पहले आप' है।

देश ने नौ वर्षों में निर्णय लेने वाला व जीवंत लोकतंत्र देखा : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नौ वर्षों में, केंद्र में स्थिर और निर्णायक सरकार के कारण, देश ने संघीय ढांचे में मजबूत नीतियों और महान टीम वर्क को देखा है। उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यूपीए शासन की 2004 से 2014 की 10 साल की अवधि ने देश को हिलाकर रख दिया, जो राजनीतिक अस्थिरता का अंतिम काल भी था। इसके विपरीत, पिछले नौ वर्षों में प्रदर्शन और निर्णायक नीतियां देखी गईं और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के तहत अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिली है। शाह ने कहा, पिछले नौ साल राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नीति-निर्माण के रहे हैं। इस अवधि के दौरान हमारी जीडीपी 2.03 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 3.75 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो लगभग दोगुनी है। प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 68,000 रुपये से 1.80 लाख रुपये हो गई। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने पिछले नौ वर्षों में भारत को हर क्षेत्र में बदलने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद न केवल व्यापार और उद्योगों में बल्कि देश के हर क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी लोग एक नई गति का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का केंद्र हैं, जहां से उसे ऊर्जा मिलती है। शाह ने कहा कि जब भी कोई कंपनी दुनिया भर में अपना आधार बदलना चाहती है, तो भारत स्थानांतरित करने के लिए एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरता है।

FILMY हलचल

नाना पाटेकर की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' ने दर्शकों को किया निराश

अभिनेता नाना पाटेकर स्टारर 'द वैक्सीन वॉर' शुक्रवार 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया है। 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी सुपरहिट फिल्म देने के बाद विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर'

ने सबका ध्यान खींचा। फिल्म की रिलीज के बाद पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। इस लिहाज से फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' का पहले दिन का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' कोरोना महामारी, उस समय देश के हालात, इस भयानक महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई और भारत में वैक्सीन उत्पादन की कहानी बताती है। तीन साल पहले हुई इस भयानक बीमारी की यादों को ताजा करने वाली ये फिल्म कैसी होगी, इसे लेकर खूब चर्चा हुई, लेकिन पहले दिन की कमाई को देखकर लगता है कि दर्शकों ने इससे मुंह मोड़ लिया है। 'सैक्निल्क' की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, 'द वैक्सीन वॉर' ने रिलीज के पहले दिन महज 1.3 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है।

संजय दत्त का सेंस ऑफ ह्यूमर 'अनरियल' है : सुनील शेट्टी

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी जल्द ही 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' नामक शो के अपकमिंग सीजन में नजर आएंगे। उन्होंने अपने को-स्टार संजय दत्त और सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। सुनील ने कहा कि संजय में हास्य की अवास्तविक समझ है। एक्टर ने साझा किया कि उन्हें संजय के साथ काम करना हमेशा मजेदार लगता है, क्योंकि दोनों के बीच 'शूटआउट एट लोखंडवाला', 'एलओसी : कारगिल', 'दस', 'कांटे' और अन्य फिल्मों में सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। एक्टर ने बताया, "संजय दत्त के साथ काम करना हमेशा अद्भुत होता है।'

ग्रे शेड वाले किरदार निभाना हितेन तेजवानी के लिए दिलचस्प

लोकप्रिय टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी अपनी नई ड्रामा सीरीज 'पशमीना धागे मोहब्बत के' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता कश्मीर में एक अंधेरे अतीत के साथ एक अनसुने पर्यटक अविनाश शर्मा की भूमिका निभाएंगे। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि ग्रे शेड वाला किरदार निभाना एक अनोखा और दिलचस्प अनुभव है। अपने किरदार के बारे में विस्तार से बताते हुए हितेन तेजवानी ने कहा, अविनाश के किरदार को मूर्त रूप देना

रोमांचकारी और मांगलिक दोनों है क्योंकि किरदार में महत्वाकांक्षा और हेरफेर की परतें हैं। ग्रे शेड्स वाला किरदार निभाना काफी दिलचस्प है। साथ ही यह एक नया अनुभव भी है। मेरे प्रशंसकों ने मुझे पहले कभी टेलीविजन पर ऐसी भूमिका निभाते हुए नहीं देखा है। उन्होंने कहा, दर्शकों के लिए अविनाश के अतीत के बारे में सच्चाई को उजागर करना और कश्मीर उनके जीवन में कितनी प्रासंगिकता रखता है, यह भी दिलचस्प होगा। 'पशमीना धागे मोहब्बत के' एक मनोरंजक कहानी प्रस्तुत करता है जो कश्मीर घाटी के खूबसूरत परिदृश्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है। हितेन के साथ, शो में अभिनेता ईशा शर्मा और निशांत मलकानी भी शामिल हैं जो क्रमशः पशमिन्ना और राघव की भूमिका निभाते हैं।

उपलब्धि एलएसी पर नई रणनीतिक सड़क बना रहा है भारत

चीनी सेना की नहीं पड़ेगी नजर

उत्तरी सैन्य अड्डे डीबीओ तक सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही होगी आसान

ससोमा से डीबीओ तक 130 किमी लंबी सड़क का निर्माण नवंबर के अंत तक पूरा होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ऐसी नई रणनीतिक सड़क के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर आगे बढ़ रहा है, जिस पर चीनी सेना की नजर नहीं पड़ सकती। नवंबर के अंत तक तैयार होने वाली यह सड़क भारतीय सेना को चीनियों से सुरक्षित रखेगी। चीन सीमा पर ससोमा से दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) तक यह नई सड़क न

केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि भारत के उत्तरी सैन्य अड्डे डीबीओ तक इस नई सड़क से अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने के लिए सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही आसान होगी। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते लद्दाख के रणनीतिक परिदृश्य को नया आकार देने की होड़ में हिंसक आचरण और सैन्य महत्वाकांक्षाओं के कारण भारत के साथ सीमा विवाद बना हुआ है। भारत और चीन के बीच 19वें दौर की सैन्य वार्ता 13-14 अगस्त को भारतीय सीमा पर चुशुल-मोल्डो में हुई थी। साढ़े तीन साल से चल रहे गतिरोध के बीच यह बैठक सबसे ज्यादा 70 घंटे तक चली, जिसमें दोनों पक्ष लद्दाख सेक्टर में एलएसी के साथ शेष मुद्दों को हल करने पर सहमत हुए। इसके बावजूद चीन लगातार सीमावर्ती इलाकों में अपना बुनियादी ढांचा खड़ा करने से पीछे नहीं हट रहा है। इसी के जवाब में भारत भी एलएसी के सीमावर्ती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाकर अपनी पहुंच को लगातार आसान बना रहा है, क्योंकि चीन के साथ 1962 के युद्ध में भारत को बुनियादी ढांचे की कमी से कई सबक सीखने को मिले थे। इसी क्रम में भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एक दूरस्थ चौकी के पास वैकल्पिक कनेक्टिविटी के लिहाज से एक महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा करने के कगार पर है। नवंबर के अंत तक तैयार होने वाली यह सड़क भारतीय सेना को चीनियों से सुरक्षित रखेगी, क्योंकि इस पर चीनी सेना की नजर नहीं पड़ सकती। साथ ही अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने के लिए सैनिकों, हथियारों और रसद पहुंचाने के लिए आवाजाही आसान होगी। इस परियोजना से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि नई सड़क को एलएसी के उस पार से नहीं देखा जा सकता है, जबकि दरबुक से डीबीओ तक जाने वाली एकमात्र मौजूदा 255 किमी. लंबी सड़क तक चीन की पहुंच आसान है। नुब्रा घाटी में ससोमा से काराकोरम दर्रे के पास डीबीओ तक 130 किमी लंबी सड़क का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। ससोमा और 17,600 फुट ऊंचे सासेर ला के बीच 52 किमी की दूरी में से 46 किलोमीटर को ब्लैकटॉप कर दिया गया है और केवल 6 किलोमीटर ही बचा है। बचा हुआ कार्य पूरा करने के लिए इस समय लगभग 2,000 लोग काम कर रहे हैं। इसलिए साल के अंत तक पूरी तरह से ब्लैकटॉप होने की भी उम्मीद है।

गागर में सागर

बीएयू में मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की मशरूम इकाई के तत्वावधान में चल रहे 28 दिवसीय सफेद बटन मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर शुक्रवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ डीके शाही और विनिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में रांची और पूर्वी सिंहभूम जिले के 24 किसानों और उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त लिया। पौधा रोग विभाग के वैज्ञानिक डॉ एचसी लाल एवं डॉ सविता एक्का तथा कीट विज्ञान विभाग के डॉ मनोज कुमार बर्णवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया, स्पॉनिंग, बैगिंग, प्रोडक्शन प्रक्रिया और हार्वेस्टिंग के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। वर्तमान मौसम में कंपोस्ट तैयार करने के बाद लगभग डेढ़ महीना में क्रॉप आ जाता है और दो माह में कटाई की जा सकती है। तीसरे माह में प्रत्येक सप्ताह एक हार्वेस्टिंग की जा सकती है।

कांके क्षेत्र में जुलूस ईद मिलादुन्नबी प्रशासन की निगरानी में संपन्न

रांची। खान मोहल्ला कांके रोड स्थित खलीफा टॉवर के प्रांगण में खान स्ट्रीट यूथ कमिटी के द्वारा जुलूस ईद मिलादुन्नबी में चल रहे कांके और उसके आसपास के क्षेत्र से निकलने वाले सभी जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। कमिटी के पधाधिकारी गण के साथ प्रशासन का पूर्ण सहयोग भी प्राप्त रहा। और इसी कारण कमिटी के पदाधिकारी गण ने कांके थाना से आए पदाधिकारी जनाब एम मोनाजिर इमाम और उनके सहयोगी को शाल भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर जनाब सैयद खुर्शीद अख़्तर, जावेद खान अध्यक्ष, एम हफीजुद्दीन अंसारी, एम मासूम खान, जनाब एम सरफराज अहमद, प्रोफेसर अन्य लोग उपस्थित रहे।

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के मौके पर भगवान वेंकटेश्वर का हुआ महाभिषेक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शुक्रवार को भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि में भगवान ब्रह्मांडनायक श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का हुआ महाभिषेक। इसके पहले विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, वेंकटेश स्तोत्र, मंगलाशासनम और षोडषोपचार विधि से तिरुवाराधानम हुआ। भांति-भांति के उपचार के बाद श्रीभगवान दंपति को दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल और नारियल युक्त जल से महास्नान कराया गया। श्रीभगवान को सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा और चक्रधरा से पंचसूक्तों, वेद की ऋचाएं और तैत्तिरियोपनिषद महामंत्र का उच्चारण करते हुए क्रमानुसार महाभिषेक हुआ। इसके बाद वस्त्राभूषणों से सुसज्जित करके सुगंधित फूलराशियों से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन किया। फिर घंटानाद के बीच श्रीभगवान दंपति को पोंगल, खीर, फल और मेवा का भोग लगाया और फिर वेद-वेदांत तथा देशिक स्तोत्राणि के स्तोत्रों से स्तवन किया गया। आज के महाभिषेक के यजमान : रमेश- शशि धरनीधरका रांची निवासी हुए। अर्चक : श्री सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने विधिवत अनुष्ठान संपन्न कराया। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया के अलावा सर्वश्री प्रदीप नारसरिया अनूप अग्रवाल गौरीशंकर साबू रंजन सिंह सुशील लोहिया शम्भू नाथ पोद्दार प्रभाष मित्तल एवं भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई।

आगामी चुनाव में कांग्रेस का परचम खूंटी में लहराना है : प्रदीप बलमुचू

रांची। किसी भी हाल में आगामी चुनाव में कांग्रेस का परचम खूंटी में लहराना है। इसके लिए कार्यकर्ता गांव-गांव का दौरा करें और लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस पहल करें। कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचे और उनकी समस्याएं आला अधिकारियों को मिले। ये बातें शुक्रवार को भारत माता कल्याण मंडप तोरपा में आयोजित कांग्रेस के एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व सांसद और आदिवासी मामले के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कही। बलमुचू ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आदिवासी, मुसलमान, गरीब और दलितों पर अत्याचार बढ़ा है। केंद्र सरकार देश में जाति और धर्म के नाम पर विद्वेष फैला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है, उनकी गलत नीतियों के कारण आदिवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे डॉ. सुशील अंकन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर 2023 तक पुणे महाराष्ट्र में होने वाले अखिल भारतीय सांस्कृतिक संगठन संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में झारखंड प्रांत संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार 'अंकन ' हिस्सा लेंगे। ध्यातव्य है कि भारतवर्ष के नामचीन कलाकार संस्कार भारती की इस राष्ट्रीय बैठक में शामिल होते हैं। अंतरराष्ट्रीय चित्रकार वासुदेव कामथ जिन्होंने अक्षरधाम मंदिर के आंतरिक चित्रों को उकेरा, प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक चेतन जोशी, कोकिल कंठा लोक गायिका मालिनी अवस्थी, बी.आर. चोपड़ा द्वारा निर्मित लोकप्रिय धारावाहिक महाभारत के कृष्ण नितीश भारद्वाज, चक्रवर्ती सम्राट अशोक और चाणक्य की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता मनोज जोशी, प्रसिद्ध वायलिन वादक मंजू मैसूर नाथ जैसे कलाकारों के इस बैठक में उपस्थित रहने की पूरी संभावना है।
भारतीय कला संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर एक राष्ट्रीय विमर्श के लिये यह बैठक आयोजित होती है। डॉक्टर सुशील अंकन मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार की इकाई 'पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता' (EZCC) में भी छः वर्षों तक झारखंड राज्य के सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुके हैं।

मनरेगा में गड़बड़ी करने वालों पर विभाग ने दिया कार्रवाई का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
साहेबगंज जिले में मनरेगा योजना में गड़बड़ी और फजीर्वाड़ा की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार को जिले के उपविकास आयुक्त को पत्र लिखकर गबन व फजीर्वाड़ा इत्यादि की जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया है। विभाग ने कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी 48 घंटे उपलब्ध कराने को कहा है। पहले भी इस संबंध में विभाग ने कार्रवाई को कहा था। विभागीय जांच और दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होने के बाद सरकार ने सभी पर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा था लेकिन कार्रवाई कर रिपोर्ट नहीं भेजा गया था। पूरे मामले को उप प्रमुख बोरियो कैलाश प्रसाद ने सरकार के समक्ष संज्ञान में लाया था। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में सरकारी राशि के गबन, दुर्विनियोग या अपव्यय पाये जाने पर सबसे पहले जिम्मेदारी तय करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से गबन की राशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूलने का आदेश दिया गया है। साथ ही दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों को निलंबित कर उनके ऊपर विभागीय कार्यवाही चलाने की अनुशंसा देने को कहा गया है। साथ ही संलिप्त संविदाकर्मियों की संविदा रद करने की भी कार्रवाई की जाये। आपराधिक षडयंत्र व लापरवाही से संबंधित मामलों में विस्तृत सूचना के साथ एफआईआर दर्ज करने को भी कहा गया है।

लघु उद्योग भारती की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची जिला लघु उद्योग भारती की कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री महावीर विकलांग सहायता समिति बरियातू स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने बढ़ती हुई विद्युत शुल्क पर चिंता जताई। बैठक में स्थानीय और प्रांतीय स्तर पर सभी सरकारी विभागों में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व हो, इसका प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रेलवे द्वारा एमएसएमई के लिए आरक्षित सामानों की सूची मंगवा कर उससे संबंधित रेलवे विभाग से अनुरोध कर एक प्रदर्शनी लगाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय महिला सचिव नीतू सिंह को एमएसएमई निदेशक से मिलकर जेम प्रशिक्षण एवं महिला उद्यमियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे मुद्रा लोन योजना का लाभ सरलता से कैसे मिले, इसके प्रशिक्षण की जानकारी देने का दायित्व सौंपा गया। बैठक में रांची जिला के सचिव सत्य प्रकाश पांडेय, प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, कोकर औद्योगिक क्षेत्र लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, सचिव निषांत प्रकाश समेत विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के सदस्य मौजूद थे।

पृष्ठ एक के शेष

छिपादोहर में हथियार के साथ...
अन्य थानों में पांच मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, रंजीत कुमार राम, बीरबल हंसदा आदि शामिल थे।

सरकार का लक्ष्या युवाओं को...
हालांकि मंच के आसपास खड़े कई लोगों को मामूली चोट लगी है। बताया जा रहा है कि बारिश होने के कारण मिट्टी गीला हो गया था। मंच पर क्षमता से अधिक लोगों को चढ़ जाने के कारण मंच गिर गया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता पांकी के सगालीम में कौशल उत्सव सह सम्मान समारोह में भाग लेने पंहुचे थे। मंच गिरने के बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता दर्शन दीर्घा में ही जाकर सभा को संबोधित किया। करीब 20 मिनट तक कार्यक्रम चला उसके बाद सभा को समाप्त कर दी गई।

मंत्री ने कहा : मंच गिरने के बाद पत्रकारों द्वारा सवाल किए जाने पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि भीड़ भाड़ में यह सब होते रहता है। बरसात का समय भी था। कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह कार्यक्रम सरकारी कार्यक्रम है। कोई राजनीतिक मंच नहीं है। किसी और मुद्दा नहीं है, यह लोकतंत्र है। लोकतंत्र में सबका अधिकार है। मंच पर क्षमता से अधिक लोग चढ़ गए थे। ऐसे बड़े कार्यक्रम में इस तरह के छोटा-मोटा घटनाएं होती रहती है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार से जोड़ने का हैं। मंत्री ने कहा कि हमारे पास 15 प्रकार की योजनाएं हैं, जो गरीब को लाभ के लिए प्रचार कर रहे हैं। सरकार की जो योजनाएं हैं, वह धरातल पर दिख रही है और लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रही है। वही बेरोजगारी भत्ता को लेकर सवाल किया गया कि पिछले 3 साल से श्रम नियोजन के तहत लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, उन लोगों को अभी तक बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला है तो इस पर मंत्री ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता देने का प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

हर हाल में ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर...
सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा, स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव के रवि कुमार, श्रम आयुक्त संजीव बेसरा, एसपी सीआईडी संध्या रानी मेहता, पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, सीईओ जेएसएलपीएस संदीप सिंह, समाज कल्याण-सह-परियोजना निदेशक महिला विकास समिति शशि प्रकाश झा एवं अन्य उपस्थित थे।

ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर रोक...
मामलों का निरंतर समीक्षा करते हुए उन मामलों को निष्पादित करें। मामलों की निगरानी करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। ह्यूमन ट्रैफिकिंग में शामिल सिंडिकेट या एजेंसियों पर हर हाल में कार्रवाई सुनिश्चित हो। बच्चों को बाल श्रम की ओर धकेलने वाले दलालों के खिलाफ कड़ी तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वैसे श्रमिक जो घरेलू कार्यों के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं उनका डाटा और पुलिस वेरिफिकेशन सुनिश्चित करें ताकि उन्हें शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण से बचाया जा सके। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित जितने हेल्प डेस्क तथा कॉल सेंटर बनाए गए हैं उन्हें पूर्ण रूप से सक्रिय करें तथा उन सेंटरों का निरंतर समीक्षा की जाए। पंचायत स्तरों में स्थापित कॉमन सर्विस सेंटरों में भी श्रमिकों की डाटा रजिस्टर्ड हो सके इसकी भी व्यवस्था बनाएं।

विश्रामपुर में इलाज के दौरान...
करें। आयुक्त ने बिना लाइसेंस की दवा दुकानों के संचालन एवं एक फॉर्माशिस्ट की डिग्री व प्रमाण पत्र पर दो या दो से अधिक दवा दुकानों के संचालन को अवैध घोषित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निदेश दिया। आयुक्त ने पलामू सिविल सर्जन को निदेशित किया कि वे जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ शीघ्र बैठक कर उनसे इस बात का प्रमाण पत्र लेना सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में एक भी अवैध नर्सिंग होम या क्लीनिक का संचालन नहीं होता है। अवैध रूप से नर्सिंग होम एवं क्लीनिक के संचालन को लेकर स्वयं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई हेतु कठोर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के माध्यम से झोलाछाप डॉक्टरों का पता लगाने एवं उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

आईआईएम का मॉडल...
प्रस्तावित करते हैं, जिसे मैट्रिक्स में फर्म की स्थिति के अनुसार अनुकूलित किया जाता है। मॉडल, जिसे भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तक बढ़ाया जा सकता है, की तीन मुख्य विशेषताएं हैं। सबसे पहला, यह साइबर हमलों के प्रति स्वास्थ्य सेवा संस्थान की भेद्यता का निर्धारण करने में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के मुख्य सूचना अधिकारियों (सीआईओ) की सहायता करता है। दूसरा, यह साइबर हमलों की संभावित गंभीरता का आकलन करने के लिए सामूहिक जोखिम मॉडलिंग को नियोजित करता है। जो अस्पतालों को प्रभाव की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है। अंत में, यह इन साइबर हमलों को कम करने और रोकने के बारे में सिफारिशें प्रदान करता है। आईआईएम का कहना है कि सिफारिशें तर्कसंगत विकल्प सिद्धांत और राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएसटी) द्वारा उल्लिखित मानकों से ली गई हैं। इनमें फायरवॉल और एंटीवायरस समाधान जैसे साइबर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देना शामिल है। यह मॉडल हीट मैट्रिक्स के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल फर्मों के लिए व्यावहारिक साइबर हमले सुरक्षा उपाय भी प्रदान करता है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइबर सुरक्षा प्रभाग द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान, जर्नल ऑफ ऑर्गनाइजेशनल कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स (एबीडीसी ए श्रेणी) में इसे प्रकाशित किया गया है।

कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू

अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्षों के लिए **दिनांक 13/10/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न** में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति वर्ष 2023–24 में अबन्दोबस्त जलकरों को सुरक्षित जमा निर्धारित राशि पर बन्दोबस्ती दिनांक 12/10/2023 तक अपनी अहर्त्ता को पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती ले सकती है।

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 19/10/2023 या इसकी अंतिम तिथि 27/10/2023 को होगी।

क्र0	जलकर का नाम	खाता सं0	खेसरा सं0	रकबा (ए0)	जलक्षेत्र (ए0 में)	वर्षिक सु0 जमा राशि
1	2	3	4	5	6	12
			अंचल – मेदिनीनगर			
1	पुरनी पोखर	59	294	1.58	1.20	5000.00
2	नावा पोखर	59	452	4.10	1.50	8000.00
3	झरीवा आहर	190	732	3.60	1.50	8000.00
4	कोयल नदी घाट	-	-	-	-	2000.00
5	मैला नदी घाट	-	-	-*	-	2500.00
6	कुण्डेलवा आहर	103	325, 326	0.94	0.70	4500.00
7	पीढ़िया चेक डैम	29	03	1.00	0.70	4500.00
8	रजवाडीह तालाब	-	-	1.50	1.10	10000.00
9	के0एन0पीट नं0–02	-	-	1.00	0.70	2200.00
			अंचल – पाटन			
10	सिकीमछली घाट	-	-	-	-	6500.00
11	गंगतुआ तालाब	63	71	1.70	1.45	7500.00
12	दुसेयानी डैम	9	34, 35	1.50	-	8000.00
			अंचल – पाँकी			
13	मंगलपुर आहर	118	872	1.32	0.95	3000.00
14	ताल तालाब	3, 33, 35, 36	168, 170, 171, 142, 173,175	1.94	1.35	1500.00
15	सीरम तालाब	79	520	1.69	1.20	10000.00
16	डंडारकला तालाब	414	668, 667, 663	0.81	0.46	3500.00
17	पाँकी बाजार तालाब	01	237, 3	0.41	0.36	1600.00
18	चोरेया आहर	64	229	1.14	1.07	3000.00
19	पाँकी पईन तालाब	308	2845, 2475	0.14	0.14	2000.00
20	उचहरा तालाब	21	42	1.56	1.25	5000.00
			अंचल – विश्रामपुर			
21	सिगसिगी मछली घाट	-	-	-	-	2200.00
22	रकसाहा मछली घाट	-	-	-	-	2200.00
23	जोगा मछली घाट	200	227	-	-	3000.00
			- 02 –			
24	मलवरिया मछली घाट	-	-	-	-	3000.00
			अंचल – पाण्डू			
25	कुटमू मछली घाट	-	-	7.00	6.12	2000.00
			अंचल – मनातू			
26	झरीबा नाला	-	-	20.00	13.62	10000.00
			अंचल – छत्तरपुर			
27	कंचनपुर आहर	01	229	1.50	1.10	6500.00
			अंचल – लेस्लीगंज			
28	बाँसडीह तालाब	59	427	2.50	1.70	8000.00
29	अम्बा मछली घाट	01	75	2.40	1.60	3000.00

डाक के आवश्यक शर्तें निम्नांकित है :–

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू

PR 307963 Fish(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 12/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 29.09.2023

1. कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	मेराल	RWD/GARHWA/STPKG/09/ 2023-24	1	पहुआ पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से उपाध्याय यादव के घर होते हुए पंचायत भवन तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.06 कि0मी0)	1144.510	ग्यारह करोड़ चौवालीस लाख इक्यावन हजार रूपये।	09 महीना
	मेराल		2	चामा दोहड़ा नदी पुल से मस्जिद होते हुए विश्वनाथ पासवान के घर तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.80 कि0मी0)			
	मेराल		3	गढ़वा रमना पी0डब्लू0डी0 पथ मण्डप से नर्सरी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.05 कि0मी0)			
	मेराल		4	पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड पानी टंकी से पंचायत भवन होते हुए नवका टोला तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.20 कि0मी0)			
	रंका		5	एन0एच0–343 हुरदाग हेमन्त पासवान के घर से भुईयाँ टोला होते हुए बरवाही टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.80 कि0मी0)			
	रंका		6	रंका चिनियाँ कदवा पी0डब्लू0डी0 पथ उतकमित मध्य विद्यालय डाले से डाले ग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.00 कि0मी0)			
	रमकण्डा		7	कछरवा से दाहो तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.05 कि0मी0)			
	चिनीयाँ		8	हथबझवा से उतकमित मध्य विद्यालय हेतारकला होते हुए हेतारखुर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.15 कि0मी0)			
2	गढ़वा	RWD/GARHWA/STPKG/10/ 2023-24	1	पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड झलुआ बड़ी मस्जिद से स्कूल टोला होते हुए रैंग रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.25 कि0मी0)	1301.222	तेरह करोड़ एक लाख बाईस हजार दो सौ रूपये।	09 माह
	गढ़वा		2	छतरपुर रैंग रोड से ईदगाह होते हुए पी0डब्लू0डी0 रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.48 कि0मी0)			
	गढ़वा		3	NH-343 लाली माटी से बगही हसकेर पॉलटेकनीक कॉलेज तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.07 कि0मी0)			
	गढ़वा		4	गढ़वा शाहपुर पेट्रोल पम्प हरैया से उमेश सिंह के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (0.70 कि0मी0)			
	गढ़वा		5	झुरा पी0डब्लू0डी0 पथ से झुरा बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.06 कि0मी0)			
	गढ़वा		6	संग्रहे स्टैण्ड से संग्रहेकला होते हुए पीडब्लू0डी0 रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.60 कि0मी0)			
	गढ़वा		7	कोरवाडीह में टेंढ़वापार पुल से लेकर स्व0 हसन अंसारी के घर भाया प्राथमिक विद्यालय टेढ़वा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.23 कि0मी0)			
	गढ़वा		8	लापो पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ से मस्जिद होते हुए ईमामु शाह के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.23 कि0मी0)			
3	रंका	RWD/GARHWA/STPKG/11/ 2023-24	1	चिनीया पी0डब्लू0डी0 रोड नावाडीह से बेलवादामर होते हुए दुधवल आर0ई0ओ0 मुख्य पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.20 कि0मी0)	1053.352	दस करोड़ तिरपन लाख पैंतीस हजार दो सौ रूपये।	09 माह
	रंका		2	खपरो पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से मोमीनपुर होते हुए मतौली डालटनगंज पी0डब्लू0डी0 रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.45 कि0मी0)			
	रंका		3	रंका रमकण्डा पी0डब्लू0डी0 पथ से जासोबार ग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.05 कि0मी0)			
4	गढवा	RWD/GARHWA/STPKG/12/ 2023-24	1	बेलचम्पा तिलदाग पी0डब्लू0डी0 रोड मसुरिया कला से बाना शहादत शेख के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.70 कि0मी0)	1216.773	बारह करोड़ सोलह लाख सतहत्तर हजार तीन सौ रूपये।	09 माह
	गढ़वा		2	NH-343 से तुलबुला होते हुए बानुटीकर तेनवर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (12.90 कि0मी0)			
5	गढ़वा	RWD/GARHWA/STPKG/13/ 2023-24	1	गढ़वा मझिऑव पी0डब्लू0डी0 पथ से एन0एच0–75 भाया गुर्दी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (10.40 कि0मी0)	1372.968	तेरह करोड़ बहत्तर लाख छियानबे हजार आठ सौ रूपये।	09 माह
	गढ़वा		2	गढ़वा शाहपुर पी0डब्लू0डी0 रोड से अंचला पंचायत भवन होते हुए एन0एच0–343 पचपड़वा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (7.10 कि0मी0)			

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 17.10.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 307977 Rural Work Department (23-24)_D

गागर में सागर

सीएम ने स्वर्ण पदक विजेता महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कृष्णा में भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम और कर्नाटक की पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने आईबीएसए विश्व क्रिकेट टूनार्मेंट (क्रिकेट फॉर ब्लाइंड) में स्वर्ण पदक और पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने रजत पदक जीता। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की कप्तान वर्षा.यू और टीम के खिलाड़ियों दीपिका, गंगव्वा और कर्नाटक की पुरुष टीम के प्रकाश जे, सुनील कुमार, बसप्पा वोडगोल को सम्मानित किया। महिला क्रिकेट टीम ने अगस्त में आईबीएसए विश्व खेलों में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। कर्नाटक राज्य ओलंपिक संगठन के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदा राजू के नेतृत्व में पदक विजेता खिलाड़ियों की टीम ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और अपनी मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और गोविंदराजू के साथ अलग से चर्चा करने और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में गुइलहर्मे अराना शामिल

रियो डी जनेरियो। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने बताया कि गुइलहर्मे अराना को वेनेजुएला और उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 26 वर्षीय खिलाड़ी कैओ हेनरिक की जगह लेंगे, जो इंजरी के कारण बाहर हुए हैं। वहीं, गंभीर चोट के कारण सर्जरी से उबरने के बाद अराना करीब एक साल बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। डिफेंडर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे विश्व कप से चूकने की निराशा से उबरना था लेकिन मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होकर वापस आया हूं। ब्राजील 12 अक्टूबर को कुइआबा में वेनेजुएला से और पांच दिन बाद मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ मैच खेलेगा। ब्राजील ने विश्व कप 2026 के लिए अपने क्वालीफाइंग अभियान की शुरूआत इस महीने की शुरूआत में बोलीविया पर 5-1 की घरेलू जीत और पेरू पर 1-0 की जीत के साथ की।

आईओसी ने एथलीटों की हेल्थ प्रोटेक्शन के लिए बयान जारी किया

जिनेवा। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने एथलीटों के स्वास्थ्य की रक्षा के उद्देश्य से एक नया बयान जारी किया है। आईओसी ने बताया कि यह बयान ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है और खेल में सापेक्ष ऊर्जा की कमी (आरईडी) पर केंद्रित है। इस बयान में बताया गया है कि कैसे एक्सरसाइज के दौरान शरीर में एक सिंड्रोम विकसित होता है जो बर्न की गई कैलरी के कारण बॉडी एफीसिएंसी को प्रभावित करता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईओसी ने कहा कि इसमें खेल में सापेक्ष ऊर्जा की कमी (आरईडी) पर अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त किया है, जो कई शारीरिक प्रणालियों और कार्यों के साथ-साथ एथलीट के प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है और इसे पहली बार 2014 में आईओसी द्वारा एक विशिष्ट इकाई के रूप में मान्यता दी गई थी। बयान में बताया गया कि यह सिंड्रोम अक्सर एथलीटों और उनके कोचों और टीम चिकित्सकों द्वारा पहचाना नहीं जाता है, और कैलोरी सेवन को सीमित करने से कथित अल्पकालिक प्रदर्शन लाभ के कारण 'खेल संस्कृति' द्वारा अनजाने में इसे बढ़ाया जा सकता है। प्रोफेसर मार्गो माउंटजॉय, आईओसी मेडिकल एंड साइंटिफिक कमीशन गेम्स ग्रुप के सदस्य और बयान के मुख्य लेखक ने कहा, कई खेलों में पुरुष और महिला दोनों एथलीटों में यह आम है और हम इसके कारणों, सिंड्रोम के बारे में जागरूकता और स्वास्थ्य और प्रदर्शन के लिए इसके परिणामों के बारे में बहुत कुछ समझते हैं, फिर भी एथलीटों, उनकी चिकित्सा और प्रदर्शन सहायता टीमों के बीच यह कम है साथ ही आम जनता को इसके प्रति जागरूक करना होगा।

10 मीटर पिस्टल शूटिंग में पलक ईशा ने जीता स्वर्ण और रजत

एजेंसी। हांगझोउ

चीन में यह भारत बनाम पाकिस्तान का युद्ध था, पलक गुलिया और ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में पाकिस्तान की किशमाला तलत के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए स्वर्ण और रजत पदक जीता। पलक ने आठ प्रतिभागियों के बीच सातवें स्थान पर क्वालीफाई किया था, जबकि ईशा को 5वें और किशमाला को तीसरे स्थान पर रखा गया था, क्योंकि चीन की नान झाओ और रैनक्सिन जियांग ने क्वालीफाइंग चरण में 581 अंकों के साथ एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाया था। पलक का स्कोर 577, ईशा का स्कोर 579 जबकि पाकिस्तानी निशानेबाज का स्कोर 580 था। हालाँकि, फाइनल में, भारतीयों ने सभी को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण और रजत जीता-पलक गुलिया ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। पाकिस्तान निशानेबाज ने लगातार स्कोर बनाए रखा और कांस्य पदक जीता। फाइनल में पलक का स्कोर 242.1 था, जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड है, जबकि ईशा का स्कोर 239.7 था, जबकि किशमाला का स्कोर 218.2 था।

फाइनल में, दोनों भारतीय निशानेबाज एक अलग क्षेत्र में थे क्योंकि चीनी निशानेबाज फीके पड़ गए और पांच-पांच शॉट के पहले दो राउंड के बाद पदक वर्ग से बाहर हो गए। पांच शॉट के बाद ईशा 50.8 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि हांगकांग की हो चिंग शिंग 50.9 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं। दूसरी सीरीज में पलक ने 50.8 का स्कोर किया जबकि ईशा ने 50.2 का स्कोर करके बढ़त बना ली। हांगकांग की शिंग ने 8.1 और 8.2 के साथ कुल 44.8 का स्कोर किया और पीछे रहीं। वहां से भारतीय निशानेबाज शीर्ष दो स्थानों पर रहीं। हांगकांग की शिंग सबसे पहले बाहर हुई और उनके बाद चीन की नान झाओ थी। वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह, चीन की रैंक्सिन जियांग और चीनी ताइपे की वू चियिंग ने भी इसका अनुसरण किया।

अंततः, ईशा और किशमाला के बीच मुकाबला हुआ और भारतीय खिलाड़ी ने अंतिम श्रृंखला में 9.3 और 9.0 के स्कोर के साथ पाकिस्तानी निशानेबाज को बाहर कर दिया और किशमाला तीसरे स्थान पर रही। फाइनल में रैंकिंग बढ़ाने की क्षमता रखने वाली ईशा ने अंतिम दो श्रृंखलाओं में 9.5 का स्कोर हासिल किया और वह अपनी हमवतन के बाद दूसरे स्थान पर रही।

50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेंस टीम ने जीता गोल्ड

एशियाई खेलों की शूटिंग स्पर्धा में शुक्रवार को भी भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेंस टीम ने भारत को 7वां गोल्ड दिलाया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अखिल शिरोन और स्वप्निल सुरेश ने 1769 स्कोर कर गोल्ड जीता। भारतीय टीम ने 1769 अंकों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। चीन ने रजत और कोरिया गणराज्य ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्या और स्वप्निल ने संयुक्त क्वालीफिकेशन एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई। हालांकि, 587 स्कोर के साथ अखिल पांचवें स्थान पर रहेने के बावजूद, प्रति राष्ट्र दो खिलाड़ियों के नियम के कारण फाइनल से चूक गए।

एशियन गेम्स में होगी भारत-पाक की टक्कर

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने चल रहे 19वें एशियाई खेलों हांगझोऊ-2022 में अपना शीर्ष प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन मैचों में तीन जीत हासिल की हैं, लेकिन अब भारत की टक्कर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी। एशिया खेलों में भारत दमदार फॉर्म में है। भारत ने पूल ए मैच में उज्बेकिस्तान पर 16-0 से जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत की थी। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने सिंगापुर पर भी 16-1 से जीत दर्ज की। फिर, गुरुवार को भारत ने 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान के खिलाफ अपनी जीत कि लय बरकरार रखते हुए 4-2 से जीत दर्ज की। अब, शनिवार को भारत की टक्कर पाकिस्तान से होगी। भारत की तरह पाकिस्तान टीम भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसने अब तक खेले तीनों मैच जीते हैं। पाकिस्तान ने अपने अभियान की शुरूआत सिंगापुर पर 11-0 से जीत के साथ की। फिर, बांग्लादेश पर 5-2 से और उज्बेकिस्तान पर 18-2 से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बोलते हुए, भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि टीम ने टूर्नामेंट में अब तक अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा है, जो पाकिस्तान के खिलाफ काम आएगा। हरमनप्रीत ने आगे कहा, जब भी पाकिस्तान के खिलाफ मैच होता है तो ड्रेसिंग रूम में हमेशा उत्साह होता है। प्रशंसक हमेशा इस मुकाबले का आनंद लेते हैं। पाकिस्तान के पास एक ठोस टीम है जो वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसलिए, हम जानते हैं कि हमें अच्छा खेलना होगा और उनके खिलाफ जीत हासिल करने कि हमारी पूरी कोशिश है। हम अब तक के नतीजों से प्रेरित हैं और हम टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं। दोनों टीमें आखिरी बार अगस्त में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के पूल मैच में भिड़ी थी, जहां भारत ने 4-0 से मैच जीता था। 2013 के बाद से भारत और पाकिस्तान 24 बार आमने-सामने हुए हैं, जिसमें 16 बार भारत को जीत मिली है। जबकि, 5 बार पाकिस्तान को जीत मिली है और तीन मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं।

मीराबाई की नजरें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक पर

स्नैच में 90 किग्रा भार उठाने का दबाव होगा

एजेंसी। हांगझोउ

भारत की अनुभवी भारोत्तोलक मीराबाई चानू एशियाई खेलों में शनिवार से यहां शुरू हो रही भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जब चुनौती पेश करने के लिए उतरेंगी तो उन पर स्नैच वर्ग में 90 किग्रा का भार उठाने का दबाव होगा। मणिपुर की इस खिलाड़ी के लिए हालांकि इन खेलों में पोडियम स्थान हासिल करना आसान नहीं होगा। भारोत्तोलन में चीन, उत्तर कोरिया और थाईलैंड जैसे देशों का दबदबा रहा है। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू 49 किग्रा भार वर्ग में दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रही है। वह हालांकि स्नैच वर्ग में 90 किग्रा का भार उठाने में संघर्ष कर रही है। क्लीन एवं जर्क में वह 119 किग्रा के साथ अब भी दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में है लेकिन स्नैच में खराब प्रदर्शन से उनका कुल भार प्रभावित हो रहा है। स्नैच में चानू का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88 किग्रा है। उनके भारवर्ग में सात खिलाड़ियों ने 90 किग्रा या उससे ज्यादा का भार उठाया है। इसमें से चीन की दो बार की विश्व चैंपियन जियांग हुइहुआ, उत्तर कोरिया की री सोंग गम और थाईलैंड की थान्याथोन सुकचारोएन एवं सुरोडचाना खंबाओ एशियाई खेलों में चुनौती पेश करेंगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में 90 किग्रा (स्नैच में) का आंकड़ा पार करना है। काफी समय हो गया है जब से हम उस बाधा को पार करने का प्रयास कर रहे हैं।' भारोत्तोलन में बिंदियारानी देवी महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।

राजकोट में रोहित शर्मा का आईफोन हुआ चोरी

नई दिल्ली। राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हाल ही में समाप्त हुई भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के तीसरे वनडे मैच से पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने अपना आईफोन खो दिया था। विशेष रूप से हिटमैन का फोन तब गायब हो गया जब अनुभवी सलामी बल्लेबाज तीसरे वनडे से पहले नेट्स में अभ्यास कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक रोहित का फोन गायब होने की खबर तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो गई। हालांकि, इस विषय ने कप्तान को ज्यादा परेशान नहीं किया क्योंकि उन्होंने अंतिम वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी क्लास का प्रदर्शन किया। रोहित सीरीज के पहले दो वनडे में नहीं खेल पाए थे लेकिन राजकोट में आखिरी वनडे के लिए लौटे और मुकाबले में सनसनीखेज प्रदर्शन किया। भारत के मैच हारने के बावजूद रोहित ने अपना प्रभाव जाहिर करना सुनिश्चित किया। 353 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ने केवल 286 रन बनाए रोहित 57 गेंदों में 81 रनों के स्कोर के साथ भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाए।

ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप 2023 का फाइनल मैच

हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिसा और हॉकी झारखंड के बीच होगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा की टीम महिला/ पुरुष दोनों वर्गों के लीग मैचों में टॉप पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाया तथा हॉकी झारखंड भी दोनों वर्गों के लीग मैचों में दूसरा स्थान लेते हुए फाइनल में प्रवेश किया। 24 सितंबर से 1 अक्तूबर तक रांची में आयोजित पहला हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में आज छठे दिन महिला वर्ग में तीन और पुरुष वर्ग में दो मैच खेले गए। महिला वर्ग में हॉकी मणिपुर ने हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा, हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा की टीम 03-03 गोल की बराबरी पर रही वन्ही हॉकी बिहार ने हॉकी असम को 11-00 से तथा हॉकी झारखंड ने हॉकी बंगाल को 12-00 से पराजित किया।

पुरुष वर्ग में हॉकी बिहार ने हॉकी असम को 3-0से तथा को हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा ने हॉकी झारखंड को 5-1 गोल से पराजित किया।

हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा की टीम महिला/ पुरुष दोनों वर्गों के लीग मैचों में टॉप पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाया तथा हॉकी झारखंड भी दोनों वर्गों के लीग मैचों में दूसरा स्थान लेते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दोनों वर्गों के लीग मैचों में हॉकी मणिपुर तीसरा तथा हॉकी बिहार चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ये दोनों टीम कल आपस में तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेलेंगे। जबकि फाइनल मैच हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिसा और हॉकी झारखंड के बीच होगा।

भारतीय बैडमिंटन पुरुष टीम सेमीफाइनल में

37 साल बाद पदक पक्का

महिला टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर 19वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और 37 साल के अंतराल के बाद ऐतिहासिक पदक पक्का किया। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। आखिरी बार पुरुष टीम ने 1986 के सोल संस्करण के दौरान इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पदक हासिल किया था। प्रकाश पादुकोण और सैयद मोदी जैसे दिग्गजों ने टीम का नेतृत्व किया, जिसमें विमल कुमार, रवि कुंटे, उदय पवार, सनत मिश्रा और लेरॉय डिसा शामिल थे। विश्व के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने प्रिंस दहल को 21-5, 21-8 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे मुकाबले में सुनील जोशी को 21-4, 21-13 से हराकर भारत को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया। फिर, मिथुन मंजुनाथ ने मैच 3 में बिष्णु कटुवाल को 21-2, 21-7 से हराकर पुरुष टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में भारत की प्रगति को सील कर दिया। हालांकि, महिला टीम क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय स्टार पीवी सिंधु पहले मैच में पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-14, 15-21, 14-21 से हार गईं, जबकि गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी को किट्टीथाराकुल और प्राजोंगजई से 19-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच में अश्मिता चालिहा बुसानन ओंगबामरुंगफान से 9-21, 16-21 से हार गईं। सिंधु ने शुरूआती बढ़त ले ली, लेकिन चोचुवोंग ने वापसी करते हुए अगले दो गेम जीत लिए, जिससे थाईलैंड को 1-0 की बढ़त मिल गई। भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना आखिरी महिला टीम पदक इंचियोन में 2014 संस्करण में जीता था। सिंधु और अश्विनी पोनप्पा उस सफलता का हिस्सा थीं।

कांके में दो दिवसीय स्व. अर्जुन बैठा मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शुक्रवार को गांधीनगर बैंडमिंटन एकेडमी कि ओर से कांके रोड में दो दिवसीय स्व. अर्जुन बैठा मेमोरियल बैंडमिंटन टूर्नामेंट का समापन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में पलामू के पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, भारतीय जनता पार्टी अनुसूसुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी जी एवं समाजसेवी विवेक झा उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अथिति के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी आनंद कुमार साही, नितिन प्रसाद, जी उपस्थित थे। इस अवसर पर 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक गोविंद झा, डी दास, कौशल कुमार, आदि कई लोग उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है

सीनियर वर्ग में : प्रथम तन्मय और द्वितीय जोहेब रहे।

जूनियर वर्ग में : प्रथम तेजस, द्वितीय अनुराग और तृतीय संयुक्त रूप से अविनाश और धनजय रहे।

इंडियन प्रीमियर लीग | मो बोबाट बने आरसीबी के क्रिकेट निदेशक

बोबाट के नेतृत्व में इंग्लैंड ने जीता था विश्व कप

एजेंसी। बेंगलुरु

इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के परफार्मेंस डायरेक्टर मो बोबाट को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपना क्रिकेट निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। 40 वर्षीय बोबाट 12 वर्षों से ईसीबी के साथ हैं और 2019 से परफार्मेंस डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में इंग्लैंड ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और वनडे विश्व कप जीता था। बोबाट और आरसीबी के मौजूदा मुख्य कोच एंडी फ्लावर पहले इंग्लैंड के साथ मिलकर काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर साथ आकर वे आरसीबी में नए बदलाव लाने और उसे सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने कोशिश करेंगे। बोबाट आरसीबी के साथ प्रतिभाओं की भर्ती और परफार्मेंस से जुड़ी योजनाओं की देखरेख करेंगे, और निरंतर सफलता के लिए एक अलग तरह की टीम सांस्कृतिक और उच्च प्रदर्शन के लिए जरूरी नींव स्थापित करने का लक्ष्य रखेंगे। बोबाट की नियुक्ति के बारे में डियाजियो इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, हमें आईपीएल में आरसीबी के क्रिकेट निदेशक के रूप में मो बोबाट का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। बोबाट ने पहले ही साबित कर दिया है कि वह इंग्लैंड के साथ इसी तरह की भूमिका में क्या-क्या कर सकते हैं, और मेरा मानना है कि विशेषज्ञता और वर्षों के अनुभव के साथ, वह आरसीबी को नई ऊंचाईयों तक जाने में मार्गदर्शन करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के उपाध्यक्ष और प्रमुख राजेश वी मेनन ने कहा, क्रिकेट निदेशक का पद हमारी इलीट परफार्मेंस की दीर्घकालिक रणनीति के विकास में एक महत्वपूर्ण पद है। हमारा मानना है कि मो बोबाट के पास हमें इस क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए पर्याप्त ज्ञान और जरूरी विशेषज्ञता है।" बोबाट ने कहा, मैं आरसीबी में क्रिकेट निदेशक के रूप में शामिल होने पर उत्साहित और गौरवान्वित हूं। आरसीबी एक काफी मशहूर टीम है और इसका जबरदस्त फैन बेस है। इसी कारण यह दुनिया में सबसे अधिक पहचानी जाने वाली फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है। ऐसे क्लब के लिए काम करना बहुत बड़ा सम्मान होगा। माइक हेसन और संजय बांगर दोनों के काम को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है, जो उन्होंने हाल के वर्षों में प्रदान की है। उन्होने कहा, मैं वास्तव में एंडी फ्लावर के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, जिन्हें मैं अच्छी तरह से जानता हूं। वह कमान संभालेंगे और आरसीबी को वह सफलता दिलाएंगे जो वह चाहते हैं। जब समय आएगा, मैं भारी मन से ईसीबी छोड़ दूंगा।